• देते हैं, जिससे वे उस समाज में एक मानदण्ड के रूप में प्रतिष्ठित हो जाती हैं। समाज के सभी सदस्य उस भाषा से ही अपनी पहचान, सम्मान एवं योग्यता को जोड़कर देखने लगते हैं। यह बहुभाषिकता के लिए खतरनाक है। भारतीय परिदृश्य में भी परिस्थितियाँ कुछ ऐसी ही हैं। आज भारत में अंग्रेजी एक वर्चस्वशाली भाषा की स्थिति में है। यह उच्च एवं संभ्रांत वर्ग की भाषा मानी जाती है और लोग इसे पद, प्रतिष्ठा एवं रोजगार से जोड़कर भी देखते हैं। डॉ. राम मनोहर लोहिया का भी मानना था कि, "अंग्रेजी के साथ–साथ जो रूतबा और पैसा जुड़ा हुआ है, इसलिए अंग्रेजी चल रही है" (लोहिया, 2013, पृ. 88) 1आज अंग्रेजी वैश्विक रूप एक शक्तिशाली भाषा है। विद्यालय से लेकर बाजार तक यह भाषाई पदानुक्रम में सबसे ऊपर स्थित है। अतः ऐसे परिदृश्य में अभिभावक भी अपने बच्चों को अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों में ही पढ़ाना चाहते हैं, जिससे उन्हें अपनी सफलता के पर्याप्त अवसर प्राप्त हो सकें। "हमारी प्रारम्भिक से उच्च शिक्षा तक आज भी अंग्रेजी की मुहताज है या बना दी गई है। धीरे–धीरे पूरी शिक्षा पद्धति अंग्रेजी के मकड़जाल में और फँसती जा रही है। गाँव–गाँव में इंग्लिश मीडियम में बच्चों को पढ़ाने का चलन बढ़ा है" (मिश्र, 2017, पृ. 12)।

इस प्रकार शैक्षिक व्यवस्था में एक ही भाषा का यह बढ़ता हुआ वर्चस्व शिक्षा में बहुभाषिकता को प्रतिकूल रूप से प्रभावित कर रहा है।

• भारतीय शैक्षिक व्यवस्था में बहुभाषिकता के विकास के मार्ग में एक अन्य सबसे प्रमुख

चुनौती भारत की भाषाई राजनीति है। स्वतंत्रता के पश्चात् 1960 के दशक में भारत में भाषा की राजनीति विकराल एवं जटिल रूप में उभरी है। राजनीतिक दलों ने अपने संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए भाषा के आधार पर लोगों की क्षेत्रीय भावनाओं को बढ़ावा दिया। एक ओर उत्तर भारत के राज्यों में 'अंग्रेजी विरोधी' प्रदर्शन एवं उपद्रव हुए तो दूसरी ओर दक्षिण के राज्यों के नेताओं को ऐसा लगा कि उन पर हिंदी थोपी जा रही है। अतः उन्होंने 'हिंदी विरोध' को उग्र रूप दिया, जैसे – तमिलनाडु में 'द्रविड़ मुनेत्र कड़गम' ने 1965 ई. में एक विशाल भाषा आंदोलन को प्रायोजित किया और 1967 ई. के चुनाव में इसने भाषाई आंदोलन की पृष्ठभूमि में चुनाव लड़कर राजनीतिक सफलता भी प्राप्त की। इस प्रकार इन संकीर्ण भाषाई आंदोलनों से भारतीय शैक्षिक व्यवस्था में बहुभाषिकता प्रतिकूल रूप से प्रभावित हुई एवं इससे अंग्रेजी का भाषाई वर्चस्व और बढ़ा एवं अन्य क्षेत्रीय भाषाओं का विकास अवरुद्ध हुआ। इसने भाषाई असहिष्णुता को बल प्रदान किया। हमारे देश में विद्यालयों की संरचनात्मक बाधाएँ भी बहुभाषिकता को बढ़ावा देने में कठिनाई उत्पन्न करती हैं। विद्यालय के पास प्रत्येक विषय के शिक्षण के लिए कुछ निर्धारित समय होता है और इस निर्धारित समय में ही शिक्षकों को अपना पाठ्यक्रम पूरा करना पड़ता है।

शिक्षकों के पास बहुभाषिकता को बढ़ावा देने हेतु नवीन रणनीतियों के निर्माण के लिए पर्याप्त समय नहीं होता है। उन्हें शैक्षणिक गतिविधियों के अतिरिक्त अन्य गैर–शैक्षणिक शासकीय कार्य भी करने पड़ते हैं। अतः इससे शिक्षा में बहुभाषिकता का विकास अवरुद्ध होता है। भारत में शिक्षक–प्रशिक्षण का दोषपूर्ण पाठ्यक्रम भी शिक्षा में बहुभाषिकता के समक्ष एक प्रमुख चुनौती है। हमारे देश में शिक्षकों का प्रशिक्षण इस ढंग से नहीं हो पा रहा है कि वे विभिन्न सांस्कृतिक,

सामाजिक, क्षेत्रीय एवं भाषाई पृष्ठभूमि से आने वाले बच्चों की भाषाई विशिष्टताओं को समझ सकें, उनसे उनकी भाषा में विमर्श कर सकें तथा उनके प्रश्नों को संबोधित करते हुए कक्षा में विमर्श का एक बहुभाषिक वातावरण तैयार कर सकें।

• हमारे देश की दोषपूर्ण भाषा–नीति भी शिक्षा में बहुभाषिकता के मार्ग में अवरोध उत्पन्न करती है। भारत में सैकड़ों भाषाएँ एवं बोलियाँ बोली जाती हैं। किंतु हमारे संविधान में मात्र 22 भाषाओं को ही आठवीं अनुसूची में संवैधानिक दर्जा दिया गया है। प्रश्न उठता है कि आठवीं अनुसूची में भारत की जिन भाषाओं को हमने स्थान दिया है, उसका आधार क्या है? और जिन भाषाओं को उसमें स्थान नहीं दिया गया है, वह किस आधार पर नहीं दिया गया है? इसके साथ ही हमारे देश में ऐसी बहुत–सी भाषाएँ हैं, जिन्हें स्थानीय बोलियाँ कहा जाता है। इन्हें महत्वहीन मानकर क्या हम इनके बोलने वालों के साथ अन्याय नहीं कर रहे हैं। एक बहुभाषिक राज्य में भाषा और बोली में फर्क करना अनुचित, अन्यायपूर्ण, अमानवीय तथा जनतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। इस संदर्भ में लिंग्विस्टिक इंपीरियलिज्म पुस्तक में रॉबर्ट फिलिपसन द्वारा उद्धृत फ्रांसीसी भाषा–विज्ञानी काल्वेत का यह कथन हमेशा याद रखने लायक है कि, "बोली और कुछ नहीं केवल एक हरा दी गयी भाषा है और भाषा एक बोली ही है, जो राजनीतिक रूप से जीत गयी है" (उपाध्याय और उपाध्याय, 2008, पृ. 44)।

इस प्रकार स्पष्ट है कि इन स्थानीय बोलियों को हमने अपने शैक्षिक पाठ्यक्रम और विमर्श का हिस्सा नहीं बनने दिया, जिससे आज अधिकांश बोलियाँ विलुप्तता के कगार पर पहुँच गई हैं। इससे बहुभाषिकता को गहरा आघात पहुँचा है। इसके साथ ही हमने शैक्षिक व्यवस्था में त्रिभाषा फार्मूले को भी उसकी अवधारणात्मक कमियों को दूर कर सच्ची भावना के साथ लागू करने का प्रयास नहीं किया है।

इसके अलावा, भारत की अनेक क्षेत्रीय भाषाओं एवं बोलियों को वैज्ञानिक एवं तकनीकी रूप से हमने समृद्ध बनाने का सच्चे मन से प्रयास नहीं किया। जिसके कारण ये भाषाएँ उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान की भाषा नहीं बन सकीं तथा लोगों का इनसे मोहभंग हुआ और शैक्षिक व्यवस्था में कुछ भाषाओं का वर्चस्व स्थापित हो गया। ''अगर आजादी के बाद भारतीय भाषाओं का विकास किया गया होता तो हमारी भाषाएँ अंग्रेजी से टक्कर ले सकती थीं। लेकिन उनका विकास नहीं किया गया और अंग्रेजी को विभाजन के औजार के रूप में बनाये रखा गया। इसी का नतीजा है कि हमारी भाषाओं में विज्ञान एवं तकनीकी की बहुत सारी शब्दाबली नही हैं और अंग्रेजी की शब्दाबली से काम चलाना पड़ता है।

सामाजिक जीवन से जुड़ी होती हैं। शैक्षणिक विमर्श में यदि इन बोलियों को सम्मिलित किया जाए तो इससे भी बहुभाषिकता को बढ़ावा मिलेगा। इस तथ्य पर बल देते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा 'भारतीय भाषाओं के शिक्षण' पर गठित राष्ट्रीय फोकस समूह का आधार पत्र में भी कहा गया है कि, "यदि हम चाहते हैं कि ऐसा जनतंत्र पनपे जिसमें सभी की भागीदारी संभव हो सके तो हमें प्रत्येक बच्चे को उसकी भाषा में सुनना होगा.... त्रिभाषा–सूत्र को कार्यान्वित करने के लिए कड़े नियमों के बजाए बहुभाषिकतावाद को बनाये रखने व इसे जीवंतता प्रदान करने का प्रयास किसी भी भाषा, योजना का केन्द्र होना चाहिए" (राष्ट्रीय फोकस समूह का आधार पत्र, 2009, पृ. 21)।

इसके साथ ही, शिक्षा में बहुभाषिकता को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक है कि हम अपनी क्षेत्रीय भाषाओं एवं बोलियों को संरक्षित एवं विकसित कर वैज्ञानिक एवं तकनीकी रूप से उन्हें दक्ष बनाएँ। जिससे ये भी इंटरनेट, उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान की भाषा बन सकें तथा इन क्षेत्रों में कुछ भाषाओं का जो वर्चस्व स्थापित है, वह समाप्त हो सके। शिक्षा में बहुभाषिकता के लिए जरूरत इस बात की है कि पाठ्यचर्या निर्माता, पाठ्यपुस्तक लेखक, शिक्षक, माता–पिता या अभिभावक बहुभाषिकता की महत्ता को समझें ताकि वे बच्चों को अपने इर्द–गिर्द मौजूद सांस्कृतिक और भाषिक विविधता के प्रति सुग्राही बना सकें और उन्हें अपने विकास के संसाधन के रूप में प्रयुक्त करने के प्रति प्रोत्साहित करें। इस तथ्य पर बल देते हुए राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् द्वारा 'भारतीय भाषाओं का शिक्षण' पर गठित राष्ट्रीय फोकस समूह का आधार पत्र में भी कहा गया है कि, "हम पाठ्यचर्या निर्माताओं, पाठ्यपुस्तक लिखने वालों, शिक्षकों और माता–पिता का ध्यान अल्पसंख्यकों व आदिवासियों द्वारा बोली जाने वाली भाषाओं और विलुप्तता के कगार पर खड़ी भाषाओं की ओर दिलाना चाहते हैं। ये भाषाएँ हमारी समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं और ज्ञान व्यवस्था का खजाना हैं और हमें उन्हें जीवंत रखने का हर सम्भव प्रयास करना चाहिए। विद्यालयी पाठ्यचर्या में इनके लिए प्रावधान रखकर ही हम इस कार्य को सम्पन्न कर सकते हैं" (राष्ट्रीय फोकस समूह का आधार पत्र, 2009,)।

यही बात राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005 में भी कही गई है कि, "बच्चे प्रारम्भ से ही बहुभाषिक शिक्षा प्राप्त कर सकें। 'त्रिभाषा फार्मूला' को उसके मूलभाव के 'त्रिभाषा–फार्मूला' साथ लागू किए जाने की जरूरत है, ताकि वह बहुभाषी देश में बहुभाषी संवाद के माहौल को बढ़ावा दे" (राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005,) ।

इस प्रकार, भाषा को लेकर पाठ्यचर्या में ऐसी नीति अपनाने से विद्यालयों में बहुभाषिकता को बढ़ावा मिलेगा। शिक्षा में बहुभाषिकता को प्रोत्साहित करने के लिए अध्यापक–प्रशिक्षण कार्यक्रम, शिक्षकों को भाषा की प्रकृति, संरचना और प्रकार्यों, भाषिक सम्प्राप्ति, भाषिक परिवर्तनों एवं विविध

Value Based Education Need of time

S.M.Tahseen Alam Quadri
Asst. Prof.

Value education means inculcating in the students, a sense of humanism, a deep concern for the well being of others and the nation. Value education teaches us to preserve whatever is good and worthwhile in what we have inherited from our culture.

Dr. A. P.J Abdul Kalam, our honorable President in his book remarked that “If” you are a Teacher in what ever capacity, you have a very special role to play because more then anybody else it is you who are shaping the future generation. A teacher has a higher responsibility as compared to other professionals an as students look upon the teacher as an embodiment of perfection. Education has long been recognized as a central elements in is development.There is an acute need for incorporative values on the realms of religion, education social service, economics and politics in India.

The term “value” refers to a development of "heart". Value-based education is highly needed in our modern society because our lives have become more miserable. The quantity of education has considerably increased, but the quality has decreased, why? Therefore we need value based education. Importance of Education tells us the values education in of our life. Education means a lot in everyone's life as it facilitates our learning, knowledge Skills. It completely changes our mind and personality and help us to attain in positive attitudes. School education plays great role in everyone's life. Value based education is very important tools for everyone to succeed in life and get something different. Without the knowledge of values Society can not sustain. Values tell a man to differentiate between good and bad. They bring quality and meaning to our life. Values gives a persons his identity and character.

Impact of Digitalization of Education

Chandra Bhushan Mishra
Asst. Prof.

In 21st century teachers are expected to become technologically oriented and responsible not only for their teaching but also for their students’ learning. The digitalization of education play a vital role for knowledge access such as e-education, e-governance, e-heath, e-commerce information and knowledge delivery strategies and pedagogical skills for teachers towards handling classes in teaching etc.

The digital knowledge serves as a tool for knowledge indicators for knowledge access and sharing information. The effect of e-knowledge communication access and its impact on knowledge sharing values for sustainable development in education sectors. Highlights the policy guidelines for issues related sources and implementing strategies for promoting Teacher Education and empowering students in education sectors towards sustainable development in present Digital Knowledge Society.

प्रिन्ट मीडिया और मूल्य शिक्षा का व्यक्तित्व पर प्रभाव

मो0 निजामुद्दीन
सहायक प्राध्यापक

शिक्षा और देश की प्रगति इन दोनों में सकारात्मक सहसंबंध है । शिक्षा भी ऐसी होनी चाहिए जिससे व्यक्ति को अंतर्निहित शक्तियों का सर्वांगीण विकास हो । यह संपूर्ण विकास तभी हो सकता है जब शिक्षा को मानव मूल्यपरक बना सके , इसका मतलब मानव को जीवन सार्थक रूप से जीने के लिए जो संपूर्ण विश्व में सामाजिक , धार्मिक , नैतिक मूल्य हैं उनको शिक्षा से जोड़ा जाय । सर्वांगीण विकास का अभिप्राय शारीरिक , मानसिक , आध्यात्मिक , भावात्मक , सामाजिक तथा नैतिक मूल्यों का विकास करना है ।

"मूल्य वही होते हैं जो व्यक्ति के अंतर्मन की गहराई से लेकर उन तमाम अच्छे गुणों का पालन अपने आचरण में लाए "। कोई भी मूल्य आपस में लड़ना , झगड़ना नहीं सिखाता , किसी को द्वेष नहीं सिखाता , किसी पर क्रोध , मत्सर , हीनता नहीं सिखाता । मनुष्य जन्म से लेकर अपने अंतिम समय तक सीखता रहता है , जिससे उसके अनुभवों में अभिवृद्धि होती रहती है तथा वह ऐसे अनुभव प्राप्त करता है जो उसके व्यवहार को निर्देशित करते हैं । ये निर्देशक तत्व जीवन को दिशा प्रदान करते हैं । इन्हें ही मूल्य कहते हैं । आलपोर्ट का मत है कि "मूल्य एक मानव विश्वास है जिसके आधार पर मनुष्य वरीयता प्रदान करते हुए कार्य करता है ।"

प्राचीनकाल से ही गुरुकुल की शिक्षा में मानव मूल्यों की शिक्षा दी जाती थी । वैदिककाल में धर्म , कर्म , काम , मोक्ष पर आधारित शिक्षा व्यक्ति को अच्छा व्यक्ति बनाने तथा उसके विकास के लिए दी जाती थी । जैन दर्शन में पांच महाव्रत अहिंसा , सत्य , अस्तेय , ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह और दस गुणधर्म क्षमा , कोमलता , सत्य , सरलता , संयम , मन तथा शरीर की शुद्धता , तप , त्याग , अमरत्व और ब्रह्मचर्य इन पांच महाव्रतों और दस गुणधर्म को जिसने अपने जीवन में स्थान दिया हो उन्हीं को शुद्ध रूप से सच्चरित्र व्यक्ति कहा गया है । बौद्ध शिक्षा में समानता , बन्धुता तथा नैतिक जीवन आचरण को शिक्षा का प्रमुख लक्ष्य माना है । ' अत्त दिप भव ' , ' भवतु सब्ब मंगल ' , ' बहुजन हिताय बहुजन सुखाय ' आदि शिक्षाओं से शिक्षा के हर पक्ष में चरित्र निर्माण पर जोर दिया गया है । तथागत भगवान बुद्ध के द्वारा त्रिशरण , पंचशील , चार आर्यसत्य तथा अष्योगक मार्ग मानव जीवन कल्याणकारी होने के लिए तथा जीवन में दुख – सत्य समझ के उसका निराकरण करने की कुंजी दी है । इसके द्वारा व्यक्ति एक नेक और सदाचारी व्यक्ति के रूप में रूपांतरित हो जाता है तथा विश्व कल्याण हेतु शांति स्थापित करने के लिए आगे बढ़ता है । आज का दौर आज हर शिक्षाशास्त्री और समाजशास्त्री मूल्य शिक्षा की बात बड़े जोर से और दुनिया भर के शब्दों को उलट – पुलट के अपनी लेखन शैली की ताकत से कर रहा है । लेकिन क्या हमारा समाज उन मूल्यों के प्रति प्रभावित है ? आजादी को 75 साल पूरे हुए हैं फिर भी आज देश में मूल्यहीनता या अनैतिकता का दिन – ब – दिन बोलबाला बढ़ रहा है । भरे बाजार में सरे आम कत्ल हो रहे हैं । हिंदू – मुस्लिम के धर्म के नाम पर दंगे होते जा रहे हैं , गोधरा कांड , अयोध्या कांड , बांबे में 1992 का बम विस्फोट इसी के उदाहरण हैं । ऊंच – नीच की भावना अभी भी बढ़ रही है । हम स्त्री – पुरुष समानता की बात करते हैं लेकिन स्त्रियों के अत्याचार और बलात्कार के प्रमाण बढ़ रहे हैं । धर्म के नाम पर चुनाव जीते जाते हैं । दूधवाला भी दूध में पानी मिलाकर बेचता है । व्यापारी लोग अनाज में कंकड़ मिलाकर बेचते हैं । सरकारी कार्यालयों में बिना रिश्वत के कोई काम नहीं होता । आज ऐसा दृष्टि में आता है कि जो सच्चाई के रास्ते पर चलता है वह भूखा मरता है और जो झूठा है उसी का पेट भरता है । इस प्रकार आज समाज में चारों ओर नैतिक , सामाजिक , सांस्कृतिक तथा आध्यात्मिक मूल्यों में गिरावट देखने को मिल रही है , इसी की वजह से शिक्षा के क्षेत्र में गिरावट देखने को मिलती है । इसके कारण अनुशासनहीनता , उदासीनता , अनुत्तरदायित्व आदि का जन्म हुआ है । अतः जब तक सही मूल्य शिक्षा के माध्यम से एवं कई प्रसार माध्यमों के जरिए नहीं बढ़ाया गया तो देश के विकास में रुकावट आने से कोई बचा नहीं सकता । राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में भी कहा गया है कि भारत का राजनैतिक एवं सामाजिक जीवन एक ऐसे कंटकाकीर्ण मार्ग से गुजर रहा है जो सदियों से पोषित एवं स्वीकृत मूल्य के लिए खतरा पैदा कर रहा है । समाज में अनिवार्य मूल्यों में निरंतर कमी तथा बढ़ती हुई स्वेच्छाचारिता के कारण पाठ्यक्रमों में परिवर्तन आवश्यक हो गया है ताकि शिक्षा के माध्यम से सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों को विकसित किया जा सके । इसलिए पाठ्यचर्या के माध्यम से भारतीय संविधान में निहित मूल्यों का पोषण कर राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सुसंबद्धता को प्रोत्साहित एवं विकसित करने का दृढ़ता के साथ पक्ष लिया जा रहा है । इस दृष्टि से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के द्वारा चिह्नित दस केंद्रित घटकों को पुनः प्रतिष्ठित करने की आवश्यकता है । ये घटक इस प्रकार है :

1. भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास
2. संवैधानिक दायित्व
3. राष्ट्रीय पहचान के पोषण के लिए आवश्यक विषय – वस्तु
4. भारत की सामान्य सांस्कृतिक विरासत
5. समतावाद
6. लोकतंत्र और पंथ निरपेक्षता

7. स्त्री – पुरुष समानता
8. पर्यावरण का संरक्षण
9. प्रगति में बाधक सामाजिक व्यवधान को समाप्त करना
10. ' छोटा परिवार ' का मानक अपनाना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना ।

भारतीय संविधान के भाग 4 अ के अनुच्छेद 51 अ में मौलिक कर्तव्यों को भी केंद्रित घटकों में शामिल करने की सिफारिशों में कहा है कि " लोकतंत्र , धर्मनिरपेक्षता , समाजवाद , वैज्ञानिक स्वभाव , स्त्री – पुरुष , समता , ईमानदारी , सत्यनिष्ठा , शौर्य , सभी जीवों का आदर , विभिन्न संस्कृतियों एवं भाषाओं आदि मूल्यों का वर्णन करते हैं जो कि राष्ट्र की एकता तथा अखंडता के लिए अनिवार्य है । "विद्यालयी शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2000 के अनुसार " विद्यालयी पाठ्यचर्या में वे तत्व निहित होने चाहिए जो आवश्यक मूल्यों का पूर्ण रूप से संचार करें । प्रत्येक शिक्षक को मूल्य – शिक्षक बनना होगा । प्रत्येक क्रियाकलाप , इकाई और अंतर्क्रिया का परीक्षण मूल्य – पहचान , मूल्य – प्रसार , मूल्य – प्रवलन और इसके पश्चात मूल्यों को अमली जामा पहनने के लिए संतुलित और समुचित कार्यनीति संबंधी निर्णयों के आधार पर निर्णय लेने चाहिए । इन मूल्यों को विद्यालयी लक्ष्यों , स्टाफ और छात्रों की भागीदारी द्वारा विकसित अनुशासन का स्पष्ट उल्लेख करके प्राप्त किया जा सकता है । मूल्य निष्पादन के लिए दो पक्षीय संवाद , कल्याण , संचाएं , जरूरतमंद छात्रों को मदद , उपचारात्मक शिक्षण , पुनर्मूल्यांकन और कमतर उपलब्धियों वाले छात्रों को निरस्त न करने का भाव आवश्यक है । इसके लिए ऐसे नियमों का निर्माण करना आवश्यक होगा जिनसे प्रत्येक छात्र की खेलकूदों , विद्यालयी क्रियाकलापों और उनकी रुचियों से जुड़े कार्यक्रमों में सहभागिता सुनिश्चित की जा सकेगी । "

मूल्य शिक्षा की सामग्री के बारे में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा 2000 के अनुसार " विभिन्न विषयों के लिए पाठ्यपुस्तकें , पूरक पाठ्यसामग्री और अन्य सामान्य वाचन सामग्री में सार्वभौम मानव मूल्यों का समावेश करना होगा । ऐसी सामग्री का सावधानीपूर्वक लिखवाना और उसकी अनवरत समीक्षा करवाना आवश्यक है ताकि वह विपरीत प्रभाव पैदा न करें । वाचन सामग्री सपाट और उपदेशात्मक नहीं होती चाहिए ।वर्तमान में आवश्यकता इस बात की है कि हमारी शिक्षा का आयोजन इस प्रकार हो जिसमें मानवता , राष्ट्रीयता , धर्मनिरपेक्षता , विवेकशील , चरित्र , प्रज्ञा , करुणा , अनुशासन , स्वाभिमान एवं स्वावलंबन के मूल्य हो और यह मूल्य का प्रसार पाठ्यक्रम और मीडिया के द्वारा प्रसारित हो ।

संचार माध्यम (मीडिया)

आज का युग संचार क्रांति का युग है । आज संचार माध्यमों का आकर्षण निरंतर बढ़ता जा रहा है । यह संचार माध्यम किसी वस्तु विचार या घटना को स्वच्छंद एवं मूर्त रूप में हमारे समक्ष प्रस्तुत करते हैं । यह माध्यम अपनी अधिकांश प्रस्तुतियों में भाषा के जरिए समाज में जागृति निर्माण करते हैं तथा समाज के मूल्यों को घर घर में पहुंचाने का कार्य करते हैं । मीडिया मानव व्यवहार के अन्य मनोसामाजिक पक्ष पर भी अपनी अमिट छाप छोड़ रहा है ।

आज के संक्रमणकालीन दौर में सरकार की छवि को बनाने तथा बिगाड़ने में प्रिंट मीडिया , समाचार पत्रों तथा पत्रिकाओं की भूमिका अत्याधिक महत्वपूर्ण हो गई है । वैसे भी ' प्रेस ' को लोकतंत्र में विधायिका , कार्यपालिका , न्याय पालिका के बाद ' फोर्थ स्टेट ' (चौथा स्तंभ) की संज्ञा दी जाती है । लोकतंत्र में सरकार तक जनता को आवाज को पहुंचाने में समाचार–पत्र पत्रिकाएं ही कारगर भूमिका निभाते हैं।

अध्ययन की आवश्यकता

इलेक्ट्रानिक मीडिया– टी.वी., रेडियो तथा इंटरनेट द्वारा देश में विविध क्षेत्र के कार्यक्रमों का प्रसारण किया जाता है , उसी तरह प्रिंट मीडिया–समाचार–पत्रों,

जैसे – अपघात , खून , चोरी , दंगा , हिंसा इस तरह की खबरें ली गई हैं । सांस्कृतिक विभाग में धार्मिक , मनोरंजन , सामाजिक , ऐतिहासिक , शादी , फैशन शो इत्यादि प्रकार की खबरें ली गई हैं । शिक्षा क्षेत्र के अंतर्गत शिक्षा से संबंधित सभी ख़बरें ली गई हैं । अन्य विभाग में आर्थिक व्यापार , विविध विषयों के लेख , भविष्य , कॉमिक्स , विशेष रिपोर्ट , प्रेम , न्याय , क्राइम रिपोर्ट , लॉटरी , कथाएं इन सभी विषयों के लेखें को अंतर्भुत किया गया है ।

विश्लेषण

प्रस्तुत अध्ययन में एक सप्ताह के समाचार पत्रों के आंकड़ों का औसत लेकर प्रतिशत के रूप में प्राप्तांकों को तालिका में प्रदर्शित किया गया है । सबसे तालिका पर दृष्टिपात करने से विदित होता है कि द टाइम्स ऑफ इंडिया में ज्यादा 81. 8% विज्ञापनों की छपाई की जाती है एवं शिक्षा के क्षेत्र के लेख सबसे कम 1.8% और सांस्कृतिक लेख 1.99% हैं । इंडियन एक्सप्रेस में 34.7% विज्ञापनों को छपवाया जाता है तो शिक्षा में 6.69% और सांस्कृतिक क्षेत्र के 6.45% लेख छपाए जाते हैं एवं 14.6% लेख समाचार होते हैं हिंदुस्तान में भी सबसे अधिक 50.78% विज्ञापन और दूसरा क्रमांक समाचारों का आता है जो 11.68% है । इस समाचार पत्र में शिक्षा पर 2.38% सबसे कम लेख एवं सांस्कृतिक क्षेत्र के 3.5% लेख दृ ष्टिपात होते हैं । अन्य लेखों का 20.9% पाया गया है । द हिंदू में सबसे अधिक 39.2% विज्ञापन और सबसे कम शिक्षा क्षेत्र पर 4.28% एवं सांस्कृतिक क्षेत्र पर 6% , न्यूज पर 21.2% लेख पाए जाते हैं ।

चार समाचार पत्रों में से शिक्षा और सांस्कृतिक क्षेत्र के लेख सबसे अधिक द इंडियन एक्सप्रेस में और सबसे कम लेख द टाइम्स ऑफ इंडिया में होते हैं ।

तालिका 2 पर दृष्टिपात करने से विदित होता है कि कुल समाचार पत्रों के विविध लेखों में से सबसे अधिक 60.97% विज्ञापनों को छपवाया जाता है सबसे कम 2.92% लेख शिक्षा क्षेत्र के ऊपर एवं 3.56% सांस्कृतिक क्षेत्र के लेख पाए गए हैं । राजकीय क्षेत्र के लेख 5.26% पाए गए हैं । चार ही समाचार पत्रों में से तीसरा क्रमांक समाचारों का है जिसके 10. 28% लेख छपाए जाते हैं । तो अन्य खबरें 11% और खेल जगत के 5.93% खबरें पाई गई हैं ।

तालिका–1

समाचार–पत्रों के विविध क्षेत्रों के लेखों के आंकड़े

क्रमांक	समाचार–चत्र	राजकीय	न्यूज	विज्ञापन	शिक्षा	सांस्कृतिक	खेल	अन्य
1.	द टाइम्स ऑफ इंडिया	2.21	4.25	81.8	1.8	1.99	2.50	5.37
2.	द इंडियन एक्सप्रेस	11.29	14.6	34.7	6.79	6.45	16.9	9.17
3.	हिंदुस्तान टाइम्स	7.17	11.6	50.7	2.38	3.5	3.5	20.9
4.	द हिंदू	6.5	21.2	39.2	4.28	6.0	12.0	10.5

तालिका–2

कुल समाचार–पत्रों के विविध क्षेत्र के लेखों के प्रतिशत

विविध क्षेत्रों के लेखों के प्रकार	राजकीय	न्यूज	विज्ञापन	शिक्षा	सांस्कृतिक	खेल	अन्य	कुल
प्रतिशत	5.29%	10.28%	60.97%	2.92%	3.5%	5.93%	11.02%	100%

निष्कर्ष

द टाइम्स ऑफ इंडिया , द इंडियन एक्सप्रेस , हिंदुस्तान टाइम्स एवं द हिंदु इन चार समाचार पत्रों का अध्ययन करने से यह निष्कर्ष निकलता है कि प्रिंट मीडिया में सबसे अधिक विदेशी कंपनियों के विज्ञापनों का प्रसारण होता है । दूसरा क्रमांक अन्य विभाग के लेखों का आता है इसमें भी सबसे अधिक आर्थिक व्यापार के लेख होते हैं । क्रिमनल , प्रेम कहानियां , चुटकुले , भविष्य , ई लेख होते हैं जिसमें सामाजिक मूल्य कम पाए जाते हैं । तीसरा क्रमांक न्यूज का आता है जिसमें चोरी , डकैती , दंगा , मस्ती , खून , हड़ताल की अधिक खबरें होती हैं जिससे यह दृष्टिपात होता है कि सामाजिक मूल्य का हनन हो रहा है । शिक्षा और सांस्कृतिक लेखों के माध्यम से और नैतिक मूल्यों का प्रसार समाचार–पत्रों में बहुत कम किया जाता है ।

सुझाव

अध्ययन के निष्कर्ष यह इंगित करते हैं कि प्रिंट मीडिया में सबसे अधिक देशी विदेशी प्रत्येक पृष्ठ पर विज्ञापन कंपनियों के विज्ञापनों का प्रतिशत होता है , समाचार पत्रों की ही संख्या अधिक होती है इसलिए कहीं समाचार पत्र विज्ञापनों के प्रसार के लिए । तो नहीं बना ? या वह पैसा कमाने का माध्यम तो नहीं ? ऐसा होना नहीं चाहिए इसलिए ' प्रेस ' इस सीमा तक शक्तिशाली हो कि वह धन प्राप्ति की परवाह किए बिना ही जनता के दुख दर्द की कहानी सरकार के कर्ता–धर्ताओं को पहुंचाते रहें ।

प्रेस को समाज के विद्वानों को मूल्यों पर आधारित लेखें का लेखन करने के लिए अधिक से अधिक प्रोत्साहन देकर उन्हें समाचार पत्र में छपवाना चाहिए जिससे देश के बुद्धिजीवी वर्ग , शिक्षाशास्त्री , समाजशास्त्री , लेखक , कवि आदि मूल्य शिक्षा पर लेख लिखने में प्रेरित हों और प्रिंट मीडिया के द्वारा समाज जागृत हो । अगर देश में ' मूल्य ' का पालन हर व्यक्ति करने का प्रयास करेगा जिससे संपूर्ण समाज का , देश का साथ में समूचे संसार का कल्याण ही होगा।

Intership Programme for Prepration of quality teacher in context to India.

Shyam Kishor Sing
Asst. Prof.

Introduction:

The role of teacher is very Crucial in the development of a learner. Almost all Commission and Committer on education rightly stressed this aspect when they come up with recommendations. the recommendations given by these Commissions in the form of restructuring teachereducation programmer based on the needs of the learner is still not yet operationdize in Complete Sense, National Curriculum Frame Work For teacherEducation (NEFTE) - 2009 Clearly emphasized the role of teacher in the learner development. It emphas's "The quality and extent of learner achievement are determined primarily by teacherCompetence, Sensitivity and teacherthe motivation.

The teachereducation Programme leading to the Diploma in Elementry Education (D.El.Ed). 1 aims at preparing for the elementy stage of education that is classes I-VIIIRight of children of 6-14 years to free and Compulsory Education Act (RTEAct) was enacted as central Act in 2009. The Act highlights. the need and importance of having Well qualified and Professionally trained teachers to Facilitate relization of the goals of (RTF) the Diploma in Elementry Educat (D.El.Ed.) Programme, which is an Intial teache & Prepration Programme at Elementry level. According to the recommendation of the justice verma Commission which had been accepted by the goverment of India. The NCTE is currently in the process of Comper hensively reviewing of of Education.

Systems and processes with a views to promote Professional quality of teaches, education at all stages of education in accordance with the main trust of national Curriculum Framework for teacherEducation

Teacher Intership programme in India has been Ferrouilated after a research of team of experts in Education area. They have compared and extracted a globalized teacher training Internship Programme.

Objectives

1. To acquaint with school environment as a whole and its Variousdimensions in the Context of All round Development of Student.
2. To Evoluate School textbooks and other resource material critically in the Context of Children's development and Pedagogical approach used.
3. To Under Stand and reflect upon the teaching learning process, practiced in classroom by the O regular teacher.
4. Develop understanding and skill to practices. (CCE) and Implement it appropriately.
5. Develop plan and Conduct Classroom based action research

Research Methodology:-

This paper is basically descriptive in nature. The data used is purely secondary according to the need of Study.

Importance and Concept of internship programme in elementary level.

Two-year D.El.Ed. programme should provide ample opportunities for the student teachers to engage with various stage holders like Child community and school on a partnership model teaching practice and Intesustip is meant for providing First hand experiences to the student teacher in class room. Teaching and Whole school life in general. This will also need to give the student teachers. Change to link in the theoritical knowled with its practical knowledge.

School Internship:-

School internship and standards for D.El.Ed. notified in the Gazette of India. N.C.T.E. Regulation (2014) States the D.El.Ed. programme shall provide for Sustained engagement with learners and the school. The programme shall include visits to Innovation Centers of pedagogy and learning. Innovative schools educational resource centers' teaching learning centers. School Internship would stipulation in. the RTE on the duties of the teacher and Community engagement.

School Internship Frame Work and Guidelines (2016) developed by National Council for teacher Education Further elaborate that out of 16 Weeks Full time. School internship, two weeks shall be Community Work and rest for practice teaching and all school-based activities.

Preparation for Internship.

a. Selection of School for Internship.
b. Preparing lab schools.
c. Preparing mentor teachers.
d. Preparingteacher educators.
e. Developing guidelines for assessment of Internship.

Role and Responsibilities of Student teachers.

1. Unit/ lesson planning.
2. Class room teaching.
3. Lesson observation.
4. Developing and using teaching learning materials.
5. ICT integration.
6. Preparation of CCF activities including Unit tests.
7. Preparation of diagnostic test and identifying learning difficulties.
8. Preparation in school activities.
9. Community and school.
10. Interacting with parents.
11. National knowledge commission (2009)
12. Resource book NCERT New Delhi.
13. H.K.Mathur Innovation in India Education System- Shipra publication
14. Panner selvam, Teacher Education New Delhi APH Publication Corporation.

IMPACT OF DIGITALISATION OF EDUCATION

Nandesh Kumar Thakur
Asst. Prof.

“Technology can become the 'wings' that will allow the educational world to fly farther and faster than ever before; if we will allow it.” - Jenny Arledge ABSTRACT We are running into the 21st century where technology knows no bounds. This is the phase of radical development where technology is taking over every niche and corner. Smartphones, laptops, and tablets are no more unknown words. During this phase the education system is evolving for the sake of betterment, as this generation's students are not born to be confined by the limits of simple learning; their curiosity is vast and cannot be catered with educational systems that were designed earlier. If we kept on teaching our children the way we taught them yesterday, we would deprive them of their tomorrow. Our old educational system lacks the capability to stand a chance in the 21st century. So we are compelled to use digitalization in our educational system Every human being requires education, and digital education is the current trend and requirement for all students or learners to become more focused in their studies. Digital education makes it easier and more diverse than ever before for students or learners to acquire knowledge. It also cuts down on the amount of time it takes to learn anything new. Schools,

Teachers, and the print media have traditionally been the primary sources of education. By registering with schools, teachers, and libraries, students were able to access information sources. Prior to the digital era, the majority of people didn't have access to information, and those who did couldn't get up-to-date information in today's context. The primary goal of this study is to examine the impact of technology and digitalization on Indian education and learning in a concise manner. Questionnaire survey approach was utilised in this study. According to the findings of this study, substantial changes in the way universities and colleges deliver education will occur in the next years. This rapid adoption of digital technologies in both education and assessment is not a passing trend; it will have long-term repercussions that will shape the new normal future. We will see a plethora of opportunities emerge from digital education to empower India's youth in the near future Digital transformation in education plays a vital role in providing high-quality education and equal opportunities to learners all over the world. Since the outbreak of the COVID-19 pandemic, over 1.5 billion students have switched to online education. To make the learning process smooth and seamless for every student, educational institutions and governments develop digital transformation plans and implement necessary changes. Education is one of the world’s single largest industries, making up more than 6% of GDP. It is expected that the global spendings will nearly double in the next five years, reaching $404 billion by 2025. In many ways, this contributes to impact of digitalization on education

Benefits of digitalising education

The current period in time is known as the digital age for a very good reason. Technology and automation have made their way into nearly every aspect of life, and many parameters indicate

that it has been beneficial for us. With regards to education; there are many benefits associated with digitalisation.

Students can access all their study material online, including pre-recorded lessons on video. They also have the option to attend online classes instead of being physically present at an institution, which brings in an element of convenience and flexibility.

Younger students in middle school and high school are able to grasp a functional understanding of various types of software quickly while attending online classes, or taking examinations online. It is evident that the future is digital, and a functional understanding of computers can prove to be a great boon for students in terms of employability down the road. Digitisation of regular text into captivating graphics and visuals has been proven to improve the retention of information. The option to employ digitisation into day-to-day lessons delivered via digital education has greatly increased the desire in students to attend school and simplified learning about complex concepts or ideas.

Digitalization refers to the process of creating a digital representation of objects or attributes that are physical. For instance, scanning a document and converting it into a PDF can be referred to as digitalization. It is the conversion of a non-digital item into a digital artifact or representation. In simple words, it is the conversion of processes and data. Digitalization has influenced almost all industries in the modern age. From business industries to educational institutions, the impact and influence of digitalization cannot be overlooked as it is hugely prevalent. Due to this huge transition brought by the reliance on digital elements and tools, the modern world is often referred to as the 'digital world'.

Impact of Digitalization on Education

The impact of digitalization on education in India are as follows:

- Better Opportunities: Through digitalization, individuals gain access to a wider variety of tools and better educational opportunities so they do not have to limit their choices.
- Increase Information Sources: Learners have started using the internet to search for answers and solve their queries which is evidence that digitalization has yielded various sources of information.
- Digital learning: Due to the advancements in technology, education and learning are no longer limited to textbooks or confined to the four walls of the classroom. Various elearning platforms facilitate learning from home and various digital devices that facilitate learning.
- Better Teaching Resources: Before digitalization took place, teaching materials were limited to the blackboard, chart papers, and other physical materials but nowadays, teachers can use PowerPoint presentations and the like to teach learners.
- High-quality education: In urban areas, the quality of education is much better than in rural areas due to the use of digital tools. Digital tools facilitate the ease of learning which is why it increases the quality of education immediately.
- Source of knowledge: Previously, the main source of knowledge for learners was books. The advent of the internet has changed this scenario because they can Google anything these days and find the answer they are looking for.
- Increased Employment Opportunities: The rise of digitalization yields the need to learn new digital skills such as content marketing, graphic designing, and the like which has led to the introduction of a new field of employment opportunities.

A word of caution

There are undoubtedly several benefits associated with digital education, but we cannot overlook the drawbacks of this sudden change in the education system. Life for today's students is becoming increasingly virtual. The students, from primary school kids to college graduates, are experiencing and displaying a change in communication methods. For example; they would rather receive or send a text instead of a phone call or a face-to-face meeting. We see the youth spending more time on digital platforms and endorsing technology that further digitalises their life, which reduces offline personal interaction in their daily lives. People are increasingly concerned that digital devices will leave their kids unable to adequately interact with the real world around them. The drastic increase in the number of hours children spend on screens has only aggravated the fear of social and cognitive impairment in children. The adoption of digital devices in schools has greatly contributed to the reduction in attention spans. Kids nowadays have to deal with numerous pieces of information on one screen, jumping from tab to tab. Even during online classes, we see kids juggling 3-4 different applications at the same time. Many individuals and institutions are concerned about the impact this lack of attention span will have in the future. Will it get worse or will it enable these children to effectively work on multiple tasks at the same time? Only time will tell. The benefits and drawbacks of digitalisation in education can be discussed ad nauseam. But one thing is certain that the future is digital. Digitalisation as a process affects not only education, but nearly every aspect of life. Hence, it is imperative that students learn to use this convenience the way it was intended to be used as a tool to improve life, and not one to replace crucial aspects of it. Digital transformation in the education industry helps improve the learning experience for both students and teachers, as well as other people involved in the process. Such changes focus on

Improving engagement and accessibility through interactive and customizable learning. As a result, online education gets cheaper, more comprehensive, and more inclusive. Some of the opportunities that digital transformation in higher education enables are microlessons, interactive videos or tests, and even games or AI-based learning methods. All these options help a student get more involved in the process and interact with respective elements or tasks. People with disabilities also get an education with no barriers or difficulties thanks to textto-speech or colorblind-friendly visualization, for example. Digital transformation for educational institutions is a huge step forward in enhancing the learning process and automating plenty of operations: from printing countless essays and coursework to evaluating tests and calculating the GPA. If you have thought of launching digital transformation processes in your company, Softermii can help you out. With over seven years on the market, we can bring change to your business despite its size and industry.

EDUCATION REFORM IN INDIA

Mukesh Kumar
Asst. Prof.

Education is very important for any individual as well as nation. Education helps in all round development of personalities which ultimately help the nation in becoming great and powerful. Unfortunately educational planning and implementation has not been quite satisfactory. Many shortcomings have come to the forefront which ultimately derail the developmental activities. That is why educational reforms have become the most in India to correct the shortcomings andfailures.Education is not merely the being one literate, i.e., how to write and read. Education is more than mere literacy. Education involves reason, the correct approach to life, helps one to know that is right and wrong and be moral. Education helps in broadening one's outlook. It removes superstitions and develops critical faculty in individuals. Education helps in increasing awareness of surroundings, social and political issues. It makes people knowledgeable and develops wisdom. Literacy is the beginning or first step towards making one educated.But unfortunately, in the last 50 years half of the population of India has been literate. Compulsory primary education was to be provided after 10 years of enforcement of Constitution. But it has not been done so. The literacy rate according to 1991 Census is only 52%. The condition of women is still worse, their literacy rate is only 36%. It is said that if you educate a man you educate an individual but if you educate a woman you educate a family. Such is the importance of education of women.Other lacunae on the education front is that we have been producing only clerks in the system as done by British policy of education. Schooling pattern is not uniformall over India. Various educational policies have been implemented but net result is not upto the mark. Basic education is faulty. Upto Class V the medium of education is not in its mother tongue. The burden of books is greater at lower classes in schools. The effort is not towards learning and asking questions but they are being told just to cram and reproduce in the examination without understanding. The standard of teaching has also gone down. Teachers donot teach properly. The condition of government schools is even worse. But public schools charge high fees by which poor children are deprived of good school education. As a result they lag behind in their lives.Teaching at schools have not become functional. They do not provide jobs as if the education becomes useless later in life, it is felt. So efforts towards vocationalisation should be made so that it becomes functional and useful. Government's negligence towards education has added the worries. The government's expenditure has been less than 6% of its GDP. Initially it was only 2%. It was recommended by educational policy makers and Commissions that at least it should be 6%. Government has to come out with new education policy to ensure quality education to children and grownups.At higher levels, campuses have become centres for politics and violence. There is often closure of colleges. Even when they are open, very few classes are held which disappoint students. Centres of learning practice agitations and hartals. Some science institutes like IITs and IIMS are only doing better but practice of brain drain is quite rampant which a wastage of national resources is. This practice needs to be checked. Lack of moral education leads to many problems on the campus and outside the campus. Moral education should be imparted right from the earlier years and at homes. That is why we see degeneration of social values in people. If correct values are instilled at right time, there will not be serious problems of corruption, communalism, casteism, etc. Eve teasing and sexual harassment can also be controlled with

right kind of education. Actually education helps in broadening outlook which can change social attitudes and stereotypes which exist in our society. Many of social evils can be nipped in the bud itself like dowry, violence, etc.

So educational reforms become urgently necessary. Government should come out with new education policy by making the education system a uniform system. Medium of instruction should be in the mother tongue upto Class V. Moral education and coeducation should be the norm. Teachers should be retrained and retaught to teach. Only good teachers should be selected not only on the basis of knowledge but also on the basis of attitude and interest in teaching. Higher education should be streamlined .Only seriously interested in higher studies should be allowed to go for it. Degrees should be delinked from jobs. Examination system should be made tight at all levels. They should be made educated in such a way that they should be capable to start their own livings not dependent on few government jobs. Efforts should be made towards encouraging and not cramming. Girls should be encouraged to go for education which can help in reducing the population also Reforms in education is long awaited. New education policy of 1985 could not come out with concrete results. The situation has not improved much as it was before 1985. The conditions of government schools need more attention. The infrastructure for education needs urgent attention. The government should spend more than 6% of its GDP on education. Autonomy has to be given to various research institutes but at the same time accountability has to be demanded in a more forceful manner. The whole system needs overhauling in order to give a better education. Only right kind of education at this juncture can help in solving myriads of problem facing this country.After Independence, there have been set up several education commissions and committees to bring reforms in the Indian education system. But, as we know, there has been only a limited success in this field. Of course, now there exist many schools which may be considered much better than most of the schools during the pre-Independence period, but much more needs to be done .At present, we have on the government level a system of 10+2+3. There is high school teaching upto class ten. Then there is 2 year schooling known as 10+2 after that and thereafter there is graduation which covers three years. Thereafter, M.Phil. Requires one year and Ph.D. at least two years.
There is actually no end to higher education and then there are so many courses, diplomas and degrees in various disciplines which require different periods of study. The most crucial question, however, is the general, basic and such education which may be elementary in nature though whatever names, nomenclatures, compartments and components it might be having. This general education is essential for broadening and evolving the mind.In the public school system of education, education starts with playway methods, nursery, KG-I, KG-11, Class I to VIII, etc.The most important point in all types of education is that it should be affordable to the common man. There should be no discrimination on any basis. It should be need-based. It should mould the child's personality to the constructive and positive side. It should eliminate cramming and copying. The child should be at the center-stage in this system.

भारतीय ज्ञान परंपरा के माध्यम से शिक्षक शिक्षा

मिथिलेश कुमार
सहायक प्राध्यापक

प्राथमिक शिक्षा जीवन में वही महत्व है जो दृढ़ एवं स्थायी भवन के निर्माण में उसकी आधारशिला का शिक्षा मनुष्य को मानवता सिखाने वाला प्रथम सोपान हैं। शिक्षा के विभिन्न स्तरों प्राथमिक, माध्यमिक, तथा उच्च शिक्षा में, प्राथमिक शिक्षा ही समस्त शिक्षा की आधारशिला है। किसी भी राष्ट्र के विकास के जितना महत्व प्राथमिक शिक्षा का है उतना माध्यमिक या उच्च शिक्षा का नहीं है। राष्ट्रीय विचार धारा एवं चरित्र का निर्माण करने में इसका जितना महत्वपूर्ण स्थान है। उतना किसी दूसरी सामाजिक, राजनीतिक या शैक्षणिक गतिविधि का नही है। इस प्रकार हम यह कह सकते हैं कि सब व्यक्तियों की शिक्षा या जन साधारण की शिक्षा ही राष्ट्रीय प्रगति का मूलाधार है। प्राचीन काल में प्राथमिक शिक्षा का दायित्व परिवार या घर को प्राप्त था। बालक उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए ही गुरूकुलों में प्रवेश लेता था चूंकि उस काल में प्राथमिक शिक्षा की बागडोर ब्राह्मणों के हाथ में नही थी। इसलिए उसकी घोर अवहेलना हुई परिणाम स्वरूपं देश का पतन हुआ। अतः इसका उत्थान करके ही देश का कल्याण हो सकता है। उन्नति की दौड़ में तथा आज के राष्ट्रीय परिक्षेप्य में प्राथमिक शिक्षा ही राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता की आधारशिला है। वर्तमान तथा भविष्य के निर्माण का अनुपम साधन प्राथमिक शिक्षा ही है। कुल मिलाकर प्राथमिक शिक्षा हमारे संविधान द्वारा प्रतिष्ठित समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र के लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक हैं।प्राथमिक शिक्षा का महत्व इस बात से और भी बढ़ जाता है कि अधिकतर नागरिकों के लिए सम्पूर्ण शिक्षा इसी स्तर पर समाप्त हो जाती है अतः इस नींव को ससक्त बनाना बहुत आवश्यक है। इस सन्दर्भ में स्वामी विवेकानन्द का विचार था कि– ''मेरे विचार से जनसाधारण की अवहेलना महान राष्ट्र पाप हैं और हमारे पतन के कारणें में से एक है। सब राजनीति उस समय तक विफल रहेगी जब तक कि भारत में जन साधारण को एक बार फिर भली प्रकार शिक्षित नहीं कर लिया जायेगा। सन् 1898 ई 0 में तत्कालीन बडौदा नरेश ने यह घोषणा की कि उनके राज्य मे अमरेली नगर के एक क्षेत्र के 9 गांवों में प्राथमिक शिक्षा अनिवार्य होगी। उन्हीं के प्रयासों के परिणाम स्वरूप 1906 में 2 गांवों में अनिवार्य शिक्षा की व्यवस्था थी। इसी वर्ष नियम बनाकर सारे राज्य में प्राथमिक शिक्षा अनिवार्य कर दी गयी। बड़ौदा नरेश के प्रयासों से प्रभावित होकर गोपाल कृष्ण गोखले ने भी तत्कालीन सरकार से प्राथमिक शिक्षा की अनिवार्यता की माँग की। प्रारम्भ में उन्हें असफलता मिली किन्तु उन्हीं के प्रयासों के परिणाम स्वरूप 1917 में ब्रिटिश प्रशासन को भली यह महसूस हुआ कि स्वशासन संस्थाओं को चलाने के लिए जनता का शिक्षित होना आवश्यक है। अतः प्रान्तीय सरकारो ने इस दिशा मे कुछ कार्य किये। इस प्रकार बम्बई, बिहार, उड़ीसा, मद्रास, बंगाल, उत्तर प्रदेश और पंजाब में प्राथमिक शिक्षा की प्रगति 1930 तक निरन्तर होती रही। किन्तु 1931 से 1937 तक इसके विकास में अवरोध उत्पन्न हो गया। इसके दो मुख्य कारण थे।

1. विश्व व्यापी आर्थिक अवसाद तथा दूसरा 1927 में होग समिति की नियुक्ति तथा प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार का प्रस्ताव। फलस्वरूप स्वतन्त्रता प्राप्ति तक देश में बालकों के लिए 229 नगरों व 10,017 ग्रामों में तथा बालिकाओं के लिए दस नगरों में व 1,404 ग्रामों में अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा की व्यवस्था हो चुकी थी। 26 जनवरी 1950 में भारतीय संविधान की धारा 45 में यह घोषणा की गई थी कि दस वर्ष के अन्दर 6 से 14 वर्ष तक के समस्त बालक–बालिकाओं के लिए प्राथमिक शिक्षा निःशुल्क एवं अनिवार्य कर दी जायेगी। भारतीय शिक्षा आयोग ने भारत के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए शिक्षा को एक महत्वपूर्ण अंग माना है। शिक्षा की गुणवत्ता को जो ऊंचाई प्राप्त करनी चाहिये थी वह नही प्राप्त कर रहा है। सर्वेक्षण के आधार पर यह देखा गया है कि आज शिक्षित समाज का अशिक्षित समाज पर दबदबा बना हुआ है। शिक्षा की खराब व्यवस्था व्यवस्थित जीवन–यापन के तरीके को भी प्रभावित कर रही है। यह छात्र के साथ–साथ समाज व राष्ट्र के लिए भी दुखद है। आज किसी को यह ख्याल नहीं है कि प्राथमिक शिक्षा विश्वविद्यालयी और तकनीकी शिक्षा की तुलना में कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं।

इसकी अवहेलना के कारण ही बच्चे छोटे उम्र में ही हीनता का शिकार होते जा रहे हैं। ध्यान रखना होगा कि प्रारम्भिक शिक्षा उच्च शिक्षा व तकनीकी शिक्षा से अधिक जरूरी व महत्वपूर्ण है। तकनीकी शिक्षा में प्रति छात्र जितनी राशि आवंटित की जाती है गैर तकनीकी शिक्षा या विश्वविद्यालयी शिक्षा पर इसके आधे से भी कम खर्च होती है। प्राथमिक शिक्षा पर तो सरकारी खर्च नाममात्र का है। इस वजह से भी प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट आई है। अनिवार्य होने के साथ क्या साधन की अनिवार्यता नहीं होनी चाहिए। सरकारों को यह कौन बतायें कि प्राथमिक शिक्षा पर व्यय होने वाला धन

न्यूनतम है। पहले सभी स्कूलों में खेल के मैदान होते थे अब धीरे–धीरे सब व्यवस्था छिन्न–भिन्न होती जा रही है। विज्ञापनों में तो विभिन्न साधन बताये जाते हैं और उनका शुल्क भी लिया जाता है लेकिन व्यवस्था उपलब्ध नही करायी जाती। पाठ्यक्रम में भी समानता नही है आज प्राथमिक विद्यालयों का यदि सर्वांगीय अवलोकन करें तो हम पाते हैं कि प्राथमिक विद्यालय बच्चों और अभिभावकों को प्रोत्साहित करने का माध्यम न होकर हतोत्साहित करने का केन्द्र हो गया है। पब्लिक स्कूल दूसरी प्रकार की हीनता का माध्यम बन रहे हैं केवल भाषा की दृष्टि से ही नहीं वरन् संसाधनों की दृष्टि से भीं। यदि नींव के स्तर पर ही बच्चों में नफरत और हीनता का मिट्टी–गारा भर दिया जायेगा तो भवन का निर्माण कैसा होगा। हमें मैकाले के शैक्षिक विचारों वाली सोच से बाहर निकलना होगा तभी शैक्षिक समस्या का समाधान हो सकता है। पब्लिक व सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता की तुलना करने से बेहतर यह होगा कि हम इस विषय पर सोचें कि प्राथमिक शिक्षा की किस तरह की हो, उसका उद्देश्य क्या है, उसकी आवश्यकता और जरूरतें क्या हैं। प्राथमिक शिक्षा का उद्देश्य वैश्वीकरण का पोषण है या आने वाली पीढ़ी को आत्मनिर्भरता और समानता की ओर ले जाना। इस विषय पर चर्चा बन्द कमरों में न होकर सार्वजनिक रूप से होनी चाहिए। आज की शिक्षा राजनीतिक हो गई है, जबकि शिक्षा राजनीति नहीं हैं और न ही जरूरत की पूर्ति के लिए उत्पाद बढ़ाने का जरिया ।

सरकार द्वारा '' प्राथमिक शिक्षा योजना के अन्तर्गत –शिल्प केन्द्रत या कार्यानुभव शिक्षा मात्र भाषा शिक्षा, जीवनोपयोगी शिक्षा, किया आधारित शिक्षा, स्वालम्बन हेतु शिक्षा, निःशुल्क एवं अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा, बच्चों के पोषण हेतु पोषाहार की व्यवस्था है।सुविधा की दृष्टि से प्राथमिक शिक्षा की समस्याओं को निम्नलिखित भागों में विभाजित कर सकते हैं–

1 आर्थिक समस्याएं
2 राजनैतिक समस्याएं
3 भौगोलिक समस्याएं
4 शैक्षिक समस्याएं
5 अन्य समस्याएं जैसे

(1) बच्चे स्कूल क्यों नहीं जाते हैं। यूनिसेफ 1995 ने भारत के सन्दर्भ में आम तौर पर स्कूल न जाने के निम्नलिखित कारण बताए हैं–

- जरूरत से ज्यादा भीड़–भाड़ वाले कक्षा कक्ष
- स्कूल खुलने की गैर लचीली समय योजना
- शिक्षकों का अपर्याप्त प्रशिक्षण
- शिक्षकों की अनियमित उपस्थिति तथा बहुत ज्यादा अनुपस्थित रहना
- असंगत शिक्षा तथा भारी भरकम पाठ्यक्रम
- माता–पिता की लापरवाही ।

(2) 100 प्रतिशत से ज्यादा का सकल नामांकन अनुपात इसका निहितार्थ क्या है।
(3) प्राथमिक स्तर पर बच्चों की निराशाजनक उपलब्धियाँ
(4) नैतिक मूल्य तथा चरित्र शिक्षा का आभाव
(5) जनसंख्या शिक्षा
(6) एक या दो अध्यापकों वाले स्कूल बहुश्रेणी अथवा बहुकक्षा शिक्षण
(7) बाल विकास सम्बन्धि महत्वपूर्ण तथ्य तथा अध्यापक
(8) छात्र केन्द्रीत शिक्षा तथा आदर्श प्रगाथमिक विद्यालय का चित्रण
(9) पर्यावरण शिक्षा

1997–1998 के इण्डिया टुडे के सर्वेक्षण के आधार पर हम यह कह सकते हैं कि हमारे यहाँ की शिक्षा व्यवस्था विश्व में दूसरा स्थान रखती हैं। वर्तमान रूपये 610 हजार प्राथमिक और 185 हजार उच्च प्राथमिक सरकारी विद्यालय तथा 1.87 मिलियन शिक्षक और 110 मिलियन छात्र मान्यता प्राप्त विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। हमारे यहां प्राथमिक विद्यालयों में छात्रों की संख्या पड़ोसी देश बांगला की जनसंख्या से भी अधिक हैं अतः इसमें कोई शक नहीं है। कि हमारे यहाँ की शिक्षा व्यवस्था विश्व में एक बड़ी शिक्षा व्यवस्था है। परन्तु दावा नही किया जा सकाता कि हम दक्षता, गुणवत्ता तथा अधिगम क्षमता में भी उतने ही अग्रणी हैं।

सन्दर्भ **ग्रंथ–**

- मदन मोहन एवं मालती सारस्वत– भारतीय शिक्षा का विकास एवं समस्याएं
- त्यागी गुरूसरन दास – भारती शिक्षा का परिदृश्य
- किशोर गिरिराज– 'अमर उजाला' दैनिक समाचार पत्र

नई शिक्षा नीति

Dr. Pawan Kumar
Asst. Prof.

21वीं सदी के 20 वे साल में भारत में नई शिक्षा नीति आई है। भारत में सर्वप्रथम 1968 में नई शिक्षा नीति बनाई गई थी उसके बाद 1986 में बनाई गई जिसके बाद नई शिक्षा नीति को 1992 में संशोधित किया गया। लगभग 34 साल बाद 2020 में पुनः नई शिक्षा नीति को लेकर अहम बदलाव किए गए हैं। जिसमें शिक्षा सम्बन्धित बहुत से नियमों में बदलाव किया गया है। वही हाल ही में मानव संसाधन प्रबंधन मंत्रालय ने शिक्षा नीति में बदलाव के साथ साथ अपने मंत्रालय का नाम भी बदल दिया है, मानव संसाधन प्रबंधन मंत्रालय को अब शिक्षा मंत्रालय के नाम से जाना जाएगा।

वर्ष 1986 के बाद भारत में यह तीसरी शिक्षा नीति है जो भारत में लागू होने जा रही है। जिसके तहत म्कनबंजपवद च्वसपबल में बहुत से बदलाव किये जा रहें हैं। आर्टिकल के माध्यम से नेशनल एजुकेशन पालिसी (नई शिक्षा नीति) की सभी जानकारियां नीचे दी जा रही हैं। छमू म्कनबंजपवद च्वसपबल की पूरी जानकारी प्राप्त करने के लिए नीचे दिए गए आर्टिकल को पढ़ें। नई शिक्षा नीति के तहत 2030 तक शैक्षिक प्रणाली को निश्चित किया गया है और वर्तमान में चल रही 10. 2 के मॉडल के स्थान पर पाठ्यक्रम में 5. 3. 3. 4 की शैक्षिक प्रणाली के आधार पर पाठ्यक्रम को विभाजित किया जाएगा। नई शिक्षा नीति 2020 के लिए केंद्र तथा राज्य सरकार के निवेश का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है जिसमें केंद्र तथा राज्य सरकार शिक्षा क्षेत्र सहयोग के लिए देश की 6ः जीडीपी के बराबर शिक्षा क्षेत्र में निवेश करेगी। NEW NATIONAL EDUCATION POLICY का उद्देश्य शैक्षिक क्षेत्र में भारत को वैश्विक महाशक्ति बनाना है और भारत के लिए नई शैक्षिक नीतियां के माध्यम से संपूर्ण भारत में शिक्षा का उचित स्तर प्रदान करना है जिससे शैक्षिक क्षेत्र की गुणवत्ता उच्च हो सके।

भारत में बच्चों को तकनीकी तथा रचनात्मकता के साथ–साथ शिक्षा की गुणवत्ता का महत्व से अवगत कराना नई शिक्षा नीति का उद्देश्य है जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार हो सके। शिक्षा में गुणवक्ता लाने के लिए यह केंद्र सरकार के तहत नई शिक्षा नीति को शुरू किया गया है।

नई शिक्षा नीति के मुख्य तथ्य

- नई शिक्षा नीति के माध्यम से एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट का गठन किया जाएगा जिसमें छात्रों द्वारा परीक्षा में प्राप्त किए गए क्रेडिट को डिजिटल अकैडमी क्रेडिट बनाया जाएगा और विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों के माध्यम से इन क्रेडिट को संग्रहित कर छात्र के अंतिम वर्ष की डिग्री में स्थानांतरित करके सभी क्रेडिट को एक साथ जोड़ा जाएगा।
- नेशनल एजुकेशन पालिसी के अंतर्गत शैक्षिक पाठ्यक्रम को लचीला बनाए जाने की हर संभव कोशिश की जा रही है । यदि कोई छात्र किसी शैक्षिक कोर्स में रुझान ना रखने के कारण उस शैक्षिक कोर्स के बीच में दूसरा कोर्स पढ़ना चाहता है तो वह अपने पहले कोर्स से निश्चित समय अवधि तक रुक कर दूसरा कोर्स ज्वाइन कर सकता है।
- नई शिक्षा नीति के तहत भारतीय उच्च शिक्षा आयोग को 4 वर्टिकल दिए गए हैं । जिसमें नेशनल हायर एजुकेशन रेगुलेटरी काउंसिल , हायर एजुकेशनल काउंसिल , जर्नल एजुकेशन काउंसिल तथा नेशनल एक्रीडिटेशन काउंसिल को रखा गया है।
- ई–लर्निंग पर जोर देना ताकि किताबों पर निर्भरता कम हो सके।
- नई शिक्षा नीति के माध्यम से दिव्यांग जनों के लिए शैक्षिक पाठ्यक्रम में बदलाव किया गया है।

नेशनल एजुकेशन पालिसी क्या है ?

नेशनल एजुकेशन पालिसी को शिक्षा नीति 1986 की जगह पर लागू किया गया है। नई एजुकेशन पालिसी में 3 साल से 18 साल तक के बच्चों को शिक्षा का अधिकार कानून, 2009 के तहत रखा गया है। नई शिक्षा नीति के तहत 2030 तक नई शैक्षिक प्रणाली को निश्चित किया गया है और वर्तमान में चल रही 10+2 के मॉडल के स्थान पर पाठ्यक्रम में 5+3+3+4की शैक्षिक प्रणाली के आधार पर पाठ्यक्रम को विभाजित किया जाएगा। इस नीति का विजन सभी छात्रों को उच्च शिक्षा प्रदान करना है।

Phubbing Behaviour

Arpana kumari
Asst. Prof.

Introduction - The progress of information and communication technology in digital era has resulted in various changes in society, especially social change like human behaviour, dress up, communication style, medium of communication, and living style so on . Social change is a change in patterns or forms of interaction in social relationships. This was marked by the emergence of various types of media and communication devices called Smartphone to facilitate and speed up access to messages and information and also using different social sites for communication , acquiring knowledge and entertainment like Facebook , You Tube , Twitter , TikTok, Sina Weibo ,Telegram , Snapchat , Kuaishou , Reddit ,Linkedln , Instagram, Pinterest etc. Smartphone have multiple benefits, giving easy access to communication and allowing people to connect with friends and family throughout the day and anywhere. Also, Smartphone's can provide various information , entertainment and different types of online games .The increasing number of Smartphone users at this time presents benefits and adverse effects in its use. But when people talk to someone and don't give attention properly to use smart phone is called **Phubbing**. The word "Phubbing " comes from two words: **"phone" and "snubbing ."** This means seeing someone's cell phone during a real conversation with someone else. Phubbing can be described as an individual looking at his or her mobile phone during a conversation with other individuals, dealing with the mobile phone and escaping from interpersonal communication".

Phubber is a term for individuals who do phubbing. Phubber will often see Smartphone's only to check it on average 221 times per day , even when it doesn't vibrate or ringing, they keep checking the Smartphone , and 70% -80% of the people who drive uses a Smartphone while on the road . Even worse conditions are when interested people or a family gathering in a room to do certain activities, such as dinner or study in class, but do not pay attention to or do not communicate with each other and focus on Smartphone . Such conditions are not in accordance with the culture of mutual respect or ethics in communication that has existed since the community recognized social values in life .

Cause of Phubbing Behaviour –

The main cause of phubbing behaviour is increasing interest towards technology that showed how much people affected from electronic device like Smartphone, Laptop, and Television etc.

- The new generation show their personality, status by using excess Smartphone and followers on social sites that is also a cause of Phubbing Behaviour.
- Mostly Parents are doing job private or government sector so they have lack of time to care their child by which they give smart phone to play game and talking to them .it is also a cause of creating Phubbing behaviour where child are more connected with Smartphone then his grandfather or grandmother .
- Phubbing is a constant Smartphone usage and causes a lack of human interaction or an attitude of hurting the other person by using an excessive Smartphone.
- Phubbing is a culture that arises because of the uncontrolled effects of modernization. Modern society prefers to do various activities on their own by using a variety of technologies so that they become individualistic and do not care about social conditions

- Another thing that explains regarding Phubbing is when individuals see their phones during conversations with other people, dealing with phones and escaping interpersonal communication cause of avoid someone.
- Most of the time people are used to access cyberspace and are used to making friends through social media and they have a lack of skills to socialize directly because all the information needed can be from gadgets so that they generally tend to be individualistic.

Impact of Phubbing Behaviour –Phubbing in life have an impact. Chotpitayasunondh and Douglas showed the effects of phubbing, namely –
(1) neglect of direct interaction,(2) the existence of a cycle phubbing advanced from phubee to phubber with phubbing more violent (3) decreasing the quality and satisfaction of interactions, decreasing trust in the interlocutor, (4) Stretching relationships with communication partners,
(5) Jealousy, (6) influencing mood one's,
(7) Creating a situation of social exclusion. The conditions of social exclusion in phubbing show that a person's social relationship is not what they want, so there is a feeling of despair and helplessness. In a romantic relationship with this attitude, neglect pair can reduce the quality of relationship satisfaction that will lead to conflict (8) Another impact of this phubbing is that people become more apathetic towards their environment, inhibit the process of interpersonal communication, influence social interaction inhibit the emotional bond of individuals because of jealousy, feelings of neglect, anger, sadness etc .

Remedies of Phubbing behaviour –

- Put the phone away or turn your phone to the " do not disturb " in specific time like eating , worship ,yoga or exercise , and sleeping time
- Try to give your self and engage with the people in front of you and have a sincere conversation.
- Challenge to yourself to avoid your phone and don't try to see phone time to time.
- Personal counseling help to stop phubbing and give such an example of role model.
- When u feel loneliness try to spent time with family, friend or do whatever you like to do.
- Try to stop net surfing without essential work and encourage face to face communication and social interaction etc.

Conclusion –

Phubbing arises due to the excessive use of Smartphone and accessing information through social media regardless of the circumstances. Lack of individual interaction with other individuals in real social situations can eliminate the ability to build relationships and communicate well. The result of phubbing behaviour is low achievement, disruption of concentration, loss of interpersonal communication, loss of social interaction, and social closure. Based on the explanation above, it is necessary to provide guidance and counseling services to overcome the behavioural phubbing that is being experienced by many people. The need of guidance and counseling services can be implemented in the form of guidance and counseling modules that focus on "use Smartphone smartly."

माध्यमिक स्तर के श्रवण बाधित विद्यार्थियों की संवेगात्मक स्थिरता का अध्ययन

श्वेता कुमारी
सहायक प्राध्यापिका

प्रस्तावना–

संवेग एक जटिल प्रक्रिया है क्योंकि इसमें विभिन्न प्रकार के दैहिक परिवर्तन एवं भाव आदि निहित होते हैं। संवेग में व्यक्ति की उत्तेजनशीलता का स्तर अत्यधिक बढ़ जाता है और प्राणी अपने सम्पूर्ण शरीर में तीव्र उपद्रव की अनुभूति करता है। संवेग में आंगिक प्रतिक्रियाएं होती हैं। सभी प्रकार के संवेगों में कुछ न कुछ आन्तरिक आंगिक परिवर्तन (जैसे– फेफड़ा, हृदयगति, आँत, श्वांस गति, रक्तचाप एवं ग्रंथीय) होते हैं। क्रोध की अवस्था में रक्तचाप का बढ़ना, भूख, प्यास का न लगना एवं श्वांस गति में परिवर्तन हो जाता है। इन परिवर्तनों को दो समूहों में विभक्त किया जा सकता है– जैसे रक्त प्रवाह परिवर्तन (रक्तचाप एवं हृदयगति का परिवर्तन) एवं श्वसन परिवर्तन ।

संवेगात्मक व्यवहार अभिव्यंजक होते हैं, अर्थात् संवेग में केवल आन्तरिक परिवर्तन न होकर वाह्य अंगों (हाथ, पैर, आँख, चेहरे आदि) में भी कुछ परिवर्तन होते हैं जिनके अवलोकन से ही स्पष्ट हो जाता है कि व्यक्ति संवेगात्मक अवस्था में है। अतः व्यक्ति अपने शरीर के वाह्य अंगों के परिवर्तन से संवेगों की अभिव्यक्ति करता है, जैसे– क्रोध की अवस्था में व्यक्ति का चेहरा लाल, भृकुटी चढ़ी हुई, काँपते होंठ, फड़कती भुजाएँ क्रोध की अभिव्यक्ति के स्पष्ट प्रतीक हैं। संवेग में कोई न कोई आत्मनिष्ठ भाव अवश्य होता है जिसकी अभिव्यक्ति सुखद व दुखद दोनों के रूप में होती है। खुशी संवेग में सुखद भाव व भय संवेग में दुखद भाव की अनुभूति होती है। किसी भी संवेग में सुखद एवं दुखद दोनों भाव एक साथ नहीं होते हैं अर्थात् बिना भाव के संवेगों की अभिव्यक्ति संभव नहीं है।

संवेग की विशेषताएँ–

विकासवादी मनोवैज्ञानिकों के अनुसार संवेगों में कुछ महत्वपूर्ण विशेषताएँ पाई जाती हैं जिनके आधार पर संवेगों का स्वरूप स्पष्ट होता है ये विशेषताएँ निम्नवत् हैं–

संवेग विकीर्ण होता है– संवेग की विकीर्णता से तात्पर्य सम्पूर्ण शरीर की क्रियाओं में एक तरह के तनाव व परिवर्तन से है अर्थात् संवेगात्मक तनाव अंग विशेष में न होकर सम्पूर्ण शरीर में उत्पन्न होता है। ऐसा शरीर की आन्तरिक क्रियाओं में घटित होने वाले परिवर्तनों के कारण होता है। प्रत्येक संवेग में तनाव की विकीर्णता का स्वरूप अलग–अलग होता है। क्रोध की अवस्था में व्यक्ति अत्यधिक आवेशपूर्ण हो जाता है जिससे उसके होंठ, पैर, एवं हाथ कांपने लगते हैं, किन्तु कुछ व्यक्ति क्रोध की अभिव्यक्ति आवाज की तीव्रता बढ़ाकर करते हैं तो उनमें किसी प्रकार का दूसरा शारीरिक परिवर्तन परिलक्षित नहीं होता है, जबकि भय, खुशी, उल्लास, उत्साह आदि में तनाव का विस्तार सम्पूर्ण शरीर में होता है।

संवेगों में सततता होती है– सभी संवेगों में सततता या निरन्तरता पाई जाती है। संवेग के उत्पन्न हो जाने के बाद सम्बन्धित उद्दीपक के हट जाने के बाद भी कुछ देर तक व्यक्ति में संवेग पाया जाता है। सांप को अचानक देखकर बालक में डर संवेग की उत्पत्ति होती है। बालक सांप को देखकर डर जाता है। सांप के दूर चले जाने के बाद भी बालक में सांप के डर का संवेग कुछ देर तक बना रहता है। संवेगों की निरन्तरता का मूल कारण शरीर के आंतरिक अंगों की चिकनी मांसपेशियों की संरचना एवं उनका कार्य होता है। इन मांसपेशियों की बनावट ही ऐसी होती है कि वे जल्दी तो किसी भी उद्दीपक से उद्दीप्त नहीं होती, किन्तु यदि उद्दीप्त हो गई तो पुनः सामान्य अवस्था को ग्रहण करने में समय लगता है। यह समयान्तराल जितना अधिक होता है उतनी ही अधिक संवेगात्मक सततता पाई जाती है।

संवेग संचयी होता है– संचयीता का तात्पर्य जब कोई संवेग एक बार उत्पन्न हो जाता है तो कुछ क्षण के पश्चात उनसे उत्तरोत्तर बढ़ोत्तरी होती है। ऐसा इसलिए है कि संवेग से व्यक्ति में एक विशेष प्रकार की मानसिक वृत्ति पैदा होती है, जिससे व्यक्ति की प्रतिक्रिया उस दिशा में बढ़ जाती है।

संवेग प्रेरणात्मक होता है– संवेग की इस विशेषता को मनोवैज्ञानिकों (विटेकर, 1970) एवं मार्गन, किंग तथा रॉबिन्सन 1981, ने महत्वपूर्ण माना है। यह देखा गया है कि जब व्यक्ति में तीव्र संवेग उत्पन्न होता है तो उसका व्यवहार किसी लक्ष्य की तरफ उन्मुख होता है, अर्थात् संवेगात्मक व्यवहार किसी न किसी लक्ष्य की तरफ निर्देशित अवश्य होता है।

संवेगात्मक विकास में परिपक्वता एवं अधिगम की भूमिका–

मानव व्यवहार में जन्म से ही विभिन्न प्रकार के संवेगों की अभिव्यक्ति होती है। सभी प्रकार के संवेगों की उत्पत्ति बालकों में जन्म से नहीं पाई जाती। संवेगों के विकास के संदर्भ में प्रथम विकासवादी अध्ययन वाटसन, 1942 द्वारा किया गया। नवजात शिशु द्वारा उद्दीपन के प्रति की गई प्रतिक्रियाओं के आधार पर वाटसन ने स्पष्ट किया कि नवजात शिशुओं में जन्म के समय– भय, क्रोध एवं अनुराग नामक संवेग उपस्थित रहते हैं। शिशु की श्वास क्रिया का रूक जाना, अपनी

पलकों को बंद करना, होठों का सिकुड़ना एवं रोने की क्रिया से डर संवेग की अभिव्यक्ति होती है। हाथ व पैर का पटकना, व शारीरिक अकड़न के रूप में शिशु क्रोध की अभिव्यक्ति करता है। रोते शिशु का चुप होकर मुस्कुराना, अनुराग संवेग का प्रदर्शन होता है। वाटसन के अनुसार बालकों में इन तीनों (डर या भय, क्रोध एवं प्रेम) संवेगों की उत्पत्ति कुछ विशेष उद्दीपन का परिणाम होती है। यथा– डर संवेग की उत्पत्ति शिशु में तीव्र ध्वनि एवं ऊँचाई से नीचे गिरने से उत्पन्न होती है। शिशु स्वयं हाथ एवं पैर की क्रियाएं करता है किन्तु जब उसकी स्वतंत्र क्रियाओं में अवरोध उत्पन्न होता है तो क्रोध का संवेग उत्पन्न होता है। शिशु के प्रति सहानुभूति व्यवहार एवं गुदगुदाने की क्रिया से अनुराग संवेग की उत्पत्ति होती है।

संवेगात्मक विमाएँ–

संवेग में वैयक्तिकता पाई जाती है। एक ही संवेगात्मक उत्तेजना के प्रति अलग–अलग व्यक्तियों में अलग–अलग हाव–भाव का प्रदर्शन देखा जा सकता है किसी संवेगात्मक उत्तेजना के प्रति व्यक्ति किस प्रकार के संवेग की अभिव्यक्ति करेगा। यह उसके अधिगम पर निर्भर करता है। किसी उद्दीपक को देखने का दृष्टिकोण प्रत्येक व्यक्ति का अलग–अलग होता है। इसी कारण संवेगात्मक विकास एवं अभिव्यक्ति में भी वैयक्तिकता पाई जाती है। मनोवैज्ञानिक सैन्फोर्ड के अनुसार संवेग में निम्नलिखित विमाएं निहित होती हैं जिनका विवरण नीचे दिया जा रहा है।

1. उच्च–निम्न– इस विमा पर व्यक्ति के संवेगों की अभिव्यक्ति अत्यधिक उच्च स्तर एवं अत्यधिक निम्न स्तर की पाई जाती है। जैसे कुछ व्यक्ति प्रेम संवेग की अभिव्यक्ति उच्चतम रूप से करते हैं अर्थात् उन्माद की स्थिति उनमें पाई जाती है जबकि कुछ व्यक्तियों में निम्नतम स्तर पर प्रेम की अभिव्यक्ति पायी जाती है।
2. प्रबल एवं दुर्बल– इस विमा पर व्यक्ति के संवेगों की तीव्रता का ज्ञान होता है कि प्राणी में पाया जाने वाला संवेग अधिक तीव्र हो सकता है व कम तीव्र अर्थात् दुर्बल या कमजोर एक ही उद्दीपन के प्रति कुछ व्यक्तियों में प्रबल क्रोध एवं कुछ व्यक्तियों में दुर्बल क्रोध की अभिव्यक्ति होती है। प्रबल–दुर्बल विमा सभी प्रकार के संवेगों में पाई जाती है।
3. बहुत कम– किसी व्यक्ति में संवेग अधिक मात्रा में पाया जाता है और कुछ व्यक्तियों में अत्यधिक कम या क्षीण रूप में। अपनी संतान की सफलता एवं सुकर्म पर कुछ लोग अत्यधिक खुशी व्यक्त करते हैं तो कुछ लोग अत्यधिक कम या व्यक्त ही नहीं करते। इस प्रकार की विमीय विशेषता अन्य संवेगों में भी पाई जाती है।
4 व्यापक प्रसार–सीमित प्रसार– किसी संवेग का प्राणी पर कितना प्रसार या फैलाव है का ज्ञान इस विमा से होता है। किसी डरावनी वस्तु या उद्दीपक को देखकर भय की उत्पत्ति स्वाभाविक है किन्तु गय के फैलाव में अंतर हो सकता है। किसी बालक ६ व्यक्ति में भय का फैलाव अधिक न किसी में कम सकता है।
5. नियंत्रित अनियंत्रित अभिव्यक्ति नियंत्रित अनियंत्रित विमा का तात्पर्य यह है कि किसी व्यक्ति में किसी संवेग की अभिव्यक्ति स्वतंत्र या अनियंत्रित रूप में होती है व किसी व्यक्ति में नियंत्रित रूप में। उदाहरणार्थ– क्रोध की स्थिति में कुछ लोगों द्वारा चिल्लाना, तेज आवाज में बोलना तथा आक्रामक व्यवहार करना, अनियंत्रित अभिव्यक्ति माना जाता है, जबकि कुछ लोगों में क्रोध की स्थिति मे मनमसोस कर रहना, मन–ही–मन क्रोध करने का व्यवहार, नियंत्रित अभिव्यक्ति होती है। इसी प्रकार खुशी में कुछ लोग ठहाका मार कर हंसते हैं अनियंत्रित एवं कुछ लोग खुशी की अभिव्यक्ति केवल मुस्कुराकर करते हैं नियंत्रित अभिव्यक्ति है ।
6. स्वाभाविक – अस्वाभाविक इस विमा का तात्पर्य है कि व्यक्ति में उत्पन्न होने वाला संवेग स्वाभाविक परिस्थिति में है या स्वाभाविक भयावह उद्दीपक को देखकर भय संवेग की उत्पत्ति स्वाभाविक है, किन्तु संतान की सफलता पर माता–पिता का दुखी होना अस्वाभाविक संवेगात्मक अभिव्यक्ति है। इसी प्रकार किसी व्यक्ति की मृत्यु पर हंसना एवं किसी बालक के जन्म पर रोना अस्वाभाविक अथवा असंगत संवेगात्मक अभिव्यक्ति होती है। किन्तु कुछ परिस्थितियों में संवेगों की अस्वाभाविक अभिव्यक्ति स्वाभाविक हो जाती है, जैसे किसी मुर्दे को देखकर कब्र खोदने वाले में खुशी का अनुभव एवं अनोखी मुस्कान एक प्रकार की स्वाभाविक अभिव्यक्ति पाई जाती है।

बालक के जीवन में संवेगों का महत्व–

जीवन के विकास में बालकों के लिए संवेगों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। मनोवैज्ञानिक अध्ययनों द्वारा बालकों में पाये जाने वाले संवेगों के महत्व को प्रमाणिक माना गया है। बालकों की दैनिक क्रियाओं से स्वयं को आनन्द की प्राप्ति होती है। एक तरफ बालक को जीवन में हर्ष, खुशी, अनुराग एवं जिज्ञासा नामक संवेगों से सुख की प्राप्ति होती है तो दूसरी ओर क्रोध, भय, डर एवं आक्रामकता, घृणा की अभिव्यक्ति से बालक अपने आपको तनाव से मुक्त रखता है। संवेग जीवन के लिए उतना ही महत्वपूर्ण एवं आवश्यक है जितना कि भोजन एवं सांस लेना। मानव एवं पशु में समान प्रतिक्रियाएं पाई जाती है । भय एवं क्रोध आदि की स्थिति में संवेग एक आपातकालीन क्रिया है जो व्यक्ति को दूर भागने या प्रतिकार करने के लिए प्रेरित करती है। लैंगिक प्रक्रिया एवं शिशु के प्रति रागात्मक भाव के रूप में संवेग महत्वपूर्ण व्यवहार करते हैं। बालक चेतना या अचेतन रूप से संवेगों की अभिव्यक्ति दूसरों को प्रभावित करने के लिए करता है। छोटे बालक अपनी इच्छाओं की पूर्ति एवं अपनी बात मनवाने के लिए रोने–चिल्लाने व जमीन पर लेट जाने आदि का व्यवहार करता है। क्रोध की अवस्था में बालक का मुट्ठी बांधना, शरीर को अकड़ लेना अपने से छोटे बालकों पर प्रभुत्व प्रदर्शित करने का व्यवहार

करता है। आनन्द के सम्बन्ध में हरलॉक (1978) का विचार है कि शारीरिक आधार पर आनन्द प्रकृति की अनुपम औषधि है। जिससे तनाव की समाप्ति एवं आराम की प्राप्ति होती है। जब बालक अपनी संवेगात्मक प्रतिक्रियाओं की पुनरावृत्ति करता है तो ये संवेगात्मक प्रतिक्रियाएं आदत के रूप में विकसित हो जाती हैं। सुखदायी संवेगात्मक प्रतिक्रियाओं से बालकों में आदतों का निर्माण होता है।

अध्ययन **के उ**द्देश्य–

1. श्रवण बाधित विद्यार्थियों की संवेगात्मक स्थिरता जानना ।

(अ) श्रवण बाधित बालक एवं बालिका विद्यार्थियों की संवेगात्मक स्थिरता की तुलना करना।

(ब) कला वर्ग के श्रवणबाधित बालक एवं बालिका विद्यार्थियों की संवेगात्मक स्थिरता की तुलना करना ।

(स) विज्ञान वर्ग के श्रवणबाधित बालक एवं बालिका विद्यार्थियों की संवेगात्मक स्थिरता की तुलना करना ।

अध्ययन **वि**धि–

प्रस्तुत अध्ययन में अध्ययन के उद्देश्यों एवं प्रकृति को ध्यान में रखकर वर्णनात्मक सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।

न्यादर्श–

प्रस्तुत शोध जो कि माध्यमिक विद्यालयों के श्रवण बाधित विद्यार्थिकों के लिए व जनसंख्या 93 है। न्यादर्श का चुनाव उद्देश्यपूर्ण विधि द्वारा किया गया है।

जनसंख्या–

प्रस्तुत अध्ययन गोरखपुर मंडल की सीमा में स्थित माध्यमिक विद्यालय जिनकी संख्या 75 है में अध्ययनरत् 93 श्रवणबाधित विद्यार्थियों पर किया गया है। अतः गोरखपुर मंडल की सीमा में स्थित माध्यमिक विद्यालयों के समग्र श्रवण बाधित विद्यार्थी अध्ययन की जनसंख्या है।

प्रयुक्त **श**ोध **उ**पकरण–

प्रस्तुत अध्ययन में निम्नलिखित मानकीकृत परीक्षणों का प्रयोग किया गया है–

संवेगात्मक स्थिरता इन्वेन्ट्री जो कि संजय बोरा द्वारा निर्मित है तथा नेशनल साइक्लोजिकल कार्पोरेशन आगरा द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित है।

विवेचना–

उपरोक्त अध्ययन के निष्कर्ष से यह ज्ञात होता है कि श्रवण बाधित विज्ञान वर्ग के बालक एवं बालिका विद्यार्थियों के संवेगात्मक स्थिरता में सार्थक अंतर इसलिए नहीं पाया गया क्योंकि विज्ञान वर्ग के बालक एवं बालिका दोनों ही विद्यार्थियों में संवेगात्मक स्थिरता की दृष्टि से लगभग समान स्थिति प्रदर्शित करते हैं। साथ ही विज्ञान वर्ग विद्यार्थियों में वैज्ञानिक अभिवृत्ति वाले होते हैं जिससे उनके संवेगात्मक स्थिरता पर लिंगभेद का विशेष प्रभाव नहीं पाया गया है। इसके साथ इस वर्ग के श्रवण बाधित बालक एवं बालिका विद्यार्थियों की संवेगात्मक स्थिरता उत्तम पाई गई है। जैसा कि उनके संवेगात्मक स्थिरता के प्राप्तांक से स्पष्ट है कि जिनका मध्यमान क्रमशः 62.83 तथा 59.08 है।

निष्कर्ष **की शै**क्षिक **उ**पयोगिता–

1. प्रस्तुत अध्ययन के निष्कर्ष के आधार पर श्रवण बाधित विद्यार्थियों के शिक्षा हेतु शिक्षकों को आवश्यक मनोवैज्ञानिक ढंग से प्रशिक्षित किया जा सकता है।
2. प्रस्तुत अध्ययन के आधार पर श्रवण बाधित व्यक्तियों में अपेक्षाकृत अभिक्षमता को सृजनात्मक बुद्धि तथाअन्य विकासात्मक गुणों का विकास किया जा सकता है।
3. प्रस्तुत अध्ययन के निष्कर्ष शिक्षा प्रशासकों, संस्थानों एवं प्रधानों को विद्यालय के वातावरण में इन विद्यार्थियों को आवश्यक वातावरण तैयार में मददगार होंगे।

संदर्भ **ग्र**ंथ **सू**ची –

1. पुनर्वास के आयाम– जे0से0फ०ए०आर० डॉ०, संस्करण द्वितीय (2005). प्रकाशन–समाकलन पब्लिशर्स विकलांग समाकलन संस्थान, करौदी, बी०एच०यू०, वाराणसी, पृ0सं0– 60–68।
2. सिंह, अरूण कुमार– शिक्षा मनोविज्ञान (2010), नईदिल्ली प्रकाशन, पृ0सं0–284।
3. सिंह, अरूण कुमार एवं सिंह, कुमार आशीष– आधुनिक सामान्य मनोविज्ञान (2011), मोतीलाल बनारसीदासजवाहर नगर दिल्ली, पृ०सं०– 102–109।
4. उपाध्याय, कुमार राजेन्द्र– विकासात्मक मनोविज्ञान (2009), प्रकाशक– मोतीलाल बनारसीदास प्रकाशन, दिल्ली, पृ०सं० 286–293।

Reinventing Teacher Education in context of NEP-2020

Shipra kumari
Asst. Prof.

Introduction - India's aspiration to become a knowledgeable society, reverberating with educated and skilled individuals of high standards that are required to meet the challenges of the 21st century will require us to ensure a strong foundation to our school education system. Based on the principles of equity, quality, accessibility and affordability the **NEP-2020** brings the focus back on children as well as teacher. The **NEP-2020** stated goal is to "reinstate" teachers as the "most respected members of our society." empowerment of teachers remains a recurrent theme in the policy, and it is understood that this can be achieved by ensuring their livelihood , respect , dignity and autonomy", while ensuring quality and accountability .

Need of present time -

- In present time, we need to keep abreast with not only the curriculum in the textbook but also the ever evolving technology, changing teaching style as well as continuously update themselves with the culture and beliefs that shape up the student of today.
- Multidisciplinary environment is key requirement for the holistic development of individuals
- Teachers also need to play a more conscious role in supporting the parents, community, as well as school management in developing the child.
- As technology and blended learning become a part of our daily lives, and life skills like collaboration, creativity, and curiosity become more essential to succeed as professionals and individuals in the world.
- Teachers has need to become mentor students and link real-life experiences and skills with the curriculum that they teach.
- Most importantly, teaching needs to be student –centric and joyful to foster the joy of learning and discovering among young people who will be leaders and entrepreneurs of the world.

NEP 2020 has proposed to revise and revamp aspect of teacher education, in line with current trends, including its structure, regulation, and governance through radical action so as to raise standards and restore integrity, credibility, efficacy, and high quality to the teacher education in the country. Recognizing the ' power of teacher' , NEP 2020 has put in place systematic reforms that would help 'teaching' emerge as an attractive profession of choice for bright and talented young minds and has put in place different intervention like **ITEP ,NPST , NMM** ,and at least 50 hours of **CPD** for every teacher in a year .

The 4year Integrated Teacher Education Programme (ITEP), a dual-major holistic bachelor's degree programme offering B.A./B.Sc./B.Com. B, Ed. Will be the minimum entry requirement for teacher. All stand-alone **Teacher Education Institutes TEIs** will be required to transform to multidisciplinary by 2030.

ITEP will teach cutting –edge pedagogy and offer a foundation in **ECCE**, **FLN**, toy-based pedagogy, stage –based pedagogy, inclusive education, and a comprehension of India and its values/ethos/art/traditions, among others.

The roll out of National Professional Standards for Teachers (NPST) is a continuum in teacher education so far as it would cover expectations for the role of teacher at different levels

of expertise/experience at different stages of his/her career, and the competencies required for that stage .As and when it fully evolves, linkage of career promotion, financial incentives, etc. will enable the teachers to strive for the next level of professional competencies.

National Mission for Mentoring (NMM) for schools will be operationalised by **NCTE** by creating a large pool of outstanding senior / retired faculty as potential mentors for mentees, regardless of the age or position of the mentor and mentee who will contribute towards realising 21st century developmental goals of our nation .NMM underlines the importance of the short and long-term mentoring /professional support to teachers and teachers educators.

NEP-2020 envisages each teacher to undergo at least 50 hours of CPD per year. To realize the vision of **NEP-2020,** recently, **NCERT** under the aegis of **MOE,** in collaboration with states/UTs and autonomous bodies have initiated the **NISHTHA** integrated training programme **1.0, 2.0, and 3.0** online for different stages of school education.

Conclusion

The multipronged approach adopted by NEP-2020 is likely to revitalize the teacher education, allow bright student to opt for ITEP as a matter of choice rather than by chance, and interventions like NPST, NMM, CPD, etc. contribute to qualitative change in teachers' pedagogic transaction .Simultaneously, efforts will also have to be made to phase out the sub-par teacher training institutes and D. El. Ed. Courses.

भारतीय उच्च शिक्षा, अनुसंधान एवं शिकारी पत्रिकाओं का फैलता जाल एक समीक्षा

मीना कुमारी
शोधार्थी

इक्कीसवीं सदी का दूसरा दशक उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण दशक के रूप में देखा जा सकता है। यह दशक वैश्विक स्तर पर अनुसंधान एवं शोध पत्रों की गुणवत्ता पर गहन चर्चा, शोध साहित्य की चोरी आदि पर बनाए गए विभिन्न नियमों, कानूनों का साक्षी रहा है। भारतीय उच्च शिक्षा तंत्र भी इन समस्त चर्चाओं एवं परिवर्तनों से अछूता नहीं रहा है। अनुसंधान की स्तरीयता एवं गुणवत्ता इससे पूर्व कभी भी इतनी गंभीर चर्चा का विषय नहीं था। इस समयावधि के दौरान भारतीय उच्च शिक्षा की सर्वोच्च नियामक संस्था विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यू.जी.सी.) ने कई नियम बनाए और अनुभवों के आधार पर उसे परिवर्तित भी किया। यह दशक उच्च शिक्षा में कार्यरत समस्त शिक्षकों के लिए और शोधार्थियों के लिए भी अत्यंत महत्व का रहा। गुणवत्ता की इस कड़ी में शिक्षकों के समस्त कार्यकलापों एवं अनुसंधान की समस्त रचनात्मकता को अकादमिक निष्पादन सूचकांक एवं उसे शिक्षकों की प्रोन्नति से जोड़ दिया गया। सामान्यतः इन प्रयासों को गुणवत्ता में वृद्धि से जोड़कर न देखने के बजाय ये गुणवत्ता में ह्रास का कारण बनते चले गए। इस कारण पुनः इन प्रावधानों को परिवर्तित एवं संशोधित किया गया। इन्हीं प्रयासों के परिणामस्वरूप शिकारी पत्रिकाओं का उद्भव एवं तत्पश्चात् उनका पराभव भी देखा गया। अवधि का सकारात्मक पहलू यह था कि परिवर्तन यथा समय कर लिए गए, जिसमें यू.जी.सी. की जर्नल लिस्ट के उपरांत यू.जी.सी. की केयर लिस्ट गुणवत्ता उत्तम उदाहरण है। नियंत्रण के प्रयासों का एक विज्ञान सार्वभौमिक होता है, अतः वैज्ञानिक सूचनाओं एवं प्राप्तियों को साझा किया जाना वैज्ञानिक प्रगति का आधार है एवं वैज्ञानिक शोध पत्रिकाएँ इस साझेदारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं (डेमिर, 2018)। किसी भी वैज्ञानिक खोज एवं आविष्कार की प्रथम शर्त होती है कि उसे वैज्ञानिक समुदाय के सामने चर्चा एवं आलोचना के लिए रखा जाए ताकि उसकी विश्वसनीयता, सत्यता एवं वैधता साबित हो सके और इस प्रकार की चर्चा एवं आलोचना के लिए पारंपरिक रूप से वैज्ञानिक पत्रिकाएँ एक प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराती हैं। इस तरह के प्लेटफॉर्म पर एक शोधार्थी पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने अनुसंधान की प्राप्तियों नए सीमाओं की चर्चा करता है। इस प्रकार के प्रकाशन था। में प्रकाशन की प्रक्रिया अत्यंत जटिल होती है एवं कों प्रकाशन से पूर्व किसी भी शोध पत्र को कई गुणवत्ता जाँच के दौर से गुजरना होता है, जिसमें सर्वप्रथम संपादकीय निर्णय एवं तदुपरांत एक कठिन एवं जटिल समीक्षा की प्रक्रिया से गुजरना होता है जिसे (पीयर रिव्यूड) कहा जाता है और ऐसी समीक्षाओं के जटिल दौर से गुजरने एवं न कई बार आवश्यक संशोधनों के उपरांत उपयुक्त पाए जाने के बाद ही, कोई भी अनुसंधान पत्र प्रकाशित होकर अपने त्रुटिरहित रूप में वैज्ञानिक समुदाय के सामने आता है। वैज्ञानिक अनुसंधान की उत्कृष्टता एवं प्रगति का भारतीय इतिहास अत्यंत समृद्ध रहा है (सीतापति और अन्य, 2016)।

शिकारी शोध पत्रिकाएँ पिछले एक दशक से संपूर्ण विश्व के लिए चिंता का विषय बनी हुई हैं। पिछले कुछ वर्षों से अकादमिक प्रकाशनों की निष्ठा पर शिकारी पत्रिकाओं ने प्रश्न चिह्न खड़े कर दिए हैं (बर्थोलोम्यु, 2014)। क्योंकि शिकारी प्रकाशकों एवं शिकारी पत्रिकाओं की बाढ़ सी आ गई है, जो लेखकों से पैसे लेकर गुणवत्ता विहीन सामग्री भी छापने को तत्पर हैं। इस प्रकार की शिकारी पत्रिकाएँ समकक्ष व्यक्ति समीक्षित होने का दावा तो करती हैं, परंतु वास्तव में वे समकक्ष व्यक्ति समीक्षित नही होती हैं (एरिक्सन और हेलेग्सन, 2016)। इतना ही नहीं, इस प्रकार की पत्रिकाओं को संरक्षित करने हेतु वर्तमान समय में कई ऐसी संस्थाएँ भी खड़ी हो गई हैं जो इस प्रकार की पत्रिकाओं की रैंकिंग एवं उनके इम्पैक्ट फैक्टर के निर्धारण का काम करती हैं (पटवर्धन, 2019) और आश्चर्यजनक रूप से शिकारी पत्रिकाओं द्वारा उनका इम्पैक्ट फैक्टर भी प अत्यंत उच्च बताया जाता है। उच्च इम्पैक्ट फैक्टर के लिए उन्हें सिर्फ मनचाहे इम्पैक्ट फैक्टर निर्धारण की एजेंसी से संपर्क करना होता है। एक और चिंता का विषय यह है कि वर्तमान समय में इंटरनेट आधारित ऑनलाइन शिकारी शोध पत्रिकाएँ अधिक लोकप्रिय होने की वजह से गूगल पर कोई भी की–वर्ड सर्च करने पर सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन के कारण शिकारी पत्रिकाओं में छपे शोध ही सबसे ऊपर दिखाई देते हैं। ये आने वाले दिनों में अत्यत विकट स्थिति पैदा कर सकते हैं एवं निम्न स्तरीय अनुसंधान पत्रों को स्तरीय अनुसंधान पत्रों के रूप में स्थापित एवं लोकप्रिय बना सकते हैं। इस प्रकार के कार्यों का बढ़ावा देने में सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी का योगदान भी महत्वपूर्ण रहा है। क्योंकि सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी के विकास ने ऑनलाइन पत्रिकाएँ आरंभ किया जाना एवं उनका सतत संचालन न केवल आसान बना दिया, अपितु उसकी प्रशासनिक जटिलता एवं संधारण को आसान एवं सस्ता बना दिया। वैसे यदि देखा जाए तो इंटरनेट ने हमारे जीवन को परिवर्तित एवं उन्नत बनाने के लिए अनगिनत प्रयास किए हैं, जिसमें त्वरित रूप से वैज्ञानिक जानकारी को वैश्विक स्तर पर साझा करने की क्षमता भी है। परंतु इंटरनेट आधारित तकनीकों ने प्रकाशित वैज्ञानिक शोध की विश्वसनीयता एवं वैधता के लिए एक खतरा भी पैदा कर दिया है (नहाई, 2015)।

शिकारी पत्रिकाओं की ओर वैश्विक ध्यान केंद्रित करने का श्रेय जेफ्रे बिआल (जो कि यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो डेन्वेर में पुस्तकालयाध्यक्ष थे) को जाता है। 'प्रिडेटरी जर्नल्स' शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम उन्होंने किया जिसे इस समस्त शोध पत्र में 'शिकारी पत्रिका' के रूप में संबोधित किया गया है। उन्होंने अपने अध्ययनों के आधार पर शिकारी पत्रिकाओं की सूची बनाई (बिआल, जे., 2015 कार्टराईट, 2016 क्लार्क और स्मिथ, 2015 क्लेमन और अन्य, 2017 मानका और अन्य,

2018 मास्टन और ऐशक्राफ्ट, 2016 नरिमानी और डादका, 2017 शमशीर और अन्य, 2017 श्याम, 2015 जिया, 2015)। इस सूची के जारी होने के उपरांत अचानक वैश्विक स्तर पर विद्वत वैज्ञानिक समुदाय के मध्य इन पत्रिकाओं को लेकर एक बहस छिड़ गई और इन शिकारी पत्रिकाओं को प्रतिबंधित करने की माँग की जाने लगी। भारत में शिकारी पत्रिकाओं के बढ़ते जाल को नियंत्रित करने एवं शोध प्रकाशनों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के क्रम में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 2019 में एक समिति बनाई। इस समिति ने यू.जी.सी. द्वारा पूर्व में जारी सूची से लगभग 4000 शिकारी पत्रिकाओं को बाहर कर दिया (पटवर्द्धन, 2019)। कुक के शोध अध्ययन में वर्ष 2013 से 2017 के बीच शिकारी पत्रिकाओं की कुल संख्या में 600 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई (कुक, 2017) इस संदर्भ में यह स्पष्ट करना भी समीचीन होगा कि विभिन्न अनुसंधानों में यह पाया गया है कि वैश्विक स्तर पर प्रकाशित की जा रही शिकारी पत्रिकाओं में से लगभग 62 प्रतिशत पत्रिकाएँ भारत से छपती हैं (डेमिर, 2018)। डेमिर के अध्ययन के अनुसार भले ही लगभग 62 प्रतिशत शिकारी पत्रिकाएँ भारत से छपती हों, परंतु भारतीय शोधार्थियों द्वारा मात्र 10 प्रतिशत शोध पत्र ही इन शिकारी पत्रिकाओं में प्रकाशित कराया जाता है, परंतु (पटवर्धन, 2017) के अनुसार, कई शिकारी पत्रिकाएँ भारत से प्रकाशित होती हैं एवं इनमें छपने वाले शोध पत्रों में भी क भारतीय शोधार्थियों का योगदान बढ़ा है। ये शिकारी पत्रिकाएँ उच्च शिक्षा एवं अनुसंधान भ के संदर्भ में कई गंभीर प्रश्न खड़े करती हैं, जिसमें अ सबसे पहला प्रश्न तो यही है कि किन परिस्थितियों में इस प्रकार की अनुसंधान पत्रिकाओं की आवश्यकता वै पड़ी? इन शिकारी पत्रिकाओं के प्रसार को कैसे उपयुक्त वातावरण उपलब्ध हुआ? क्यों उच्च शिक्षा में कार्यरत शिक्षक इन शिकारी पत्रिकाओं में प्रकाशन के लिए मजबूर हुए? इनका संभावित कारण यह हो सकता है कि उच्च शिक्षा में शिक्षकों के मूल्यांकन हेतु मानदंडों के रूप में उनके द्वारा लिखे एवं प्रकाशित किए गए शोध पत्रों को अत्यधिक महत्व प्रदान किया गया अर्थात् शिक्षकों की कर्मठता एवं गुणवत्ता का एक पैमाना उनके द्वारा लिखे गए एवं प्रकाशित किए गए शोध पत्रों को माना गया। साथ ही शिक्षकों की प्रोन्नति को उनके द्वारा किए गए प्रकाशनों की कुल संख्या से जोड़ दिया गया, तब से शिकारी पत्रिकाओं की बाढ़–सी आ गई थी। इसके अतिरिक्त दूसरा कारण यह हो सकता है कि उच्च शिक्षा में संलग्न विश्वविद्यालयों के शिक्षकों पर धीरे–धीरे अनुसंधान करने का दबाव बढ़ा और उस अनुसंधान की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिष्ठित वैज्ञानिक शोध पत्रिकाओं में उनके अनुसंधान पत्र का प्रकाशन अनिवार्य माना गया। ऐसे में समस्त शिक्षकों के सामने यह समस्या उत्पन्न हो गई कि यदि निर्धारित समय सीमा में पर्याप्त मात्रा में उनके नाम पर शोध पत्रों का प्रकाशन नहीं हुआ तो उनकी प्रोन्नति रुक जाएगी और उन्हें उनकी पेशेवर प्रोन्नति के साथ–साथ आर्थिक नुकसान भी होगा। इस प्रकार एक शिक्षक के द्वारा किए गए अनुसंधान का मूल्यांकन संख्याओं का खेल हो गया, यथा प्रकाशनों की कुल संख्या, साथ ही मैट्रिक्स, जैसे इंडेक्स, इम्पैक्ट फैक्टर, कुल साईटेशन की संख्या, ऑल्टमीट्रिक स्कोर आदि और इस स्थिति 'प्रकाशित करें या नष्ट हो जाएँ' (पब्लिश या पेरिश) के वातावरण की संज्ञा दी गई (कार्टराईट, 2016)।

इस **प्र**कार **श**ोध **प्र**काशन **को** कुछ शिक्षक कुछ ऐसी शोध पत्रिकाओं की तलाश करने लगे, जिनमें यथासंभव कम से कम समय में शोध पत्रों का प्रकाशन सुनिश्चित हो सके। शिक्षकों की इन आवश्यकताओं का लाभ उठाते हुए कई प्रकाशकों ने अपनी–अपनी शोध पत्रिकाएँ आरंभ कर दीं और इन सभी शोध पत्रिकाओं में भावी प्रोन्नति के लिए इच्छुक शिक्षकों के शोध पत्र एवं आलेख अपेक्षाकृत ज्यादा जल्दी स्वीकृत होने लगे। जिसके लिए सामान्यतः लेखकों से कुछ धनराशि प्रकाशन शुल्क के रूप में ली जाने लगी और पाठकों के लिए पत्रिका निःशुल्क कर दी गई। जैसा कि नेचर पत्रिका में प्रकाशित अपने आलेख में प्रोफेसर भूषण पटवर्धन ने माना है कि 2013 में डॉक्टरेट की उपाधि के लिए शोधार्थी के लिए यह अनिवार्य किया गया था कि वह आवश्यक रूप से कम से कम दो शोध पत्र प्रकाशित करे, जिसके पीछे यह मंशा थी कि शोध की गुणवत्ता में वृद्धि होगी, परंतु इस नियम ने शोध में भ्रष्टाचार को ज्यादा बढ़ावा दिया (पटवर्द्धन, 2019)। इतना ही नहीं कई बार शोध पत्र स्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण हो, परंतु उसका प्रकाशन किसी शिकारी पत्रिका में कर दिया गया हो तब उस शोध पत्र की गुणवत्ता, वैधता एवं शिक्षित समुदाय में उसकी स्वीकार्यता कम हो जाती है, क्योंकि उसका प्रकाशक एक शिकारी प्रकाशक है (रोबर्ट्स, 2016)।

इन समस्त संस्थाओं द्वारा प्रकाशित शोध पत्रिकाओं एवं को मुक्त शैक्षिक संसाधन के लाइसेंस के अंतर्गत समस्त पाठकों के लिए निःशुल्क ऑनलाइन एवं स ऑफलाइन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही, यदि ऐसी अनुसंधान पत्रिका कोई अन्य प्रकाशक या गैर सरकारी संस्था प्रकाशित कर रही हो तो एक शोध पत्र प्रकाशित करने के लिए लेखक से प्राप्त किए जाने वाले शुल्क की उच्च सीमा तय कर दी जाए। इसके अतिरिक्त इससे संबंधित नियम भी बनाए है जाएँ कि किसी अनुसंधान पत्रिका के एक अंक में अधिकतम कितने पत्र प्रकाशित किए जाएँगे। क्योंकि इस शोध पत्र के लेखन के दौरान शोधार्थी ने पाया है कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के समस्त प्रयासों के बावजूद कुछ शिकारी पत्रिकाएँ यू.जी.सी. केयर लिस्ट में अभी भी शामिल हैं और उनके एक अंक में 150 से लेकर 500 तक की संख्या में शोध व पत्र हाल के अंकों में प्रकाशित किए गए हैं। यह भी देखा जा रहा है कि कई शोध पत्रिकाएँ व जिनका केवल प्रिंट आई.एस.एस.एन. है, वे यू. जी.सी. केयर लिस्ट में शामिल होने के नाम पर उसी आई.एस.एस.एन. के साथ ऑनलाइन भी प्रकाशित की जा रही हैं एवं उनका व्यापार वर्तमान समय में उच्च स्तर पर है। इस प्रकार की शोध पत्रिकाओं को ब्लैकलिस्ट किए जाने, उनका आई. एस.एस.एन. रद्द किए जाने एवं इस प्रकार के प्रकाशकों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई किए जाने संबंधी सख्त कानूनों की आवश्यकता है। शोध पत्रिकाओं के द्वारा प्रतिवर्ष उनके निर्धारित आवृति से ज्यादा प्रकाशित किए जा रहे अतिरिक्त अंकों एवं विशेषांकों को पूर्णतः प्रतिबंधित किया जाना चाहिए, क्योंकि ज्यादा लाभ के चक्कर में कई शोध पत्रिकाओं का प्रत्येक माह एक सामान्य अंक के अलावा विशेषांक भी सतत प्रकाशित किया जा रहा है जो उन्हें गुणवत्तारहित सामग्री प्रकाशित करने के अवसर प्रदान कर रहा है। प्रकाशन से संबंधित नियमों में यह भी शामिल किया जाना चाहिए कि एक संपादक की योग्यता क्या होगी एवं उस अनुसंधान पत्रिका में न्यूनतम कितने संपादक होने चाहिए। यह एक अत्यंत प्रभावी कदम है

जो शोध पत्रों की गुणवत्ता नियंत्रण के लिए आवश्यक है। इसे समस्त शोध पत्रिकाओं के लिए अनिवार्य बना देने पर शिकारी पत्रिकाओं पर एक हद तक लगाम कसी जा सकती है।

'मेक इन इंडिया' की तर्ज पर भारतीय शिक्षकों एवं शोधार्थियों हेतु 'पब्लिश इन इंडिया' जैसा एक व्यापक अभियान चलाए जाने की आवश्यकता है एवं भारतीय भाषाओं की पत्रिकाओं में छपे शोध पत्रों को भी अंतर्राष्ट्रीय शोध पत्र की मान्यता दिए जाने की आवश्यकता है। भारतीय भाषाओं में प्रकाशित की जा रही शोध पत्रिकाओं को प्रोत्साहित करने हेतु उन्हें विशेष आर्थिक सहायता प्रदान की जा सकती है। शिक्षकों की प्रोन्नति में उनके प्रकाशनों पर अंक प्रदान करने के क्रम में यह नियम लागू किया जा सकता है कि भारतीय भाषाओं में प्रकाशन पर ज्यादा अंक प्रदान किए जाएँ या पद विशेष की अर्हता हेतु आवश्यक न्यूनतम शोध पत्रों का कुछ प्रतिशत हिंदी या अन्य भारतीय भाषा में प्रकाशित किया जाना, अनिवार्य किया जा सकता है। इन सबके अतिरिक्त हिंदी या भारतीय भाषाओं के शोध पत्रों हेतु संदर्भ ग्रंथ सूची की 'भारतीय पद्धति' या दिशा–निर्देश विकसित किए जाएँ एवं भारतीय भाषाओं में प्रकाशित अनुसंधान पत्रिकाओं की गुणवत्ता के भारतीय मानदंड एवं शोध पत्रिकाओं के भारतीय 'इम्पैक्ट फैक्टर' निर्धारण हेतु मानदंड निर्धारित किए जाएँ।

सारांशः यह कहा जा सकता है कि भारत में उच्च शिक्षा की नियामक संस्था विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा शोध प्रकाशनों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जारी यू.जी.सी. केयर लिस्ट एक स्वागत योग्य कदम है, परंतु सिर्फ यह सूची शोध प्रकाशनों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए काफी नहीं है। भारतीय शोध प्रकाशनों की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए भारत में शोध पत्रों के प्रकाशन के अवसरों की उपलब्धता और उनके प्रोत्साहन हेतु उपयुक्त नीति निर्माण एवं उनका क्रियान्वयन आवश्यक है। चंद बड़े प्रकाशन गृहों जिनका कब्जा लगभग एक सदी से वैश्विक वैज्ञानिक प्रकाशनों पर रहा है, उनके प्रभाव एवं प्रचार के जाल में उलझकर नवोदित शोध पत्रिकाओं को शिकारी पत्रिका की श्रेणी में रखकर उसे यू.जी.सी. केयर लिस्ट से बाहर कर देना, भारत में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की पत्रिकाओं के प्रकाशन के स्वप्न पर कुठाराघात है, जो गुणवत्तायुक्त अनुसंधान की संभावनाओं को कम एवं हिंदी तथा क्षेत्रीय भाषाओं में गुणवत्तापूर्ण प्रकाशनों के समस्त विकल्प को समाप्त कर सकता है। वर्तमान भारत में 'मेक इन इंडिया' की तर्ज पर 'पब्लिश इन इंडिया' के स्वप्न को साकार किए जा सकने वाले प्रयासों एवं नीतियों की आवश्यकता है।

संदर्भ :–

एरिक्सन. एस. और जी. हेलेगसन. 2017 द. फाल्स एकेडमी – प्रिडेटरी पब्लिसिंग इल साइंस बायोथिक्स मेडिसिन हेल्थ केयर एण्ड फिलोसफी।

क्लार्क.जे0, और आर.स्मिथ. 2015. फर्म एक्शन नीडेड अगेंस्ट जर्नल्स.बीएमजे (ऑनलाइन) 6 सितम्बर 2020 को https://doi.org/10.1136/bmj.h210 से प्राप्त किया गया है.

Innovative Techniques and Methods in Teaching English language

Partha Ghosh
Assit. Prof.

Languages came into existence, when the Homo sapiens started cooperating with one another. Therefore, answering the question, which is the oldest language in the world, is a rather difficult task. Eventually, the use of language became an important part of the human culture. It was not only used to communicate and share information with people around, but it also had many social and cultural uses. It came to be used for identifying a group, social grooming, entertainment, etc., among other things.

As time passed, many languages evolved and diversified, when people started traveling from one part of the world to another. Due to this fact, there are some languages which are spoken in different parts of the world.

Literature and Language are two faces of a coin. Literature is a pedagogic tool to learn language. Language comes next to food. We are so intimately familiar with it that we take it for granted like we do breathing or walking. Literature updates the development of the language. The present article intends to investigate the language interactions and classroom discourses that take place in 'Literature circles'. Literature can help learners to develop their understanding of other cultures, areness of differences and to develop the process of learning and understanding in general. Literature - written artistic works, particularly those with a high and lasting artistic value. Language - A system of communication consisting of sounds, words and grammar, or the system of communication used by the people of a particular country the teaching of Language is the one of the methods of efficient expression and communication, but the use of English as a means of communication has become a vital requirement. Most of the English teachers, who opt to teach English language, do not know how to teach, but thankfully there are some teachers in our country, who brought revolution with their teaching skills in their class rooms by accommodating Innovations in English Language Teaching.

Background

Presently, English teaching in India is carried on formalistic and ritualistic method, without much involvement on the part of the teachers towards learners. English teaching has become an Exam-oriented, Course-centered or Degree-purposed exercise and the teachers never tried to develop English Teaching that should cater to the relevance of the present day needs. Further, being in the post-independent era, the assumption is to be still living on received knowledge, partly because of the impact of Colonialism and partly because of the appreciation and admiration for the West.Probably there is a lack of a spark, which can light the fire of skills and compel teachers to think about their own cultural requirements and situations. Several factors should be taken into account in developing, discovering and planning the system of education, particularly English Teaching Skills.

Therefore focusing on the real aims, true objectives and factual targets of teaching, the Following two facts should be considered in order of its importance:

1. Most of the teachers cover the syllabus prescribed by the University with much difficulty.
2. Most of the students enroll themselves only to get a certificate.

These two major issues lead both the teacher and the learner to neither a true nor emotional Involvement nor a creative and critical thinking over English Teaching programmes or the System of Education.

Change the un-changed

A great saying goes "Change is the law of Nature", "Change is the biggest boon of Universe". We know that seasons change, habits change, attitudes change etc., and even every living thing would see many changes from their birth to death. So in view of this, why the education system can't change with new methodologies, new skills or new innovations? We the teachers believe that we are the builders of future generation and consider ourselves to bring change, but did we ever rethink as far as our curriculum is concerned? Have we ever worried about the quality of Education? Or have we ever observed, what kind of English we are imparting to our students? So, in view of all these factors, only the teachers can evolve a model, they themselves should re-orient with new skills, innovations and methodologies to impart the accurateknowledge of English Education to the learners.

Initiatives in the realm of innovations

A couple of decades ago, the teachers would ask students to read English newspapers regularly, listen to All India Radio and watch Television English news, but now-a-days it is not possible due to advanced technology like the short messages service of Cell phones, Emails on internet and Social networking sites like face book, twitter and blogs. Unfortunately this era force learners to modify the spelling of common words, grammar of the language and literary forms into their own innovative jargons. Such type of English users easily hide their inability and ignorance of the language behind the curtain. There is another aspect to this phenomenon; today's children are very much familiar with the English Lexicon as they were not few decades ago. Moreover the urban children get better and richer in English language than the rural students. The post globalization era also has an impact on English language.

In this globalized scenario, there is a constant need for innovation; one of the important Innovations is the "attitude of teacher in the class room" and "continuous and comprehensive Evaluation". To substantiate the above-said innovation, there is one example. Some time back few of the Indian states followed the policy of teaching English which used to begin in Class VI in the Government Schools with regional language as their medium of instruction, later the policy was changed and English was introduced in Class III and currently it is being taught from Class I.

7000 लोग केवल इसलिए स्वामी विवेकानंद के इन शब्दों से मंत्र–मुग्ध हो गए क्योंकि उन्हें लगा ही नहीं था की हजारो मील दूरसे आया कोई व्यक्ति उन्हें अपना भाई और बहन कहकर संबोधित कर सकता है। स्वामी विवेकानंद ने आगे कहा–

मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसे देश से हूं, जिसने इस धरती के सभी देशों और धर्मों के सताए लोगों को अपनी शरण में रखा है।

आपने जिस स्नेह के साथ मेरा स्वागत किया है उससे मेरा दिल भर आया है, मैं आपको अपने देश की प्राचीन संत परंपरा की तरफ से धन्यवाद देता हूं। मैं आपको सभी धर्मों की जननी की तरफ से भी धन्यवाद देता हूं और सभी जाति, संप्रदाय के लाखों, करोड़ोंहिंदुओं की तरफ से आभार व्यक्त करता हूं। मेरा धन्यवाद कुछ उन वक्ताओं को भी जिन्होंने इस मंच से यह कहा कि दुनिया में सहनशीलता का विचार सुदूर पूरब के देशों से फैला है।

ये वो भाषण है जिसने पूरी दुनिया के सामने भारत को एक मजबूत छवि के साथ पेश किया।

□□□

मेरे सपनों का भारत 2047

दिव्यांशु
डी.एल.एड. 2022–24

मैं 2047 में अपने सपनों के भारत को एक महान देश के तौर पर कल्पना करती हूँ। 25 साल बाद साल 2047 में देश को आजादी मिले 100 साल हो जाएंगे। आने वाले 25 साल देश के लिए अमृतकाल हैं। हालांकि देश पिछले 75 वर्षों से निरंतर विकास के पथपर है, लेकिन आने वाले 25 वर्षों में हम भारतीयों को उतना ही शक्तिशाली बनना होगा जितना हम पहले कभी नहीं थे।हमें संसाधनों के इष्टतम उपयोग के साथ कार्बन मुक्त और हरित विकास के साथ आगे बढ़ना चाहिए। पर्यावरण सबसे महत्वपूर्णविषय है, आज की बढ़ती जनसंख्या के कारण हम जिस तरह पर्यावरण को नष्ट करते जा रहे है यदि यही हाल रहा तो भविष्य मेंआने वाली पीढ़ी चैन की सांस भी नही ले सकेगी।हमें एक लक्ष्य निर्धारित करना होगा कि स्वतंत्रता के 100 वर्ष पूरे करने के बाद हम भारत को कहां देखते हैं। इसके लिए सभीदेशवासियों को बिना किसी भेदभाव के मिलकर देश के विकास के लिए काम करना होगा, ताकि देश में एकता की भावना पैदा होऔर खंडित सोच से मुक्ति मिल सके। वस्तुतः इस 'अमृतकाल' का लक्ष्य एक ऐसे भारत का निर्माण करना है जिसमें सभी आधुनिकहों। मैं 2047 में एक ऐसे भारत की कल्पना करती हूँ जिसमें हमारा जीवन समृद्ध हो और हम किसी देश के सम्मुख हाथ न फैलाएं।

हम 2047 तक ऐसे भारत की कल्पना करते हैं जिसमें एक बार फिर सांस्कृतिक और आध्यात्मिक दृष्टि से विश्व का नेतृत्व करने मेंसक्षम हो। हमारी संस्कृति विश्व की श्रेष्ठ संस्कृतियों में से एक है। 2047 तक भारत को एक ऐसा देश होना चाहिए जहां सभी केलिए समानता की स्वतंत्रता हो। महिलाएँ सुरक्षित हो, शिक्षित हो, महिलाएँ सड़क पर स्वतंत्र रूप से चलें, सभी व्यक्तियों कोस्वास्थ्य सुविधाएँ मिलें, चाहे वह अमीर हो या गरीब।

□□□

हिन्दी भाषा

लक्ष्मी कुमारी
डी.एल.एड. 2022–24

हर देश की अपनी भाषा होती है। जैसा की हम सब जानते हैं भाषा का प्रयोग मनुष्य अपने आचारों विचारों का आदान–प्रदान के लिए करता है।

भारत देश में अलग–अलग राज्यों में अलग–अलग भाषाएं बोली जाती है, पर हिंदी हमारी देश की राष्ट्रीय भाषा है। आज भारत की आजादी को 75 वर्ष हो गए हैं। 26 जनवरी 1950 को जब संविधान बना तो हिंदी को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिया गया।परंतु अंग्रेजों की अंग्रेजी के कारण हिंदी भाषा को जितना सम्मान मिलना चाहिए उतना ना मिल सका। अंग्रेजी बाजार में पिछड़ती हिंदी आजकल अंग्रेजी बाजार के चलते दुनियाभर में हिंदी जानने और बोलने वाले को अनपढ़ या एक गंवार के रूप में देखा जाता है या यह कह सकते हैं कि हिन्दी बोलने वालों को लोग तुच्छ नजरिए से देखते हैं। हम भारतीय आज अंग्रेजी भाषा में इस कदर प्रवेश कर चुके हैं।हम सोचते हैं कि यदि किसी को अंग्रेजी भाषा का ज्ञान नहीं तो इसका अर्थ यह माना जाता है कि वह मनुष्य किसी काबिल नहीं है ।आज के समय में मनुष्य की काबिलियत उसकी भाषा से तय की जाती है ना कि उसके ज्ञान तथा उसकी क्षमता से।जैसे हमने वह कहावत सुनी है ना ष्अंग्रेज चले गए अंग्रेजी छोड़ गएष्। यदि अंग्रेजी भारत में रह गई है तो यह भी हम भारतीयों की वजह से संभव हो पाया है क्योंकि उस समय हम भारतीयों ने अंग्रेजी को बोलने तथा सीखने में अपनी शान समझी ।अंग्रेजों ने भारतीयों पर राज किया अपनी भाषा सिखा कर गए। यह तो हम भारतीयों का दुर्भाग्य है कि हमने उनकी भाषा को इतना महत्व दिया उतना हम अपनी मातृभाषा को भी ना दे सके। और आज का मनुष्य हिंदी भाषा का प्रयोग करते हुए हिचकिचाता है। अंग्रेजी भाषा को अंतरराष्ट्रीय का दर्जा मिला हुआ है।इसके पश्चात भी बहुत से देश अपनी भाषा का ही प्रयोग करते हैं ।ऐसा नहीं है की अंग्रेजी भाषा नहीं सीखते परंतु अपनी भाषा को महत्व अधिक देते हैं ।यदि आज हिंदी भाषा इतनी पीछे है और अंग्रेजी भाषा इतनी आगे तो उसका कारण हमारे देश की शिक्षा प्रणाली है। हमारे देश के नेताओं ने अपने भाषणों का माध्यम अंग्रेजी चुना जिसको सुनने से लोगों में इसको सीखने की जिज्ञासा बढ़ी और शिक्षा संस्थाओं ने अंग्रेजी भाषा का प्रयोग इस कदर बढ़ा दिया कि हिंदी बोलने वाले लोगों को अपने आप में शर्मिंदगी महसूस होने लगी।कहने को लोगों को हर दिवस याद रहता है परंतु बताते हुए दुख होता है कि हिंदी दिवस याद रखना लोग जरूरी नहीं समझते। शिक्षा संस्थाओं में 14 सितंबर के दिन बड़े बड़े भाषणों के साथ हिंदी दिवस मनाया जाता है परंतु अंग्रेजी भाषा में बोल कर।हमारे भारत में कामकाज 2 भाषाओं में किए जाते हैं परंतु हम दोनों भाषाओं में यह देखें कि कौन सी भाषा अधिकतम प्रयोग में लाई जा रही है तो बड़ा दुख होता है बताते हुए कि वह अंग्रेजी भाषा है हर जगह अंग्रेजी भाषा का प्रयोग किया जाता है। जिसमें की अधिक भारतीय जनसंख्या हिंदी भाषा का प्रयोग करती है। जिसके कारण वह अधिक जानकारियों से वंचित रह जाता है।पहली बार सन् 2003 में अटल बिहारी वाजपेई ने अपने

जीवन में सर्वाधिक प्रसन्नता का क्षण संयुक्त राष्ट्रीय महासभा में दिया अपनी हिंदी भाषा के भाषण को बताया था। वाजपेई का वह भाषण ऐतिहासिक था, संयुक्त राष्ट्र महासभा में यह पहली बार हुआ था कि किसी भारतीय ने हिंदी में भाषण दिया था। अटल जी का वह ऐतिहासिक भाषण है जिसने दुनिया में हिंदी भाषा को नई पहचान दिलाई। यही कार्य हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भी किया उन्होंने भी संयुक्त राष्ट्र महासभा में हिंदी में भाषण दिया था इसको ध्यान में रखते हुए हमें अपनी भाषा का सम्मान बचाना होगा और लोगों में इसको बोलने तथा सीखने की जागरूकता उत्पन्न करनी होगी। हिन्दी दिवस मनाने का अर्थ है गुम हो रही हिन्दी को बचाने के लिए एक प्रयास। कोई भी व्यक्ति अगर हिन्दी के अलावा अन्य भाषा में पारंगत है तो उसे दुनिया में ज्यादा ऊंचाई पर चढ़ने की बुलंदियां नजर आने लगती हैं चाहे वह कोई भी विदेशी भाषा हो, फ्रेंच या जर्मन या अन्य और ये कतई सही नहीं है। हमें हिंदी को सरल बनाना होगा और इसे कठिन संस्कृत संस्करणों से मुक्त करना होगा। अन्यथा हमें हिंदी की विलुप्त होती भूमि को स्वयं के हिंदुस्तान में देखना होगा। हम हिंदी दिवस पर यह प्रयास करेंगे कि लोगों में हिंदी का स्वाभिमान जगाया जाए क्योंकि हम भारतीयों की हिंदी शान है और हमारे देश का अभिमान है।

हिंदी **हैं हम वतन हैं**

हिन्दोस्तान **ह**मारा

जय **हिं**द।

''जल है तो कल है''

खुशबू कुमारी
डी.एल.एड. 2022–24

पृथ्वी के सभी प्राणियों के जीवन के लिए जल बेहद अहम होता है। बिना जल के हम सब एक भी दिन जीवित नहीं रह सकते हैं, ऐसा कह सकते है कि 'जल है तो कल है' क्योंकि मनुष्य का जल के बिना जीवन संभव नहीं हैं। क्योंकि सभी मनुष्य, पशु–पक्षी, जानवर, पेड़–पौधे, कीट–पतंग आदि जल पर निर्भर करते हैं। और मनुष्य के शरीर का आधा से ज्यादा भाग जल का ही होता है। मनुष्य का शरीर पंचतत्व से मिलकर बना है। और जिन पंचतत्वों से बना है, कुछ इस प्रकार हैं,(पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश) और इन सभी पंचतत्व में से जीवन में जल तत्व की भूमिका बहुत अधिक महत्वपूर्ण हैं।

जल का महत्व हमारे जीवन के लिए नहीं बल्कि विभिन्न प्रकार की गतिविधियों में इस्तेमाल होता हैं। जो इस प्रकार है–जल का उपयोग खाना पकाने, घर साफ करने, कपड़े धोने, नहाने, सिंचाई व मत्स्यपालन, औद्योगिक कार्य, एवं इमारतों, पुलों, नालियों, सड़कों आदि के निर्माण में किया जाता हैं। नदियों और नहरों, जलाशयों, कुंडों और तलाबों, आर्द्र भूमि, झीलों, वर्षा का जल एवं समुद्र से जल प्राप्त करते हैं।

हम जानते है कि पृथ्वी पर 3 चौथाई भाग जल से घिरा हुआ है। और लगभग 97 प्रतिशत जल सागर और महासागरो में पाया जाता है। जो खारा होने के कारण पीने योग्य नही है, 3 प्रतिशत ही जल केवल पीने योग्य है। जिसमे से 2 प्रतिशत पानी बर्फ और ग्लेशियर के रूप में है। मात्र 1 प्रतिशत पानी तरल रूप में पीने योग्य है। इस प्रकार जल के बिना कल की कल्पना भी नही की जा सकती।

हालांकि हम जल के महत्व को जानते है समझते हैं, कि जल ही जीवन है। पर इसके बावजूद भी जिन जगहों पर लोग पानी की कमी से जूझ रहे है वहां के लोग तो इसके महत्व को समझ रहे है, परन्तु जिन जगहों पर इसकी कोई कमी नही है वहां लोग अनावश्यक कामों जैसे फर्श धोना, नालियों में बहाना, कपड़े धोने में अत्यधिक पानी का उपयोग करना, गाड़ी धोना आदि जैसे कार्य करके इसे व्यर्थ करते है।

इसलिए कहा जाता है, की जल की असली कीमत वही बता सकता है, जो रेगिस्तान की तपती धूप से निकल कर आया हो। इसलिए हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जल संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही मुमकिन है। हम हमेशा से सुनते आ रहे हैं कि जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना भी नहीं की जा सकती हैं।

जल बिन जीवन है नहीं, जल देता है प्राण ।
बड़ा ही शक्तिवान जल, करे सृष्टि निर्माण ।

इस पूरे ब्रह्मांड में पृथ्वी ही एक ऐसा ग्रह है जहां जल इतनी बड़ी मात्रा में पाया गया हैं। इसलिए हम ऐसा कह सकते है कि जल हमें प्रकृति द्वारा दिया गया एक अनमोल उपहार हैं। जिसका हमें सम्मान करना चाहिए।

लोरेन ईसेली का कहना है कि– ''यदि इस ग्रह पर जादू है, तो यह पानी में निहित है''।

मध्यकाल में संत रहीम ने भी जल संरक्षण की बात अपने दोहे के माध्यम से कही थी। जो समाज में लोकप्रिय है,–

इस प्रकार हम देखते हैं कि जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए साथ ही जल संरक्षण की जागरूकता फैलाने के लिए ब्राजील में रियो डी जेनेरियो में वर्ष 1992 में आयोजित पर्यावरण तथा विकास का संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विश्व जल दिवस मनाने की पहल की गई तथा वर्ष 1993 में संयुक्त राष्ट्र ने अपने सामान्य सभा के द्वारा निर्णय लेकर 22 मार्च को जल दिवस मनाने का निर्णय लिया। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य लोगों के बीच में जल संरक्षण का महत्व, साफ पीने योग्य जल का महत्व आदि बताना हैं। जल संरक्षण की बढ़ती समस्या को देखते हुए विश्व स्तर पर जल के संरक्षण रखरखाव पर जब तक फैलाने के लिए प्रत्येक वर्ष 22 मार्च को विश्व जल दिवस के रूप मनाया जाता हैं।

जल के महत्व को बताने के लिए हर वर्ष विश्व जल दिवस के लिए एक विषय (थीम) तय की जाती है। 2021 का विषय (थीम) वैल्यूइंग वाटर पानी का महत्व था। इसका लक्ष्य लोगों को पानी के महत्व को समझाना था।

2022 का विषय (थीम) ग्राउंडवाटर मेकिंग इनविजिबल विजिबल भूजल, अदृश्य दृश्यमान बनाना है। हर साल विश्व जल दिवस के मौके पर कई तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं और पानी के महत्व और जल संरक्षण के बारे में बताया जाता है। परन्तु, हमें केवल इस दिन ही नहीं बल्कि हर दिन हो रहे जल की बर्बादी को रोकने (कम करने) का प्रयास करना हैं। क्योंकि हम सब कल का भविष्य है और हमें ही भविष्य को सुरक्षित करना होगा क्योंकि हम ही भविष्य में आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित कर सकते हैं। इसलिए हम सभी को सकारात्मक कदम उठाना चाहिए और हर रोज जल को कैसे सुरक्षित रखें उसके बारे में सोचना चाहिए।

जल की बर्बादी को रोकिए।
बिना जल होगा क्या सोचिए।।
जल है जीवन की आस ।
बचा रहे इसके लिए करते रहो प्रयास।।
जल संरक्षण का सदा, मानव करो प्रयास ।
वर्ना कभी भविष्य में, नहीं बुझेगी प्यास ।।

लक्ष्य

खूशी कुमारी
डी.एल.एड. 2022–24

लक्ष्य जो स्वयं में तब तक पूर्ण नहीं जब तक मेहनत ,संघर्ष ,एवं प्रयासरत व्यक्तित्व उसके साथ न हो। पृथ्वी पर जीवंत तमाम जीव का लक्ष्य भिन्न हो सकता है ,किंतु उसे पाने हेतु इन 3 चीजों का होना अनिवार्य है मेहनत, संघर्ष ,एवं प्रयासरत व्यक्तित्व। वह व्यक्तित्व जो इस यात्रा का प्रारंभ करता है कई ठोकरें खाता है ।उपहासों का सामना करता है और एक समय ऐसा आता है जब उसका मन इतना दृढ़निश्चयी हो जाता है कि फर्क ही नहीं पड़ता कि कोई सामने से उसका आदर कर रहा है या उपहास वह तो केवल उस लक्ष्य को पाने में मग्न हो जाता है।

व्यक्ति जो प्रारंभ करता है यात्रा लक्ष्य तक पहुंचने के लिए कई बार उसे पता नही होता किंतु उसका व्यक्तित्व निर्माण इस प्रकार हो जाता है जैसे एक गुलाब जो काफी समय से सूर्य का प्रकाश, खाद ,जल ,आदि पाकर खिल तो जाता है किंतु माली उसे वहीं छोड़ चला जाता है।

तो वह शायद माली के हाथ लगे या ना लगे किंतु सूख कर मिट्टी में मिल कर इतना सामर्थ्यवान हो जाता है कि स्वयं जैसे कई और पुष्पों को तैयार करने की क्षमता रखता है। इसी प्रकार किसी लक्ष्य की तैयारी कर यदि उसे प्राप्त न कर सकें तो खेद प्रकट नही करना चाहिए क्योंकि इस तैयारी ने एक लक्ष्य न दिलाया हो परंतु बाकी अनेकों लक्ष्य के लिए हमे बहुत योग्य बनाकर चला जाता है।

लक्ष्य की खोज हेतु स्वयं को तमाम तरह के सुविधाजनक वातावरण से बाहर निकलना होता है उसे पाने हेतु कला की खोज का जो द्वंद हृदय में उठता है वही व्यापक रूप तब लेता है जब अंदर से उपजी आवाज की खोज बाहरी परिवेश में खोज कर जाती है। वह बाहरी परिवेश जो संघर्ष की व्याख्या हर छोटे से बड़े स्तर की ओर हमारा ध्यान खींचकर समझाता जाता है। उसी विद्यालय में बैठकर विद्यार्थी जब अपनी परीक्षा दे रहा होता है उसी विद्यालय में जब वह खिड़की से उसी विद्यालय का निर्माण करते दंपत्ति बालकों को देखता है जिनके पास।

लक्ष्य तक पहुंचने के सफर में मानव मूल्य वह साधन है जो वहां पहुंचा कर सम दृष्टि प्रदान करती है। इस सृष्टि को पाना ही पहला लक्ष्य होना चाहिए ।ताकि हम अन्य संघर्षरत के प्रयासों को मिट्टी में ना मिलने दें। एक पर्वतारोहण चोटी पर ध्वज फहराने हेतु बढ़ता है किंतु उसकी विजय तब पूर्ण होती है जब वह अपनी मानवता का अपने हृदय से उपजे उस करुणा का जो साहस के मोटी परतों के बीच धुंधली ही सही किंतु उभरकर अवश्य आती है। तब व्यक्ति अपने से कमजोर का हाथ व साहस का साथ नहीं छोड़ता।

महात्मा बुद्ध ने भी लक्ष्य की प्राप्ति की यात्रा तब शुरू कर दी जब उन्हें आभास हुआ यदि जीवन में जन्म लेकर एक न एक दिन इस देह का अंत हो जाना है तो इस तन, मन, का लक्ष्य क्या है? यह क्यों मिला है ।

अतः कोई भी जीव लक्ष्य रहित होकर जीवन जिए,तो वह इस नश्वर शरीर का ऋण नहीं चुका सकता। प्रयासरत होना ही पड़ता है चाहे वह लक्ष्य प्राप्त हो ना हो किंतु एक बार उसकी आंख से आंख मिलाकर उसके समीप खड़े होकर यह जरूर दिखा देना है कि ''हमने प्रयास नहीं छोड़ा''।

सम्राट अशोक ने भी कलिंग के युद्ध में जिस प्रेम को पाने के लिए जिसे लक्ष्य मानकर युद्ध शुरू किया था उसी का अंत हो जाने पर उस युद्ध का त्याग भी कर दिया था। चूंकि उस प्रेम को पाने में थोड़ी जल्दबाजी थी, थोड़ी हिंसा ,थी मानव संहार था । इसलिए उसका प्रेम भी तलवार उठा कर युद्ध हेतु देश प्रेम से ओतप्रोत खड़ा था। किंतु हिंसात्मक से भरा मन, क्रोध की इतनी बड़ी शय्या बना चुका था की बुद्धि की आंखें अंधी होकर उस लड़की के सिर को ही काट देती है।जिसके लिए उसने युद्ध किया अंत में वह इसे नहीं पा सका।

अंततः लक्ष्य पथ पर चलने हेतु धैर्य, मानवता भी, उतने ही महत्वपूर्ण है जितना साहस ।इस पथ से प्रेम भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितनी लक्ष्य को पाने की ज्वाला। अन्यथा केवल ज्वाला, पथ से गुजरते समय तमाम प्रेम को राख कर सकती है। और ऐसे लक्ष्य का कोई मूल्य नहीं रह जाता। स्वयं से गहरा प्रेम,स्वयं के स्तर से उठकर समाज के स्तर पर जाएगा तभी सकारात्मक लक्ष्य की यात्रा के नाम से जाना जाएगा।

''कलम यदि रुक न जाती तो
आगे सोच कैसे पाता मै
इस पथ पर गर बाधा न होती
दूजा कैसे अपनाता मैं''

ऑनलाइन शिक्षा : एक विकल्प

चाँदनी कुमारी
रौल न0 11
बी.एड. 2023–25

शिक्षा जीवन को सरल एंव अर्थपूर्ण बनाने का आधारभूत स्तंभ है। शिक्षा एक सच्चे मित्र की तरह है। जो किसी भी परिस्थिति में साथ नहीं छोड़ती है । मानव यदि शिक्षा को अपना परम मित्र बना लेता है ,तो उसका जीवन आनन्दमय एंव कल्पनाओ से भरा होता है । शिक्षा के विकास में भावनाओं का महत्व सबसे ज्यादा होता है । क्योंकि शिक्षा का स्तर वहीं होता है, जहॉ प्रेम संस्कार एंव कल्पना होती है।

COVID – 19 महामारी के प्रकोप के कारण पारंपरिक शिक्षा प्रणाली में जबरदस्त बदलाव आया है , जिसमें लैपटॉप और ऑनलाइन कक्षाओं ने किताबो और कक्षाओं की जगह ले ली है । आनलाइन शिक्षा के परिणामस्वरूप शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल क्रांति हुई है । कोरोनावायरस (या कोविड – 19) जैसी महामारी ने शिक्षा सहित मानव जीवन के लगभग सभी क्षेत्रो को एक आईना दिखा दिया है, कि हमको अपनी जिन्दगी में एक तरीके को अपनाना चाहिए । विशेषकर आधारभूत आवश्यकताओं में चूँकि शिक्षा एक आधारभूत आवश्यकता में से एक है और अधिकार भी है । इसलिए आज के जमाने में ऑनलाइन शिक्षा को बढ़ावा देने की जरूरत है।

कोविड – 19 कोरोना वायरस के तेजी से फैलने के कारण सम्पूर्ण मानवीय गतिविधियों को रोकना आवश्यक हो गया था। संक्रमण से बचाव का एक मात्र उपाय लॉकडाउन था । लॉकडाउन के साथ ही सभी शैक्षणिक गतिविधियॉ बन्द हो गई थी । इसके बाद एक शिक्षण की प्रक्रिया को बरकरार रखने के लिए ऑनलाइन तकनीकी को लाया गया। जिसमे बिना सम्पर्क में आए घर बैठे ही कक्षाओं का संचालन होने लगा । वे शिक्षक के बीना सम्पर्क में आए ऑनलाइन के माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने लगे । करोड़ो विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों को भी ऑनलाइन तकनीक को सीखने और उपयोग करने का अवसर मिला । ऑनलाइन शिक्षा के लिए बहुत सारे Software लाए गए थे । जो कि बहूत लाभदायक थी । जैसे – Zoom , Byju's , Google meet , Vedantu आदि ।

कोरोनाकाल में बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने का एक मात्र विकल्प ऑनलाइन शिक्षा रहा है । माध्यमिक विद्यालयों में अधिकतर छात्र– छात्राएँ ग्रामीण क्षेत्र से गरीब व मध्य परिवार से होते हैं। इस कारण कहीं पर नेट–वर्किंग तो कही पर स्मार्ट फोन आदि । की समस्या सामने आई हैं । शिक्षको की तरफ से बच्चों को ऑनलाइन व्यवस्था के तहत बेहतर शिक्षा देने की कोशिश कि गई है । कोरोना संक्रमण काल में लॉकडाउन के दौरान कई माह तक स्कूल कॉलेज सभी बन्द रहे हैं । बच्चों को शिक्षण कार्य से जोड़े रखने के लिए ऑनलाइन व्यवस्था की गई है । कोरोनाकाल में प्रयोग के तौर पर शुरू हुई ऑनलाइन शिक्षा का चलन बढ़ा है । जो शिक्षा के क्षेत्र में काफी बेहतर विकल्प बनकर सामने आई ।

भारत में डिजिटल शिक्षा का प्रभाव

Ajay Kumar
Roll No.-67
Session-2022-24

डिजिटल शिक्षा का महत्व :–

डिजिटल माध्यम से छात्रों को ना केवल किताबी जानकारी हासिल करना बल्कि व्यावहारिक और तकनीकी ज्ञान भी दिया है। डिजिटल माध्यम से छात्र किसी भी समय ऑनाईन कक्षाओं में शामिल हो सकता है। या कहीं भी सीख सकता है। भारत डिजिटल शिक्षा की दिशा में तंजी से प्रगति कर रहा है, जिसमें की स्कूल, विश्वविद्यालय और कॉलेज द्वारा डिजिटलीकरण को अपनाने, इंटरनेट की पहुँच बढ़ाने और छात्रों की बढ़ती मांग से समार्थिक हैं। आज डिजिटल शिक्षा के माध्यम से छात्र घर बैठे विभिन्न प्रकार के प्रतियोगी परिक्षाओं का पास कर अपना नाम रौशन करते है।

इंटरनेट की धीमी गति :–

जब डिजिटल शिक्षा की बात आती है, तो इसका अर्थ इस बात से होता है कि शिक्षकों के साथ–सीधे वीडियो कॉल के माध्यम से संवाद स्थापित किया जाए या ऑनलाईन वीडियो के माध्यम से व्याख्यान दिये जाए। दोनों कार्यो के लिये एक स्थिर, हाई स्पीड इंटरनेट कनेक्शन की आवश्यकता होती है।

इंटरनेट की पर्याप्त गति के आभाव में ऑनलाईन शिक्षा का उद्देश्य विफल हो जायेगा। इस दिशा में हम केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू–कश्मीर के छात्रों द्वारा किये जा रहे नियमित विरोध प्रदर्शन को देख सकते है। इसका कारण यह है, कि उचित इंटरनेट कनेक्शन के आभाव में वे अध्ययन करने में सक्षम नहीं हो पा रहे हैं।

संदर्भ

करोनावायरस महामारी के कारण शिक्षा क्षेत्र इस समय गंभीर संकट का सामना कर रहा था। उस समय सभी शिक्षण संस्थान बंद हो गया था। उस समय डिजिटल शिक्षा अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। डिजिटल शिक्षा के माध्यम से छात्र घर में रहकर अपना शिक्षा पुरा कियें, और अपना शिक्षा बाधित होने से रोंके।

निष्कर्ष

डिजिटल शिक्षा सभी संवर्गों के शिक्षा का एक आनंददायक साधन है। विशेष रूप से बच्चों के सीखने के लिये यह बहुत प्रभावी माध्यम साबित हो रहा है, क्योंकि मॉलिक ऑडियों–वीडियो सुविघा बच्चे के मस्तिष्क में संज्ञात्मक तत्वों में वृद्धि करती है, बच्चों में जागरूकता, विषय के प्रतिरोचकता, उत्साह और मनोरंजन की भावना बनी रही है। वे सामान्य की उपेक्षा अधिक तेजी से सीखते है। डिजिटल लर्निंग को छात्र एक लचीलों विकल्प के रूप में देखते हैं, जो उन्हें अपने समय और गति के अनुसार अध्ययन करने की अनुमति देता है।

जीवन में हमेशा बहता पानी के समान आगे बढ़ों।

अगर ठहरोगे तो खुद का कायी तुम्हें मार डालेगी।।

दीर्घआयु से उत्तम गुणवत्तापूर्ण जीवन

Badri Kumar
Roll -22
Student- B.Ed 2023-25

प्रिय विद्यार्थियों! जीना सभी पसन्द करते हैं मरना भला किसे पसन्द होगा? पर आजकल लोग अपनी अनमोल जिन्दगी को पता नहीं क्यों मरने की भी सोचने लगते हैं और आज इस दुनिया में यह बात काफी अधिक बढ़ गई है यह जो आत्महत्या शब्द है जो पहले किसी और सदी में इतने नहीं सोचे जाते थे जितने अब के युवाजन सोचे जा रहे है पता नहीं क्यों लोग बात–बात पर भीतर से मरने का विचार कोंदते हैं, जरा भी असफलता मिली, निराशाजनक स्थिति प्राप्त हुई, मन की अपेक्षाएँ पूरी नहीं हुई व्यक्ति को लगता है मर जाऊँ तो अच्छा होगा। पहले के लोग किसी को आशीर्वाद देते हुए कहा करते थे, आयुष्मान भवः , चिरंजीवी भवः , दीर्धायु भवः आजकल के लोग आशीर्वाद भी सही ढ़ंग से नहीं देते हैं। क्योंकि लोगों के भीतर यह धारणा बन चुकी है कि जिन्दगी पाकर भी क्या हो जाएगा? जल्दी मर जाएँ तो अच्छा अथवा लोग लम्बा जीते है और जीना भी चाहते है, तब भी वे इस जिन्दगी को कैसे जीना, वे इस कला को नहीं जानते।

आइए हम बात करते है आज इस विषय पर कि दीर्घआयु जीने से बेहतर है गुणवत्तापूर्ण जीवन जीना, बात या महत्व इस बात का नहीं कि हम कितने वर्ष जिएं महत्व इस बात का है कि कैसे जीएं। यह बात कि हम लम्बी जिन्दगी चाहते है तो भला क्यों चाहते हैं और नहीं चाहते हैं तो भी भला क्यों नहीं चाहते हैं? महावीर बुद्ध जैसे महापुरूष तो कहा कहते थे कि न जीने की आकांक्षा करो न मृत्यु की लेकिन ये जीवन मिला क्यों है? इसके महत्व को पहचान लो, हाँ महत्व को पहचानना ही गुणवत्तापूर्ण जीवन जीने की शुरूआत होगी। जब तक हमें यह ही पता न चले कि हम इस जीवन में आए ही क्यों हैं, तब तक हम गुणवत्तापूर्ण जीवन कैसे जी पाएंगें। पहले हमारे भीतर ये तो स्पष्टता आ जाए कि हममे ये मनुष्य का जीवन क्यों प्राप्त किया है, क्यों धारण किया है?

जीवन में मनुष्य को सब कुछ अर्जित करना होता है हमने यह जो जीवन अर्जित किया है यह भी अपनी भीतर की गुणवत्ता और योग्यता के कारण अर्जित किया है। हमारे भीतर ये भी कुछ ऐसी काबिलियत रही तब इंसान हुए हैं, जानवर नहीं, रेंगने वाले जंतु नहीं, कीड़े–मकोड़े नहीं, पहाड़ और वृक्ष का जीवन नहीं हुए ये जो हमें इंसानी जीवन मिला है ये भी हमारे भीतर में मौजूद जागृति और गुणवत्ता का ही परिणाम ळें

हमलोग स्वतंत्र और स्वाधीन है कि जिन्दगी को किस दिशा में ले जा रहें हैं। जिससे हमारा जीवन गुणवत्तायुक्त और खुशहाल हो जैसे कोई विधार्थी स्कूल जाता है, तो वह स्कूल से क्या चाहता है? यह भी क्लीयर है, लेकिन क्या हमें क्लीयर है कि हम इस जीवन से क्या चाहते है? और अगर नहीं है तो हमें अपने ऊपर इस दिशा में सोचना होगा। खुद को इस दिशा में जाना होगा क्या हम तैयार है? यदि हाँ तो आइए खोजें कि हमें इस जीवन से क्या चाहते हैं? तभी तो हम इस जीवन को गुणवत्तायुक्त बना पाएगें। क्योंकि जो जागृत है वही गुणवान है। जो अपने आपके प्रति बेपरवाह है वह भला कैसे गुणवान हो सकता है हम सब जो कुछ भी करते है वह खुश होने के लिए करते है। हाँ यदि हम प्रत्येक काम को मन से करना शुरू करें चाहे वह हमारी पढ़ाई, जॉब कोई भी सेवा कार्य, इन सभी को मेहनत और ईमानदारीपूर्वक करना होगा तभी हम अपनी जिन्दगी को आनन्दमय और प्रसन्नतापूर्वक जी सकते हैं

प्रसन्नता निःस्वार्थ होती है अनकंडीशनर होती है उस अनकंडीशनर हैप्पीनैस को अगर हम जीना सीख लें तो फिर ये जीवन गुणवत्तापूर्ण हो जाएगा। यानी जीने का तरीका बिल्कुल डिफरेन्ट होगा अब हमारा जीवन भी ठोस जीना नहीं होगा। हमारा जीवन ऐसा नहीं होगा कि जो कोई हमें दुखी कर सके या उदास कर सके या परेशान कर सके। नहीं–नहीं अब हम अपने जीने के खुद मालिक हो सकेंगे। वह ही गुणवत्तापूर्ण जीवन है। अब जीवन फिर ऐसा कभी नहीं होगा कि हम किस्मत के भी गुलाम बने बल्कि स्थिति ये आ जाएगी जैसा किसी शायर ने कहा है कि–

खुदा को कर बुलन्द इतना
कि हर प्रकृति से पहले खुदा,
खुद बन्दे से पूछे बता
तेरी रजा क्या है?

यानी हमारी रजा ही हमारी जिन्दगी बनेगी हमारा चुनाव ही हमारा जीवन होगा तो जीवन में हम जो भी चुनेंगे उस स्वाधीनता को चुनेंगे अस्वाधीनता की कोस्ट पर शालीनता के मूल्यों पर हम कोई तरह की स्थितियां नहीं चाहेंगे। स्वाधीनता सर्वोपरि है। वह स्वाधीनता आती तब है जब हमें जीना आता है और जीना आने का मतलब है बेशर्त्त प्रसन्न होना। आज हमने आप सवों को उस काबिलियत को बढ़ाने का शेयर किया वह है बेशर्त्त प्रसन्न रहना।

शिक्षा पर आधुनिकीकरण का प्रभाव

प्रवीण कुमार
रौल न0 96
बी.एड. 2023–25

शिक्षा समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षा ही हमारे ज्ञान का सृजन करती है, इसे छात्रों को हस्तांतरित करती है और नवीन ज्ञान को बढ़ावा देती है।

आधुनिकीकरण सामाजिक–सांस्कृतिक परिवर्तन की एक प्रक्रिया है। यह मूल्यों, मानदंडों, संस्थानों और संरचनाओं को शामिल करने वाली परिवर्तन की श्रृंखला है।

समाजशास्त्रीय दृष्टिकोण के अनुसार, शिक्षा व्यक्ति की व्यक्तिगण जरूरतों के हिसाब से नहीं होती है, बल्कि यह उस समाज की जरूरतों से उत्पन्न हाती है, जिसमें व्यक्ति सदस्य होता है।

एक स्थिर समाज में, शैक्षिक प्रणाली का मुख्य कार्य सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ियों तक पहुँचाना है। लेकिन एक बदलते समाज में, इसका स्वरूप पीढ़ी–दर–पीढ़ी बदलते रहता हैं और ऐसे समाज में शैक्षणिक व्यवस्थ को न केवल सांस्कृतिक विरासत के रूप में लेना चाहिए, बल्कि युवा को उनमें बदलाव के समायेाजन के लिए तैयार करने में भी मदद करनी चाहिए। और यही भविष्य में होने वाली संभावनाओं की आधारशिला रखता है।

आधुनिक शैक्षणिक संस्थानों में कुशल लोग तैयार होते हे, जिनके वैज्ञानिक और तकनीकी ज्ञान से देश का औधोगिक विकास होता है। व्यक्तितवाद और सार्वभौमिकतावादी नैतिकता आदि जैसे अन्य मूल्यों को भी शिक्षा के माध्यम से विकसित किया जा सकता है। इस प्रकार शिक्षा आधुनिकीकरण क एक महत्वपूर्ण अस्त्र हो सकता है। शिक्षा के महत्व को इस तथ्य से महसूस किया जा सकता है कि सभी आधुनिक समाज शिक्षा के सार्वभौमिकरण पर जोर देते हैं और प्राचीन दिनों में, शिक्षा एक विषेष समूह के लिए केंद्रित थी। लेकिन शिक्षा के आधुनिकीकरण के साथ, अब हर किसी के पास अपनी जाति, धर्म, संस्कृति और आर्थिक पृष्ठभूमि के बावजूद शिक्षा प्राप्त करने की सुविधा है।

निष्कर्ष

आधुनिकीकरण का असर विद्यालयों में भी देख जा सकता हैफ। आधुनिक समय के विद्यालय पूरी तरह से तकनीकी रूप से ध्वनि उपकरणेां से लैस हैं जो बच्चों को अधिक स्पष्ट तरीके से अपनी विषेज्ञता विकसित करने में मदद करते हैं। प्रभावी सुविधाएं विकलांग व्यक्तियों के लिए बाधा मुक्त साधन प्रदानक रती हैं, स्वास्थ्य और पर्यावरणीय खतरों से मुक्त होती है, छोत्रों और षिक्षकों के लिए पर्याप्त स्थान प्रदान करती हैं, और कक्षा और निर्देषात्मक उपयोग के लिए उपयुक्त तकनीक से लैस होती हैं।

वर्तमान शिक्षण प्रणाली को एक कक्षा प्रणाली की तुलना में कक्षा के स्थानों में अधिक लचीलेपन की जरूरत होती है। उदाहरण के लिए, छोटे समूहों में एक साथ काम करने वाले छात्र, जिले के कुछ नए प्राथमिक विद्यालयों में कक्षाओं के बीच साझा स्थानों का उपयोग कर सकते हैं।

"शिक्षा **में कला एवं नाटक का एकीकरण**"

Shivangi Raj kiran
Roll -38
B.Ed. 2023-25

भूमिकाः–

शिक्षा हमारे समाज के विकास के लिए महत्वपूर्ण अंग है, जो न केवल ज्ञान के विकास मे सहायता करती है, बल्कि अभिव्यक्ति और संवाद का माध्यम भी है। बस इस तरह कला और नाटक भी शिक्षा को रोचक और सहज बनाने का एक स्वादपूर्ण जरिया है। जो छात्रों को समृद्ध अनुभव प्रदान करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभाती है। कला हमारे संस्कृति और विरासत का महत्वपूर्ण अंग है। यह छात्रों के मानसिक विकास, बौद्धिक विकास के कल्याण को बढ़ावा देती रही है, इसके द्वारा छात्र न केवल अपनी रचणात्मक योग्यता को निखारते हैं, बल्कि समस्याओं का समाधान भी ढूंढते है। जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझाने तथा नाटाको के माध्यम से अलग–अलग सामाजिक और मानसिक संवाद का सामना करने के तरिके सीखाते है। विभिन्न भूमिकाएँ निभाते हुए बच्चे बिना किसी चिंता के सहज तरीका से अपनह सच्ची भावनाओं और व्यक्तित्व को व्यक्त करना सीखते है। कला और नाटक के द्वारा छात्र अपनी हृदय में सुखद भावपूर्ण, अर्थपूर्ण तथा आनंद की अनुभूति उत्पन्न करती है, तथा अपली भावनाओं को सहज रूप में व्यक्त करतें है। इससे छात्रों की भावनाओं का संतुलन बना रहता है तथा उनमें नैतिकता का विकास होता है।

"जीवन **ही कला है**,
कला **ही जी**वन **है**।"

शिक्षा **में कला एवं नाटक का एकीकरण :–**

शिक्षा में कला एवं नाटक के एकीकरण से बच्चों का अधिगम प्रणाली सरल, सुगम एवं रोचक है, और बच्चों में समझ विकसित होता हैं और उनकी उलझन दूर होते चले जाते है। जैसे की हम अगर बच्चो को तस्वीर या नाटक के रूप में कोई टॉपिक समझाएँ तो वो ज्यादा अवलोकन करेंगे, मौखिक तरीका के मुकाबले। क्योंकि जितना बच्चे देखकर चीजों का अवलोकन करते है, समझते है। उतना सुनकर नही कर पाते है। बच्चो को कला एवं नाटक से जोडने के लिए कला के क्षेत्र में कहानी कहने, रचनात्मक अभिव्यक्ति और सांसकृतिक भागीदारी सहित, विभिन्न प्रकार की शैलियाँ शामिल की गयी है। कला में संगीत, नृत्य, नाटक, लोक कला, वास्तु कला, रचनात्मक लेखन, चित्रकला और संबंधित क्षेत्र जैसे, मूर्तिकला, फोटोग्राफी, ग्राफिक और शिल्पकला, पोशाक, साथ ही फैशन डिजाइन शामिल है, लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है आमतौर पर लोग कला की उपेक्षा करते हैं क्युकी वो मानते हैं बच्चों के जीवन में सिर्फ सौख है। नाटक और कला बच्चों की शिक्षा और विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है इसलिए, ये सिलेबस छात्रों को एक विषय के लिए नई दृष्टिकोण की पहचान करने और खुद को स्वतंत्र रूप से व्यक्त करने का मौका देती है।

यह बच्चों को बड़ी तस्वीर देखने और समस्या सुलझाने की क्षमता विकषित करने की अनुभूति देता है। कला गारंटी नहीं देती है, बच्चों को अनुशासन की परवाह किये बिना एक साथ काम करने का मौका देती हैं। इससे उन्हें समाज में उच्च स्तरीय समर्थ विकसित करने में मदद मिलती है।

निष्कर्ष

शिक्षा में कला एवं नाटक का एकीकरण छात्रों के सर्वांगिण विकास होता है। इससे छात्रों के समस्याओं का समाधान करने की क्षमता, चिंतनषिलता, रचनात्मकता, तार्किकता, समप्रेषण कौशल और समाज में सहयोग करने का अवसर मिलता है। इसलिए शिक्षा प्रणाली में कला और नाटक के एकीकरण को प्रोत्साहित करना आवश्यक है ताकी छात्रों में सामाजिक, बौद्धिक संवेगात्मक और भवनात्मक विकास को बढ़ावा मिल सके।

शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का महत्त्व

शिवम् कुमार
रौल न0 57
बी.एड. 2023–25

किसी भी राष्ट्र के विकास का संबंध शिक्षा से होता है, अगर आज अमेरिका विकसित राष्ट्र है, तो इसका सीधा संबंध शिक्षा से है। शिक्षा मनुष्य में ज्ञान कौशल को मजबूत बनाने में सहायक होती है। शिक्षा केवल मानसिक ज्ञान तक ही सीमित नहीं है, अपितु यह मानव के सर्वागीण विकास करती है। भारत देश में विभिन्न संस्कृति, भाषा, जाति, समुदाय के लोग निवास करते हैं, उन्हें शैक्षिक रूप से मजबूत बनाने हेतु अच्छे अध्यापकों को तैयार करने की आवश्यकता होती है। इन्ही उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु 19वीं सदी में शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय की स्थापना की गई ताकि वहाँ से प्रशिक्षत होकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षक तैयार हो सके। शिक्षण प्रशिक्षण में अध्ययनरत् प्रशिक्षुओं को सह–शैक्षणिक एवं शिक्षणोत्तर गतिविधियों, प्रायोगिक कार्य, एवं शिक्षण कौशल के विकास के लिए उन्हें विभिन्न विद्यालयों में अध्यन – अध्यापन के लिए भेजा जाता है, जहाँ पर प्रशिक्षु अपने ज्ञान अनुभव एवं विषय वस्तु के अनुरूप शिक्षण कौशल का अभ्यास करते हैं। अध्यापन कार्य को बेहतर बनाने के लिए वे कक्षा में जाने से पहले अभ्यास–पाठ योजना के आधार पर वर्ग कक्ष का संचालन करते हैं। वर्ग कक्ष के दौरान वहाँ पर मौजूद पर्यवेक्षक उनकी सारी गतिविधियों का अवलोकन करते हैं। कक्षा समाप्त होने के बाद अभ्यास पाठ प्रस्तुत करने वाले छात्रों को सकारात्मक रूप से वे उनका मार्गदर्शन करते हैं, जिससे छात्रों का मनोबल बना रहता है। इसी तरह पाठ प्रस्तुत करने में छात्रों के उत्साह में वृद्धि होता है। पर्यवेक्षक के प्रति छात्रों का सकारात्मक संबंध उन्हें उनके प्रशिक्षण को मजबूती प्रदान करने में काफी सहयोग देता है। कुशल प्रशिक्षण लेने के लिए अगर प्रशिक्षण संस्थान संकल्पित हो तो निश्चित रूप से एक बेहतर राष्ट्र की परिकल्पना की जा सकती है। एक शिक्षक के गुणों से युक्त शिक्षक के लिए बेहतर प्रशिक्षण की आवश्यकता है, जिससे शिक्षकों को स्वयं अभिव्यक्त करने की कला में मदद मिलता है। अतः हम कह सकते हैं कि प्रशिक्षण महाविद्यालयों का यह उत्तरदायित्व होता है कि वह अपने प्रशिक्षुओं में एक सौम्य, अनुशासित, सुशील छवि और शील गुणों व कौशलों का विकास करें। छात्राध्यापिकाओं में उन गुणों का प्रादुर्भाव करे जो उनमें दबे पड़े हैं, उनकों पता लगाकर उन्नत बनाएँ, जिसके माध्यम से वह एक प्रभावी शिक्षक बन सके। शिक्षक केवल पढ़ता ही नहीं है, वरन स्वयं भी पढ़ता और सीखता है। किसी भी प्रशिक्षण महाविद्यालय की पहचान उसके प्रशिक्षुओं से होती है। प्रशिक्षण संस्थान अपने प्रशिक्षुओं को एक कुशल, जागरूक, प्रशिक्षित, संस्कारित व निष्ठावान बनाता है। प्रशिक्षुओं का भी यह उत्तरदायित्व होता है कि वे अपने सर्वागीण विकास के लिए महाविद्यालय परिसर में उपलब्ध सभी साधनों का उपयोग करना चाहिए। क्योंकि प्रशिक्षुओं का उत्कृष्ट योगदान से ही प्रशिक्षण संस्थान को नई ऊँचाइयों तक पहूँचने में मदद मिलती है। एक शिक्षक ही है, जो हमेशा चाहता है, कि हर स्त्री–पुरूष पढ़ा लिखा हो और जीवन में सफलता प्राप्त करके आगे बढ़े। जिससे वह स्वयं का, अपने परिवार का, मानव समाज का और देश का विकास करें।

शिक्षा का महत्व

अनिष कुमार
रौल न0 45
बी.एड. 2023–25

शिक्षा मनुष्य का वह गुण है जो उसे सही में मनुष्य बनाता है । जितनी शिक्षा ग्रहण करते जाते हैं उतनी ही अपनी आज्ञान्ता का अहसास हमें होता जाता है। शिक्षा एक ऐसा समुन्दर है जिसकी लम्बाई, चौड़ाई, ऊँचाई वो गहराई का कोई पैमाना नहीं है। जिसने इसे जितना पी लिया उसके लिए उतना ही कम है। शिक्षा सभी के लिए स्वतंत्र है और स्वतंत्र शिक्षा हमें यह बोध कराती है कि हम ज्यादा से ज्यादा शिक्षा ग्रहण है और शिक्षित बनकर अपने परिवार, समाज और देश के विकास में अपना योगदान दें।

शिक्षा हमें ज्ञान और बुद्धि के साथ–साथ अपने आस–पास की दुनिया को बदलने का अवसर भी प्रदान करती है। शिक्षा हमारी भीतर दुनिया को देखने का एक नया नजरिया और जीवन को देखने का एक नया दृष्टिकोण विकसित करती है। शिक्षा सिर्फ किताबी ज्ञान ही नहीं देती बल्कि हमें यह भी बताती है कि हमारी जिन्दगी का असली मकसद क्या है, हमें अपने जीवन में क्या करना चाहिए और नहीं करना चाहिए। शिक्षा ग्रहण करते हुए हम अपनी तमाम तरह की मुश्किलों का हल खुद ही निकाल सकते है। शिक्षा हमें जीवन के पाठ के बारे में भी बताती है। शिक्षा हम सभी के जीवन का एक बहुत महत्वपूर्ण हिस्सा है और शिक्षा जीवन से नहीं बल्कि शिक्षा से जीवन है।

शिक्षा अंधकार में प्रकाश की किरण है। यह निश्चित रूप से एक अच्छे जीवन की आशा है। इस ग्रह पर शिक्षा प्रत्येक मनुष्य का मौलिक अधिकार है और इस अधिकार को नकारना सही नही है। अशिक्षित युवा मानवता के लिए काफी खराब है। इन सबसे उपर सभी देशो की सरकारों को शिक्षा का प्रसार सुनिश्चित करना चाहिए और जन जन तक शिक्षा की लहर पहुँचानी चाहिए क्योकि विकास तभी संभव है जब राष्ट्र शिक्षित है।

हौसलों की उड़ान

चाँदनी कुमारी,
क्रमांक :– 74,
बी.एड. :– 2023–2025

एक बचपन का जमाना था, जिसमें खुषियों का खजाना था, चाहत चाँद को पाने की थी, पर दिल तितली का दीवाना था, खबर ना थी कुछ सुबह की, ना शाम का ठिकाना था, थक कर आना स्कूल से, पर खेलने भी जाना था, माँ की कहानी थी, परियों का फसाना था, बारिष में कागज की नाव थी, हर मौसम सुहाना था।

अध्ययन का उद्देष्य

सफलता एक दिन में नहीं मिलती है, लेकिन मेहनत करने वाले को एक न एक दिन जरूर मिलती है। जिंदगी में आगे बढ़ने के लिए हौसला सबसे बड़ी जरूरत है। जहाँ हौसला होता है, वहीं मंजिल भी होती है। हमें अपने आप को इस कदर मजबूत बनाना होगा, कि कोई भी नाकारात्मक भाव हमारे अन्दर न आ पाए। क्योंकि हर इंसान के अन्दर कुछ न कुछ करने की हौसला और जुनून होता है। वह अपने हौसलों से सब कुछ कर सकता है। क्योंकि हौसला हमारे षक्ति को बढ़ाने में मदद करता है।

एक गाँव में एक छोटी–सी लड़की अपने परिवार के साथ रहती थी। उस गाँव में दौड़ प्रतियोगिता की घोषणा हो रही थी, तब वह लड़की उसे ध्यान पूर्वक सुन रही थी, और उसके बाद वो लड़की उस प्रतियोगिता में शामिल होने का निष्चय किया, और अपने माता–पिता से आज्ञा लेकर वह उस दौड़ प्रतियोगिता के स्थान पर पहुँची, और वहाँ के स्थल संचालक से बात की और अपना नाम लिखवा ली। जब दौड़ शुरू हुआ तो वह लड़की दौड़ में सबसे आगे निकल चुकी थी, और जीत के बहुत करीब थी। तभी अचानक उसे किसी के गिरने की आवाज सुनाई दी, तब वह वहीं पर रूक गई, और पिछे मुड़कर देखने लगी, तो उसे पता चला की उसी के दौड़ प्रतियोगिता की एक लड़की गिरी हुई थी। तब वह लड़की वहाँ से वापस आकर उस लड़की को अपना सहारा देते हुए, उठाई और उसे किनारे में ले जाकर बैठा दी, और वह छोटी–सी लड़की फिर से दौड़ना प्रारंभ की, और उस ''दौड़ प्रतियोगिता'' की विजेता घोषित हुई।

निष्कर्ष

उपर्युक्त प्रसंग से हमें यह षिक्षा मिलती है, कि संघर्ष करते समय इंसान को घबराना नहीं चाहिए। क्योंकि संघर्ष के दौरान ही इंसान अकेला होता है। इसलिए जब हम अपने अन्दर हिम्मत और हौसला रखेंगे, तो कठिन से कठिन समस्या को आसानी से समाधान करते हुए अपनी मंजिल को पा सकते है। यही है, ''हौसलों की उड़ान''।।

हमारी संस्कृति

अभिज्ञान रंजन
रौल न0 23
बी.एड. 2023–25

भूमिका :–

हमारी संस्कृति विश्व की सबसे अनोखी अतुलनीय संस्कृति थी जिसे अंग्रेजो ने तथा मैकाले की शिक्षा पद्धति ने काफी क्षतिग्रस्त कर दिया।

हमारी संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृति है, जो 5 हजार वर्ष से भी अधिक पुरानी है। हमारे देश भारत को विविधतापूर्ण देश भी कहा जाता है, जहाँ विभिन्न संस्कृति और परम्परा के लोग शांतिपूर्वक एक साथ रहते है। हमारी संस्कृति की वजह से पहले हमारे यहाँ संयुक्त परिवार होता था और संबंध मजबूत होते थे। अंग्रेजो के आने के बाद अंग्रेजो ने हमारी संस्कृति को इस तरह बर्बाद किया कि पहले मानसिक रूप से शोषण किया फिर आर्थिक रूप से उसके बाद शारिरिक रूप से शोषण किया। मुगलो ने जितना 800 साल में हमारी संस्कृति को नुकसान नहीं पहूँचाया उतना नुकसान अंग्रेज 200 साल में पहूँचा दिया।

हमारा देश 15 अगस्त 1947 को आजाद हो भी गया फिर भी हम अपना संस्कृति नहीं बचा पायें। इसका प्रमुख कारण मैकाले का शिक्षा निति है हमारे भारत के कुछ काले अंग्रेज आजादी के बाद भी मैकाले का शिक्षा निति को अपना लिये। ये उस समय की सबसे बड़ी गलती थी। मैकाले ने शिक्षा को एक ऐसे तवायफ की श्रेणी में डाल दिया जिसको चाहता सब है पर वो किसी का घर नहीं बसा सकती है।

आज मैकाले शिक्षा पद्धति से पढ़ाई तो सब कर लेता है, डिग्रीयाँ भी बड़ी–बड़ी सबको आसानी से मिल जाती है हुनरमन्द कोई नही बनता।

प्रतिभावान कोई नहीं बनता, किताबी कीड़ा सब बन जाने समाजिक विकास किसी का नहीं होता। हर कोई अपने आप को अंग्रेज बनाने के पीछे पागल है। समाज को कुछ काले अंग्रेज, अुंग्रेजों जैसी छोटी और नीच हरकत करते है, जैसे– काले–गोरे में भेद करना, समाज के अन्दर फुट डालना, जात–पात की राजनिति करना, इत्यादि। यही कारण है कि पहले परिवार संयुक्त होता था, जबकि आज परिवार एकल हो गया है। पहले मुसिबत आती थी तो पुरा परिवार मिलकर सामना करता था जबकि आज एकल परिवार या तो डर कर भाग जाता है या आत्महत्या करता है।

मैकाले शिक्षा पद्धति में नौकर बनने के लिए लोग आत्महत्या तक कर लेते है, जबकि हमारी संस्कृति में हर प्राणी खुद का सम्राट होता है। हमारी संस्कृति में घर–गृहस्थ से दूर एक गुरूकुल होता था जिसमें एक गुरूदेव होते थे। गुरूकुल का वातावरण शांत एवं स्वच्छ होता था। गुरूकुल में पढ़ने वाले विधार्थी शास्त्र के साथ– साथ शस्त्र में भी निपुण होते थे। गुरूकुल का हर विधार्थी किसी न किसी कला में महारथ हासिल कर लेता था। उस समय कोई बेरोजगार नहीं था जबकि आज मैकाले शिक्षा पद्धति के कारण भारत की सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है।

निष्कर्ष

निष्कर्षतः हमें अपनी संस्कृति बचानी होगी। इसके लिए हमें अपनी शिक्षा निति अपनानी होगी। हमें महात्मा गाँधी की शिक्षा निति अपनानी होगी। जिससे बच्चे पढ़ाई के साथ–साथ हुनरमन्द और प्रतिभावान भी बनें। तब देश में कोई बेरोजगार नहीं रहेगा। देश तरक्की करेगा। हमारा भारत विश्वगुरू बनेगा।

ऑनलाइन शिक्षा के फायदे और नुकसान

Jyoti Kumari
Roll - 01
B.Ed 2023-25

भूमिका

विगत समय को देखते हुए हमलोग ऑनलाइन शिक्षा की महत्व को अनदेखी नहीं कर सकते हैं। हमलोगों ने देखा कि आपातकाल की स्थिति में हर तरह कि प्रणाली (System) प्रभावित हुई, उसमें शिक्षा प्रणाली (Education System) भी लेकिन समय रहते उस आपातकाल स्थिति में भी डिजिटल उपकरण (digital tools) कि मदद से शिक्षा प्रणाली (Education system) आपतकाल कि प्रभाव से बचा रहा।ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली भी विकास (Evolution) कि तरह है जो आपातकाल के बाद भी प्रभावी रहा। विषेष रूप से उच्च स्तरीय शिक्षा में ऑनलाइन शिक्षा का योगदान बढ़ा है। बुनीयादी और माध्यमिक स्तरीय शिक्षा में ऑफलाइन (offline) शिक्षा का एक महत्वपूर्ण योगदान रहा है और आगे भी रहेंगी। शुरूआती शिक्षा में सिर्फ इस विषय कि शिक्षा नहीं दी जाती है जिसकी पुर्ती ऑनलाइन शिक्षा से हो सके, शुरूआती शिक्षा में बच्चों को विषय के साथ–साथ मानसिक ज्ञान पे भी ध्यान दिया जाता है। अनेकों तरह कि कला शैलियों में बच्चें अपना रूचि दिखाते हैं।

ऑनलाइन शिक्षा के फायदे :–

''ऑनलाइन शिक्षा साबित हुई इक वरदान
माध्यम से इसके शिक्षण क्षेत्र में आई नई जान''

ऑनलाइन तरीका से अध्ययन के कई फायदा है यह बहुत सुविधाजनक है इस सुविधा के उपयोग से आप अपने घर पर ही रहकर अध्ययन कर सकते हैं। प्राकृतिक आपदा या आपातकालीन स्थिति में ऑनलाइन अध्ययन की प्रक्रिया का महत्व और भी बढ़ जाता है। इसमें यात्रा नहीं करनी पड़ती है जिससे काफी समय बच जाता है, आप खेल संगीत, चित्रकला, आदि पर भी ध्यान दे सकते हैं। ऑनलाइन अध्ययन बच्चों को आत्मनिर्भर बनाने में मदद कर सकती हैं। इ–लर्निंग में बच्चें खुद फैसला करते हैं कि उन्हें कब और कौन–सा विषय पढ़ना है। बच्चें अपनी पढ़ाई के लिए खुद से टाइम तैयार करते हैं। जिससे उनके बेहतर मानसिक विकास में मदद हो सकता है। वैष्विक स्थान पर किसी भी समय ऑनलाइन बढ़ाया जा सकता है आपको केवल एक उपकरण जैसे कंप्यूटर और इंटरनेट कनेक्षन की जरूरत होती है। ऑनलाइन स्क्रीन को शेयरिंग का उपयोग करके विषय को समझना आसान हो गया है, इसमें छात्रों को विभिन्न प्रकार के षिक्षकों से पढ़ने का मौका मिलता है। तकनीकी प्रोद्योगिकी के कारण ऑनलाइन शिक्षा व्यवस्था में एक नया बदलाव देखने को मिला है। ऑनलाइन शिक्षा एक उत्कृष्ट शिक्षा का उदाहरण है।

ऑनलाइन शिक्षा के नुकसान

जब बच्चे स्कूल में शिक्षक के पास पढ़ते हैं तब बच्चा एक अध्ययन सूची के मुताबिक निश्चित अवधि के लिए पुस्तकों के साथ पढ़ने बैठता है। यह वर्षो से चली आ रही परंपरा है। स्कूल में छात्र हमेषा अनुषासन का पालन करते हैं। एक निर्धारित समय पर अपना कक्षा कार्य और गृह कार्य पूरा करते हैं। ऑनलाइन शिक्षा में एक निष्चित अनुषासन का पालन नहीं किया जाता है।

सामान्यतः एक षिक्षक कक्षा में आपको सीधी तरीके से समझा सकते हैं, कक्षा में आपकी बोलचाल और आपकी प्रतिक्रिया देखकर समझ सकता है कि आप विषय को कितने समझ पर रहे हैं। Body Language को पढ़ सकते हैं और उसके आधार पर आपको समझ सकते हैं। दूसरी और ऑनलाइन शिक्षा में प्रत्यक्ष रू‍ से आमने – सामने बात करने का मौका नहीं मिलती है। छात्रों को समझने और प्रगति की निगरानी ऑनलाइन शिक्षा के द्वारा कठिन होता है। हमने अक्सर देखा है कि छात्र जब समूह में पढ़ते हैं तो वह अधिक सतर्क होते हैं बच्चे अपनी काबिलियत साबित करने के लिए ज्यादा मेहनत करते हैं और प्रतिस्पर्धा का माहौल रहता है। स्कूल में बच्चों की योग्यता जानने के लिए परीक्षाएं और Home work दी जाती हैं उसके मूल्यांकन कर, बच्चे कहां पिछड़ गए हैं और कितने जान पाए हैं, जानने के बाद बच्चों की कमी को पूरा करते हैं जो ऑनलाइन शिक्षा में नहीं हो पाती है।

निष्कर्ष

मेरा मानना है कि ऑनलाइन शिक्षा में बच्चे केवल किताबी ज्ञान ही प्राप्त कर सकते हैं परंतु ऑफलाइन शिक्षा में कक्षा में विद्यार्थी व्यवहारिक ज्ञान और अनुषासन भी सीखता है।

Youth: Social Inclusion and Responsibilities

Rajnisha Kumari
Roll - 25
B.Ed 2023-25

Introduction:-

"The Power of youth is the common wealth for the entire world"Youths are the hope of our Future. The Faces of young people are the faces of our past our present and our Future. No segment in the society can match with the power, idealism, enthusiasm and courage of the young people. The foundation of every state is the education of its youth. Young people who thrive on having their own opinions pave the way for social reformation and liberal thinking. As a result, of these Opinions, society improves.

Role of youth in bringing social change:-

Youth are alike the backbones of a society or country because of a society or country because. They have the propensity to change the dynamics of new paradigm shift in the society for ther more, youths are expected to advance the current situations of society towards bringing solutions through technology, education, Policies and peace in the society. Youth people take an active roles before, jurying and after conflict, deliver humanitarian support, and participate in post conflict peace, trust reconciliation action process.

Responsibilities of youth:-

Youth development specialists coordinate and supervise programs designed to help adolescents discover personal development.

(i) **Create sustainable development:-** A development which is not reckless and is not based on the smallish picture of today. We are taking about the development which will change the economic and social land scape of the country.

(ii) **Taking the country forward:-** In any nation the youth represent the most vital and energetic elements of the population. Statistics indicate that developing nations with sizable youth populations might see significant development in all areas of their economics if they invest in young people's right, education, and health.

(iii) **Exploring new Ideas:-** If youth explore all avenues, we try out every possibility in order to obtain a result on find a solution.

"It is difficult thing to do but if we really want it done,We have to explore all avenues".

Conclusion:-

To conclude, the youth has the power to build a nation that will only help in its development.

"We cannot always build the future for our youth,
But we can build our youth for the Future".

Youth of our country should be supported by friends, teachers and family members. To pursue careers in various fields such as cinema, arts and whatever they wants.

सफलता का मंत्र

शिक्षांजली कुमारी
रौल न0 05
बी.एड –2023–25

मैं कभी कभी सोचती हूं! क्या ऐसा हो सकता है की हम इसे अपनाकर सफलता की राह पर दौड़ पड़े ! मतलब की हमे कुछ जानना चाइए हम इसको सफलता का मंत्र भी कह सकते हैं. या एक सफलता की राह ! कुछ ऐसी बात की जाएगी जो बेहद जरूरी हो ! हमे ऐसा मालूम हो जाये की हमे अपने आप को सफलता की ओर ले जाना बहुत जरूरी है. जिस इंसान को खुद पर भरोसा होता है वो जिंदगी में कुछ ना कुछ मुकाम हांसिल कर ही लेता है। बिना भरोसे किसी चीज़ को करते रहना ऐसा ही है जैसे किसी हारे हुए खेल को बार बार खेलते रहना। जिस तरह सफलता के लिए मेहनत जरूरी है। उसी तरह खुद पर भरोसा होना भी जरूरी है। अगर आप किसी परीक्षा की तैयारी करते हैं और दिन रात पढ़ाई करते हैं लेकिन मन ही मन आप ये भी सोचते हैं की, ये परीक्षा मुझसे नहीं निकल पाएगा, तो उस परीक्षा को पास करना आपके लिए बहुत मुश्किल होगा क्योंकि आप पढ़ाई तो कर रहे हैं लेकिन आपका भरोसा पास होने की तरफ कम और फेल होने की तरफ ज्यादा हो जाता है। भरोसा किसी अज्ञानी व्यक्ति को भी पार लगा देता है लेकिन भरोसे की कमी ज्ञानी व्यक्ति को भी डूबा देती है। अगर आपके अंदर भी भरोसे की कमी होगी तो आप भी जीवन में कामयाब नही हो पाएंगे।

अगर आपके अंदर भरोसा होगा की आप किसी चीज को हासिल कर सकते हैं तो आपका दिमाग कभी भी गलत के बारे में नहीं सोचेगा बल्कि आपका दिमाग हमेशा अपनी सफलता पर फोकस करेगा। इसलिए खुद पर भरोसा रखे। बस ये सोचो की, हाँ मैं ये कर सकती हूँ। कुछ भी नामुमकिन नहीं है। जब आप ऐसी सोच रखोगे तभी आपका खुद पर भरोसा बढेगा और आप उन कामों में भी सफलता पा लेंगे जो अभी आपको नामुमकिन लगते हैं। अगर आपने ये बाते अपने मन में ठान ली तो सफलता आपके पास आयेगी ही उसे आने से कोई नहीं रोक सकता। कुछ लोग हैं जो सिर्फ जेब भरने में लगे हैं, वो बहुत पैसा जमा करना चाहते हैं, उसके लिए वो ना परिवार पर ध्यान दे पाते हैं और ना ही अपने रिश्तों पर जब उन्हें इस बात का ज्ञान होगा की पैसा ही सब कुछ नही है जीवन में बुरे वक्त में अपने ही लोग काम आते है तब उन्हे अपने लोगो का एहसास होगा ! और उसके बाद वो इंसान जो कुछ नही करना चाहते या बस यही तो तुम्हारे सवाल का जवाब है।जब तुमसफलता को भी इतनी ही तीव्र इच्छा से पाना चाहोगे जितनी तीव्र इच्छा से तुम सांसे लेकर अपनी जान बचाना चाहते थे, तब तुम्हें सफलता जरूर प्राप्त होगी। एक बार की बात है, सुकरात किसी काम से अपने शहर से दूसरे शहर की तरफ जा रहे थे। रास्ते में उन्हेंएक व्यक्ति मिला। दिखने में गरीब सा था और हालत भी बहुत खराब थी। शुकरात को देखकर वो सीधा उनके पास गया और बोला,सुकरात, आप तो बहुत बड़े फिलॉस्फर हैं। ज्ञान का भंडार आपके पास है। लोगों को हर तरह का ज्ञान देते हैं। आप आज मुझे भी ज्ञान दीजिए और बताइए की मुझे सफलता कब मिलेगी।उसकी बातें सुनकर सुकरात को लगा की ये कोई पागल है और उनके साथ मजाक कर रहा है। वो उसकी बात का जवाब दिए बिना वहां से निकलने गए। लेकिन उस व्यक्ति ने उन्हें जाने नही दिया और अपने सवाल पर अड़ा रहा। उससे तंग आकर सुकरात ने उसे बोला । पास में एक नदी है कल सुबह तुम वहां पर आ जाना। मैं अपने साथ एक दो और ज्ञानी लोगों को लेकर आऊंगा और तुम्हें तुम्हारे सवाल का जवाब दे दूंगा।' अगले दिन वह व्यक्ति नदी के पास पहुंच गया और सुकरात भी दो लोगों के साथ वहां आ गए। सुकरात ने उस व्यक्ति से कहा, चलो नदी में उतरकर इसकी गहराई नापते हैं और वहीं मैं तुम्हारे सवाल का जवाब दे दूंगा। जैसे ही वो लोग नदी में थोड़ा आगे बड़े तो सुकरात ने अपने दोनों साथियों के साथ मिलकर उस व्यक्ति को पानी में डूबा दिया। पानी में डूबते ही वो व्यक्ति इधर उधर हाथ पैर मारने लगा। उसको छटपटाता देख थोड़ी देर में सुकरात ने उसे छोड़ दिया और वह व्यक्ति तेजी से तैरता हुआ नदी से बाहर आया और जोर जोर से सांसें लेने लगा। थोड़ा देर बाद जब वह सामान्य हुआ तो उसने सुकरात से कहा, अपने मुझे यहां मेरे सवाल का जवाब देने बुलाया है या फिर मेरी जान लेने के लिए। उसकी बात सुनकर सुकरात ने पूछा, जब तुम पानी के अंदर डूब रहे थे तो उस वक्त तुम क्या चाहते थे? वो व्यक्ति बोला, उस वक्त में बस किसी भी तरह पानी से बाहर निकलकर सांस लेना चाहता था और अपनी जान बचाना चाहता था। कहानी हमें सिखाती है कि जब तक अपने लक्ष्य को पाने के लिए हमारे अंदर तीव्र इच्छा नहीं होगी, तब तक हम सफलता प्राप्त नहीं कर सकते। दोस्तों, हम लक्ष्य तो बना लेते हैं लेकिन उस लक्ष्य को पाने की हमारे अंदर इच्छा नहीं होती। हमारे मन में ये होता है कि ये मिल गया तो ठीक, नहीं मिला तो भी क्या करना। कुछ और देख लेंगे। बस जब तक हमारी सोच ऐसी होगी तब तक हम किसी भी काम में सफलता नहीं पा सकते। किसी भी काम में सफलता पानी है और किसी भी लक्ष्य को पूरा करना है तो उस काम में इस तरह लग जाए कि यही जिंदगी का आखरी काम है और इसके बाद कुछ नहीं हो सकता।

जब हमारे अंदर ऐसी इच्छा जागेगी तभी हमारे अंदर उस लक्ष्य को पाने की उम्मीद बढ़ेगी और उसी के अनुसार हम काम करेंगे और जब चाह बढ़ेगी तभी हमें सफलता मिलेगी वरना हम सिर्फ लक्ष्य बनाते रह जाएंगे। इसलिए अपने अंदर लक्ष्य के प्रति तीव्र इच्छा जगाए की मुझे यह पाना ही है तब जाकर कहीं आप उस लक्ष्य तक पहुंच पाएंगे। थैला वो है हमारा जीवन और जो जेल है वो है हमारे जीवन के आंखिरी दिन यानी की हमारा बुढ़ापा । इस समय में हम जीवन के बगीचे में , हम अपने जीवन को जिन चीजों से भरेंगे, वहीं चीजें अंतिम समय में हमारे जीवन को अच्छा और बुरा बनाएंगी। अब आप खुद से ये पूछे की आप इस जीवन के थैले में क्या भर रहे हैं। किसी ने बड़े कमाल की बात कही है, एक ही गलती हम सारी उम्र करते रहे, धूल चेहरे पर थी, और हम आइना साफ करते रहे।

जंतु विज्ञान का महत्व

लक्ष्मी कुमारी
रौल न0 47
बी.एड. 2023–25

जंतु विज्ञान का मानव के जीवन में काफी महत्व है। चिकित्सा के क्षेत्र में जंतु विज्ञान अहम भूमिका निभाती है। मनुष्य के चारों ओर नाना प्रकार के जंतु रहते हैं। वह उन्हें देखता है और अपनी जरूरत के हिसाब से उनसे काम करवाता है। जिसमें अनेकों जीव जंतु मानव के लिए उपयोगी सिद्ध हुआ है। अनेक जीव जंतु मनुष्य का आहार लेते हैं। जंतुओं से हमें दूध प्राप्त होती है। जंतुओं से ही रेशम, मधु, लद्दाख आदि बड़ी उपयोगी वस्तुएं प्राप्त होती हैं। जंतुओं से ही अधिकांश खेतों में जुताई होती है। बैल ,घोड़े तथा गधे इत्यादि परिवहन का काम करते हैं। कुछ जंतु मनुष्य के शत्रु होते हैं। और यह मनुष्य को कष्ट पहुंचाते हैं। फसल नष्ट करते हैं और पीरा देते है। और कभी–कभी मार भी डालते हैं अतः जंतु विज्ञान का अध्ययन हमारे लिए महत्व रखता है। जंतु विज्ञान के अध्ययन से हम प्राकृतिक दुनिया की समझ हसीन कर सकते हैं। जंतु विज्ञान में मनुष्य के साथ अन्य जीव जंतु का भी शारीरिक संरचना का ज्ञान एवं चिकित्सा का अध्ययन जंतु विज्ञान के अंतर्गत ही आता है। संसार में करोड़ों जीव जंतु है। जिनमें से कुछ हमारे महत्व के हैं जिनको मनुष्य प्राचीन काल से ही उपयोग के लिए पालता है जो निम्न है।

1. गाय – गाय का पालन दूध उत्पादन के लिए किया जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम बोस इंडिक्स एवं बोस तोरस है। जिस का जीवनकाल लगभग 20 वर्ष है।

2 बकरी – कुछ जगहों में दूध की कमी को दूर करने के लिए बकरी का पालन किया जाता है इसका वैज्ञानिक नाम इसका जीवन काल लगभग 13 वर्ष है।

3 भेड़ – भेड़ को दूध एवं उनके लिए पाला जाता है बेर का वैज्ञानिक नाम ओवीस अराइस है इसका जीवन काल लगभग 12 साल होता है।

4 मुर्गी – मुर्गी पालन मुख्य रूप से अंडा और मांस के लिए किया जाता है। इसका वैज्ञानिक नाम गैलस डोमेस्टिका है। इसका जीवनकाल 8 से12साल होता है। मधुमक्खी पालन मधुमक्खी पालन शहद के लिए किया जाता है ।एक सामान्य बड़े छत्ते में 40 से 50 हजार मधुमक्खियां पाई जाती है। इसका जीवन काल 3 से 5 साल होता है।

निष्कर्ष

मनुष्य हर तरह से जीव जंतुओं पर निर्भर होता है। यह जीव जंतु पारितंत्र की विधि व्यवस्था को बनाए रखती है। शाकाहारी जंतु जहां पौधों पर निर्भर होते हैं वही मांसाहारी जंतु शाकाहारी जंतु पर निर्भर होते हैं। पालतू जानवर मनुष्य के लिए हर तरह से उपयोगी होते हैं। यह भोजन के लिए अथवा खेती एवं सवारी इत्यादि कार्यों में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

आदर्श शिक्षक

वंदना कुमारी
रौल न0 58
बीएड 2023–25

प्रस्तावना

मनुष्य को गुणवान बनाने के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि बिना पढ़ा मनुष्य पशु के सामान होता है। मनुष्य के कार्य और व्यवहार में सुन्दरता और शिष्टता शिक्षा के द्वारा ही आती है। शिक्षा जगत में शिक्षक का एक गौरवपूर्ण स्थान है। बच्चों की शिक्षा का पूर्ण दायित्व शिक्षक पर ही निर्भर करता है। समाज और देश के निर्माण में शिक्षक का महान योगदान होता है। यदि शिक्षक चाहे तो देश को रसातल में पहुंचा दे और चाहे तो देश को स्वर्ग बना दे। एक शिक्षक ही देश के लिए योग्य नागरिक का निर्माण करके देश के भविष्य को बनाता है। अतः शिक्षक को समाज में गौरवपूर्ण और सम्मानपूर्ण स्थान मिलना चाहिए। एक विद्यार्थी के जीवन में शिक्षक एक ऐसा महत्वपूर्ण इंसान होता है जो अपने ज्ञान, धैर्य, प्यार और देख–भाल से उसके पूरे जीवन को एक मजबूत आकार देता है।

अध्यापक का महत्व

अध्यापक का महत्व सर्वविदित है। राष्ट्र का सच्चा और वास्तविक निर्माता अध्यापक ही है क्योंकि वह अपने विद्यार्थियों को शिक्षित और विद्वान् बनाकर ज्ञान की एक ऐसी अखंड ज्योति जला देता है जो देश और समाज के अन्धकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाती है।

प्रत्येक देश के विद्यार्थी उस देश के भावी निर्माता होते हैं। उनका नैतिक, मानसिक और सामाजिक विकास अध्यापक पर ही निर्भर करता है। अध्यापक उस कुम्हार के सामान होता है जो शिष्य रुपी घड़े को अपने प्रयत्नों द्वारा सुन्दर और सुडौल रूप प्रदान करता है।

आदर्श अध्यापक के कर्तव्य है कि उनके व्यवहार में नम्रता एवं विनम्रता का भाव हो, उनमें सहजता गंभीरता एवं विद्वता झलकता हो ,उनकी वाणी ऐसी हो कि बच्चे के मन को जीत ले ।

वैसे तो शिक्षक का पद अत्यंत गरिमा पूर्ण होता है, क्योकिं "जिस प्रकार खेती के लिए बीज, खाद एवं उपकरण के रहते हुए, अगर किसान नहीं हैं, तो सब बेकार है।उसी प्रकार विद्यालय के भवन, शिक्षण सामग्री एवं छात्रों के होते हुए, शिक्षक नहीं हैं तो सब बेकार है।" शिक्षक शब्द तीन अक्षरों के मेल से बना है लेकिन शिक्षक का अर्थ व्यापक है।

शि–सीखाने वाले।
क्ष–क्षमा करने वाले।
क– कामयाबी पर पहुंचाने वाले।

अर्थात् सीखाने वाले, क्षमा करने एवं कामयाबी प्रदान कराने वाले शिक्षक आत्मज्ञानी एवं महान होते हैं।

आदर्श अध्यापक (The ideal teacher) के निम्न गुण होते हैं :–

1)समय का पालन करना :–

वो हर कामयाब इंसान जो आज सफलता के उस मंजिल को प्राप्त किये हैं। वे समय का पालन करके ही उस मंजिल को प्राप्त किये है। जो इंसान समय का कद्र किया,समय भी उसका कद्र किया है, इसलिए समय का पालन बच्चों को सीखाना बहुत जरूरी है। ऐसे अध्यापक समय का ध्यान रखें तो बच्चे उनके अनुकरण से ही सीखते हैं।

2) नम्र भाषा का प्रयोग करना :–

अध्यापक को कक्षा कक्ष में या कहीं भी नम्र भाषा का प्रयोग करना चाहिए। ऐसे भी नम्र भाषा का प्रयोग कर के कठिन से कठिन कार्य आसानी से करवाया जाता है। छात्र/ छात्रा को भी नम्र भाषा का ज्ञान कराना चाहिए।

3) सहयोग की भावना :–

अगर विद्यालय को सुचारू रुप से चलाना चाहते हैं, तो सहयोग की भावना शिक्षको में होनी चाहिए। जिसे देख कर बच्चे भी आपस में सहयोग करने की भावना सीखेगें।

4) जाति एवं धर्म की बातें ना करना :–

किसी भी अध्यापक का कोई जाति नहीं होता है। उसका एक ही जात है वह शिक्षक। एसे पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक विषय के ज्ञान कराते हुए ,पढ़ाना चाहिए और कक्षा कक्ष में या कहीं भी जाति या धर्म संबंधित बातें नहीं करना चाहिए। यह शिक्षक को शोभा नहीं देता।

5) विषय का पूर्ण ज्ञान :–

जो विषय पढ़ाना है, उस विषय के अध्याय को पहले से पढ़कर विद्यालय जाएं, ताकि बच्चे को उस 40 से 45 मिनट के समय अंतराल में आप अच्छे तरीके से बिना इधर–उधर बातें करते हुए प्रभावी ढंग से बच्चे को अधिगम करा सके।

6) इमानदारी पूर्वक कक्षा कक्ष का संचालन :–

कक्षा का संचालन पूरे आत्मविश्वास के साथ करना चाहिए । ताकि बच्चे ध्यान पूर्वक सुने एवं पूरी निष्ठा के साथ पढ़े।

7) **सृ**जनात्मक **हो**ना :–

अगर अध्यापक सृजनशील हैं , तो बच्चे भी सृजनशील होंगे। क्योंकि अध्यापक बच्चों को सृजनशीलता के बारे में बताते रहते हैं। इससे बच्चे सृजनशील रहते हैं। बच्चों में धीरे धीरे सृजनशीलता आने लगती है।

8) **क्रि**यात्मक **एवं र**चनात्मक **हो**ना

अध्यापक कक्षा में बच्चों को क्रियात्मक एवं रचनात्मक विधि से सिखाते हैं तो सीखा गया ज्ञान हमेशा मददगार होता है। बच्चों में जरूरी है कि वह खुद से प्रयोग करके ज्ञान अर्जित करे।

निष्कर्ष

आदर्श अध्यापक के कर्तव्य(Duties okthe ideal teacher) बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं। वह आत्मविश्वासी ,सृजनशील कर्मो पर विश्वास, नम्र , सरल एवं सीधा स्वभाव के होते हैं । वह सहजतापूर्ण अपने विषयों के ज्ञान छात्र–छात्रों तक आसानी से पहुंचते हैं।विद्यालय के छात्र छात्राओं के साथ खेल–खेल में अधिगम कराते हैं । वह समय पर विद्यालय आते हैं, समय पर सब काम करते हैं। वह समय के महत्व के बारे में विद्यालय के बच्चों को बताते हैं, वह कहते हैं कि एक – एक मिनट कीमती है , जितना हो सके उतना ज्ञान अर्जित कर लो।(Time is money) समय ही धन है। वे हमेशा नम्र भाषा का प्रयोग करते हैं। वह हमेशा फॉर्मल कपड़े पहनते हैं उनका पहनावा एक सीधा सदा होता है। उनसे बच्चे हमेशा खुश रहते हैं, क्योंकि विषय के ज्ञान कक्षा को देखते हुए पढ़ाते हैं।

असली **शां**ती

शालिनी **कु**मारी
रौल **न**0 **9**8
बी.एड. **2**022–24

गुरु को लेकर लोगो की अपनी–अपनी धारणायें हैं , पर गुरु हैं कौन? कई गुरु हैं जो संसार की बातें बताते हैं ! मनोकामना पूरी हो जाये, मन के पीछे भागने की क्या जरुरत हैं ? कुछ ऐसे भी गुरु हैं जो कहते हैं हम तुम्हारी मनोकामनाएं पूरी कर देंगे ! मनोकामना पूरी होने से शांति नहीं होगी ! यह बात हम भूल जाते हैं ,और मनोकामना में बह जाते हैं ! संसार का ज्ञान तो हम समझतें हैं , पर ऐसा ज्ञान जो हमें हमारे बारे में बताये उसको हम नहीं समझते हैं ! संसार के बारे में ज्ञान है, पर अपने बारे में ज्ञान नहीं है फिर फायदा क्या हुआ ? जब तक आप जीवित है दुःख–सुख ,रिश्ते–नाते बने रहते है ! एक दिन ऐसा होगा सबकुछ खत्म हो जायेगा ! जब शरीर ही नहीं रहेगा तो रिश्ते–नाते कैसे ! कोई बुरा भी बोले , तब भी कुछ नहीं होगा ! जब तक आप जीवित है अगर कोई पूछे की आप स्वर्ग जाना चाहते है , आप अपना शिर हिला सकते है ! परन्तु जब वह अंतिम दिन आ जायेगा ,तो कोई अगर यह भी पूछेगा की आप स्वर्ग जाना चाहते है , तो अपना शिर भी नहीं हिला पाएंगे और नहीं कह पाएंगे ! जब तक हम जीवित है ,तभी तक ये सबकुछ हो रहा है !इस संसार में हमेशा बदलाव होता रहता है ! कोई वस्तु स्थायी नहीं है ! संत–महात्माओं ने यही कहा है की असलियत बहुत सुन्दर है! जो मन कल्पना करता है उसीको हम सुन्दर मानते है ! जो असलियत है उसको हम देख नहीं पाते है ! इसके लिया ज्ञान का दीप चाहिये! ऐसा दीपक चाहिये जो घर के अंधियारे को दूर कर दे ! प्रार्थना यही हो की इस अंधेरे को ख़त्म करने के लिये मेरे अंदर जो ज्ञानरूपी दिया है ,उसको आप जगा दीजिये ! अगर मेरे जीवन के अंदर प्रकाश हो जाये , तो मैं देख सकुंगी की जिन वस्तुओं के पीछे मैं पड़ी हूँ ,पड़ने की जरूरत नहीं है ! मैं अपने जीवन में सचमुच आनंद का अनुभव कर सकती हूँ !अगर ऐसी जीवन संभावना ,जीवन में हो जाये ,तो वाह–वाह है ! फिर मनुष्य को असली शांति का अनुभव हो सकता है!

आधुनिक युग में नारी शिक्षा का महत्व

Sushma Swaraj
Roll: 65
B.Ed, 2023-25

आधुनिक युग की नारियों ने शिक्षा के क्षेत्र में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आज की नारी पढ़ी लिखी और समझदार होती है। अध्यापक के रूप मे बच्चों को शिक्षा प्रदान करती है। हमारे समाज तथा राष्ट्र के उन्नति में भी नारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

उन्होंने बच्चों का उज्जवल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाया है। आज के युग मे स्त्री शिक्षा बहुत ही जरूरी है जिससे समाज के व्यवहार में सरलता आएगी। जैसे हम सबको पता है कि महिलायें पुरुषो से किसी क्षेत्र में कम नही हैं। एक नारी ही अपने बच्चौ के संस्कार और शिक्षा के लिए उत्तरदायी है। जहाँ एक शिक्षित नारी अपने–घर–परिवार को एक रखने में अपना अहम भूमिका निभाती है। तो वहीं दुसरी तरफ नारी बच्चो को आदर्श और अच्छा इंसान बनाने का काम भी करती है।

नारी शिक्षा नारियों को शिक्षित बनाने की एक अवधारणा है, जो नारी और शिक्षा को जोड़ती है। वर्तमान समय में स्त्री को भी शिक्षित होना उतना ही जरूरी है जितना कि पुरुष को।

स्वरूप और महत्व :–

अगर महिलाएँ शिक्षित हो तो वे अपने घरो की सभी समस्याओ का सामाधान करती हैं। स्त्री शिक्षा राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय विकास में मदद करता है। आर्थिक विकास और एक राष्ट्र के सकल घरेलु उत्पाद की वृद्धि में मदद करता है। महिला शिक्षा एक अच्छे समाज के निर्माण में भी मद्द करता है। आधुनिक युग में महिलाओं की सामाजिक स्थिति में बहुत बदलाव हुआ है।

आधुनिक समय के दौरान, महिलाओं की स्थिति में एक स्थिर विकास हुआ था। भारत मे कई महिला सुधारक भी थी, जिन्होंने अपनी महिला समकक्षों के उत्थान और बेहतरी के लिए काम किया। एक शिक्षित नारी अपने पूरे परिवार को साक्षर बनाती है।

शिक्षा के कारण वह स्वयं के अधिकारों को सुरक्षित रखती है और स्वयं को सक्ष्म बनाती है। आज की शिक्षित नारी कल की कुशल गृहिणी है। महिलाओं को शिक्षित करना बहुत ही जरूरी है। जैसे कि हमारे समाज में समाजिक बुराइयों जैसे– दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या जैसे कई बुराइयों को दूर करती है। नारी के बिना समाज का कोई अस्तित्व नहीं है। –चरित्रनिर्मात्री नारी मनुष्य को केवल जन्म ही नहीं देती, उसका पालन पोषण, संस्कार दृ दान और चरित्र दृ निर्माण का दायित्व भी पूरी निष्ठा से निभाती है। माता के रूप में बच्चों का वह प्रथम गुरू होती है। स्त्री की शिक्षा गरीबी पर नियंत्रण करने का एक प्रभावी उपाय है। आज प्रत्येक क्षेत्र में नारी सबसे आगे है जिसका मुख्य कारण नारी की शिक्षित होना है।

कॉलेज की तरफ से भी छात्राओं को शिक्षित करने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाता है। गाँवों में रैलियाँ निकालकर महिलाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक किया जाता है।

निष्कर्षः–

"नारी शिक्षा" मानवीय समृद्धि और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शिक्षित लड़कियाँ समाज में समानता और समरसता की दिशा में प्रबलधारण करती हैं। शिक्षित लड़कियों का समाज में योगदान उनके सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा में सुधार लाता है। उन्हें अधिक समझदार, स्वावलंबी, और सशक्त बनाती है जो उन्हें सफलता की ओर अग्रसर करता है।लड़कियों की शिक्षा के माध्यम से उन्हें समाज में उच्च स्थान प्राप्त करने का मौका मिलता है, जिससे समाज की धारा में बदलाव आता है। वे न केवल खुद को, बल्कि अपने परिवार और समाज को भी सशक्त बनाती हैं।

शिक्षित लड़कियाँ अधिक जागरूक, संवेदनशील, और समाजसेवा की दिशा में उत्तरदायित्व भाव विकसित करती हैं। उनकी शिक्षा से वे अपने आत्मविश्वास को मजबूत करती हैं और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करती हैं। इसलिए, हमें लड़कियों की शिक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए ताकि हम एक समृद्ध, समानता से भरपूर, और सशक्त समाज का निर्माण कर सकें।

बिजली चमकती है तो आकाश बदल देती है,
आंधी उठती है तो दिन रात बदल देती है,
जब गरजती है नारी शक्ति तो इतिहास बदल देती है।

Destiny of a nation is shaped in its classrooms.

Kajal Kumari
Roll No. – 97
B.Ed. 2023-25

" Life is about making right things and going on", said RK Narayan in Malgudi Days. Nothing else can be more right than getting right kind of education. As Kothari Commission said, the destiny of India is being shaped in the classroom. It is true, to have a better tomorrow for the nation one has to start working on the building blocks; the children. If children are trained to be the best, they will form the best nation. Education with a difference can make a nation of a difference. Just have a look at the countries investing in their educational system intelligently. They are on the top in the work in every field like America, which spends 6.1% of GDP on education, while Germany spends 4.66%. More the resources are spent, better the classrooms become. Meagre resources not only produce poor quality teachers and students, but also lead to outdated curriculum and traditional teaching methodologies. Gone are the days when teachers used to teach whatever they had learnt in the school. In the 21st century, teachers have to learn continuously. The advent of technology has made it possible for the students to get anything at the click of a mouse. Therefore, a teacher needs to be updated and should keep a track on happenings in the education front. If 20th century was of, for and by teachers, 21st century is of the students where everything will revolve around them. The education given in the 19th Century lasted for lifetime, in 20th century it is lasted for 20-40 years, but today education doesn't sustain for two months due to rapid developments on the technological front. If our teachers stop learning, then development will also stop and our pupils will not be able to match the global competition. The modern nation needs children who can think, experiment, create, explore and express.

एक फासला :सफलता और असफलता के बीच

ज्योति कुमारी
बी.एड. 2022:24

प्रस्तावना

कहते है की अगर ईश्वर जिन्दगी के हर दरवाजा बंद कर भी दे तो एक ना एक दरवाजा जरूर खोल देते है जरूरत होती है तो सिर्फ उसे पहचानने की मैंने अपने नजरो से सफलता और असफलता के बीच पनपी गहरी खायी को चंद कदमो में ही नाप लिया या फिर यों कहे की एक नारी जिसने कभी हार नहीं मानी "सुबह नंगे पैर ओस की बूंद पर चल कर मैंने तन की गरमाहट के साथ साथ मन की कडवाहट को भी धोयी हूँ मैं खुद को सागर से भी विशाल बनायीं चाहे कोइ कितने भी कंकड़ फेक दे पर वो आखिर में मेरे तली में ही बैठ जायेगा याद करती हूँ अपने बचपन को जो आज भी मुझे सबक सीखाती है कि देर से सही पर सफलता तो जरूर मिलती है जब बचपन में चलना सीखी थी तो झुक – झुक के खड़ी हुए थी मै , फिर से झुकने के बजाय अब उड़ने की बारी है।

"एक नारी जिसने कभी हार ना मानी"

जीवन में चाहे संघर्ष जैसा भी हो मैंने कभी वक्त और हालत के आगे घुटने नहीं टेके बल्कि मैंने सफलता और असफलता को खुद से खुद के लिए मापा है मुझे कभी भी ऐसा लगा ही नहीं की मै असफल हूँ बल्कि हमेसा मुझे ऐसा लगा मेरे पास जो है वो किसी सफलता से कम नहीं जब भी किसी ने अपने जिक्र में मेरे संघर्ष को शामिल किया मै बस इतना ही कह पायी की अगर मै एक सोना हूँ तो संघर्ष में निखर जाउंगी अगर मै कृत्रिम हूँ तो बिखर जाउंगी हर संषर्ष में मेरे हसीं से मेरा बहुत साथ दिया ,मेरे हसी ने मुझे कभी अकेलेपन का कोई एहसास नहीं होने दिया और मेरे नींद ने हमेसा मुझे नींद से जागने के बाद एक नयी सुबह दिया मै खुद में अपने आप को बहुत सफल महसूस करती हूँ पर मेरे लिए मेरे अपनों को यह समझाना की मै सफल हूँ या बहुत मुश्किल सा लग रहा है यह है "एक नाड़ी जिसने कभी हार ना मानी'' की एक बहुत ही छोटी सी कहानी जिसने स्वयं को अपराजित मानी मै फिर से अपने जीवन का एक नया अध्याय शुरू की हूँ क्यों की शिक्षाविदों की तरह मेरा भी मानना है की वातावरण अच्छा हो तो कोइ सब कुछ कर सकता है फिर वो वातावरण चाहे बाहरी परिवेश हो या स्वयं के अन्दर का य हा मै हूँ एक अपराजित नारी।

निष्कर्ष

परिस्थिति चाहे जैसी भी हो हमेशा खुश रहना चाहिए और हालातों से कभी हार नहीं मानना चाहिए जीवन एक तपस्या है जितना तपोगे उतनी सफलता मिलेगी विशाल ह्रदय रखना चाहिए तानो के डर से कभी भी सच कहने की आदत नहीं छूटनी चाहिए आप जो भी पाते है वह ही असली सफलता है।

शिक्षा में समानता

नेहा कुमारी
रौल न0 – 06
बी.एड. 2023 –25

शिक्षा में असमानता का तात्पर्य होता है। शैक्षणिक संसाद्यनों का असमान वितरण। अतः हम इसे इस प्रकार समझ सकते है। कि समाज के सभी लोगों को एक समान शिक्षा प्राप्त नही होना। वैसे तो शिक्षा में असामनता के बहुत सारे ऐसे कारण हैं जो हमारे समाज मे विद्यमान हैं लेकिन आज मैं बालिकाओं की शिक्षा के बारें में बताना चाहती हूँ कि भारत मे व्यापक विषमता दृष्टिगोचर हैं। बालकों का जो प्रतिशत हैं,उसकी तुलना में बालिकाओं का शिक्षा का प्रतिशत का ग्राफ नीचे हैं।

इसके प्रमुख व मूलभूत कारण निम्नलिखित हैं

जन समानताः बालक एवं बालिकाओं की शिक्षा मे असमानता के मुख्य कारण मे से एक हैं, हमारे समाज की मानसिकता हमारे समाज में यह मानसिकता व्यापक तौर से फैल चुकी हैं बालिकाओं की शिक्षा आवश्यक नही हैं उन्हें कौन सी नौकरी करानी हैं, वे थोड़ा बहुत पढ़ना– लिखना आ जाए ताकि घरेलू कार्य संभाल सकें। लेकिन लड़कों को उच्च शिक्षा दिलाऐगें तो वह नौकरी करके घर को चलाऐगें, बुढ़ापे का सहारा बनेगा । बस इसी मानसिकता के कारण बालिकाओं की शिक्षा अतीत से लेकर आजकल प्रभावित होती रही है।

कुप्रथाऐः–बालिकाओं की शिक्षा मे असमानता का एक कारण यह हैं, क्योंकि हमारे समाज मे बहुत सारे ऐसी कुप्रथाऐ मौजूद है, जैसे–बाल–विवाह, प्रदा–प्रथा, दहेज प्रथा इत्यादि। जिसके कारण बालिकाओं की शिक्षा प्रभावित होती है।

बालिकाओं से छेड़छाड़ की घटनाये :– हमारे समाज में बालिकाऐ इसलिए विद्यालय नही जा पाती है, क्योंकि हमारे समाज के अनेक क्षेत्रों मे ऐसे असमाजिक तत्व मौजूद होते है,जिसके कारण बालिकाऐ उच्च शिक्षा को प्राप्त नही कर पाती है, और ऐसे असमाजिक तत्व बालिकाओं की शिक्षा की प्रगति की दिशा मे अवरोधक का कार्य करती है।

निर्धनता या गरीबी :– बालक एवं बालिकाओं की शिक्षा मे असमानता का प्रमुख कारणों मे से एक ये है, क्योंकि बहुत से माता–पिता ऐसे होते है, जो आर्थिक दृष्टिकोण से उतने संपन्न नही होते है, कि वह अपने सभी बच्चों को समान शिक्षा या उच्च शिक्षा प्राप्त करा सके ।

सक्त कानून का अभाव :– इसे हम शिक्षा मे असमानता का कारण मान सकते है, क्योंकि सरकार तो कानून लागू कर देती है, कि सभी के लिए शिक्षा अनिवार्य है, किंतु वास्तविक जमीनी स्तर पर न होकर कानून के कागजों मे अधिक दिखाई देती है, कारण बालिकाये शिक्षा से वंचित रह जाती है। इस प्रकार अनेक ऐसे कारण हमारे समाज मे विद्यमान है, जिससे बालक एवं बालिकाओं की शिक्षा में असमानताऐं पाई जाती है । अतःजबतक ये सारे कारक हमारे समाज मे समानता नही ला सकते है अतः हमारे समाज को अपनी मानसिकता को बदलनी होगी और लड़के एवं लड़कियो को समान दृष्टिकोण से देखना होगा क्योंकि हमारा समाज विकाशील से विकसित राष्ट्र की ओर तभी जा सकता है जब यहॉ पर बालक–बालिकाओ को समान रूप से शिक्षा प्रदान की जाएगी और रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएगे क्योंकि राष्ट्र विकसित तभी हो सकता है जब उसके विकास मे बालक एवं बालिकाओ दोनो की भागीदारी समान हो । उदाहरण के तौर पर हम देख सकते है कि जो राष्ट्र वर्तमान समय मे विकसित है वहॉ पर बालक एवं बालिकाओ का उसके विकास में समान योगदान होता है। अतः हमे अपने राष्ट्र को विकासशील से विकसित राष्ट्र की ओर ले जाने के लिए हमे अपनी मानसिकता को बदलना होगा और अपने बालक एवं बालिकाओ को समान शिक्षा एवं रोजगार के अवसर को प्रदान करने होगे जिससे हमारा राष्ट्र विकसित हो सके।

अर्थशास्त्र और इनके महत्व

चाँदनी कुमारी
क्रमांक– 70
बी0एड0– 2023–25

अर्थशास्त्र सामाजिक विज्ञान की वह शाखा है, जिसके अन्तर्गत वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन, वितरण विनिमय और उपयोग का अध्ययन किया जाता है।अर्थषास्त्र षब्द संस्कृत षब्दों अर्थ (धन) और शास्त्र की संधि से बना है। जिसका शब्दिक अर्थ है। – धन का अध्ययन किसी विशय के संबंध में मनुश्यों के कार्ये के क्रमबद्ध ज्ञान को उस विशय का शास्त्र कहते है। इसलिए अर्थशास्त्र में मनुश्यों के अर्थ संबंधी कार्ये का क्रमबद्ध ज्ञान होना आवश्यक है। अर्थशास्त्र का प्रयोग यह समझते के लिए भी किया जाता है कि अर्थशास्त्र किस तरह से कार्य करती है और समाज में विभिन्न वर्गे का आर्थिक संबंध कैसा है।

अर्थशास्त्र का प्रयोग

समाज से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों में किया जाता है। जैसेः– अपराध, शिक्षा, परिवार, स्वास्थय, कानून, राजनीति, धर्म, समाजिक, संस्थान और युद्ध इत्यादि

अर्थशास्त्र का महत्व

अर्थषास्त्र का सैद्धन्तिक एवं व्यावहारिक महत्व है।

- विधि ज्ञान हेतु
- ज्ञान में वृद्धि
- सिद्धांतो में वृद्धि करना
- तर्कषक्ति में वृद्धि करना
- विष्लेशक षक्ति में वृद्धि करना
- अन्य षास्त्रो से संबंध का ज्ञान

व्यवहारिक महत्व के अन्तर्गत निम्नलिखित लाभ है।

- उत्पादको को लाभ
- श्रमिको को लाभ
- उपयोक्ताओं को लाभ
- व्यापरियो को लाभ
- सरकार को लाभ
- समाज सुधारकों को लाभ
- राजनीतिज्ञो को लाभ
- विद्याार्थियों को लाभ

मूल अवधारणाएँ

मुल्यः– मूल्य की अवधारणा अर्थषास्त्र में केन्द्रीय है। इसको मापने का एक तरीका वस्तु का बाजार भाव है। वस्तु का मूल्य उसके उत्पादन में प्रयुक्त श्रम के बराबर होता है।

अधिकांष लोगो का मानना है कि इसका मूल्य वस्तु के दाम निर्धारित करता है।

माँग और आपूर्ति

माँग आपूर्ति की सहायता से पूर्णतः प्रतिस्पर्धी बाजार में बेचे गये वस्तुओं की कीमत और मात्रा की विवेचना, व्याख्या और पूर्वानुमान लगाया जाता है। यह अर्थषास्त्र के सबसे मूलभूत प्रारूपों में से एक है।

माँगः– किसी नियत अवधि में किसी उत्पाद की वह मात्रा है। जिसे नियत दाम पर उपभोक्ता खरीदनपा चाहता है और खरीदने में सक्षम माँग को सामान्यतः एक तालिका या ग्राफ के रूप में प्रदर्षित करते है जिसमें कीमत और इच्छित मात्रा का संबंध दिखाया जाता है।

आपूर्तिः– वस्तु की वह मात्रा जिसे नियत समय में दियि गये दाम पर उत्पाद या विक्रेता बाजार मे बेचने के लिए तैयार है। आपूर्ति को सामान्यतः एक तालिका या ग्राफ के रूप में परिवत्तीत किया गया है।

निश्कर्शः–

अर्थषास्त्र का अध्ययन हमें अतीत भविश्य और वर्तमान माँडलो को समझने और उन्हें समाजो, सरकारों, व्यवसायों और व्यक्तियों पर लागू करने में सक्षम बनाता है।

Biomedical waste management

Sharda Kumari
Roll No- 60
B.Ed.2023-25

Role biomedical engineers of focus on advances in technology and medicine to develop new devices and equipment for improving human health. For Example, they might design software to run medical equipment or computer simulations to test new drug therapies.

Introduction:

The last century witnessed the rapid mushrooming of hospitals dictated by the need of the expanding population, and the advent and acceptance of "has made the generation disposable" of hospital waste a significant factor in biomedical waste management.

Definition of Biomedical waste management:

Biomedical waste kind of waste containing infection if biomedical waste may solid or liquid. Examples of infectious waste sharps, includes discarded blood samples, Sharps, unwanted, microbiological cultures and Stocks, identifiable body.

Party (Surgical or malignancy)

Sources of Biomedical waste.

1.) Major Sources.

* All hospitals.
* Labs
*Research Centers
*Animal Research
* Blood Banks.
* Nursing homes.
*Mortuaries
* Autopsy centers.

2.) Minor Source

* Clinics
    Canonistic centers.
    Home Care
    Para Medics

Types of Biomedical waste

1. Red Bag (Infectious, Recycle waste)
2. Green Bag (recycle waste)
3. Yellow Bag (Non Recycle Infections)
4. Black Bag (All General waste)
5. Blue Bag (Broken Glassware & Metal waste)
6. White Container (All Infected Sharps waste)

Explain of types.

* White. Container Sharps waste (All Infected sharps waste) Surgical blade,IV canola etc.
* Yellow Bag (Human & Animal body parts) Tissues, Organs, fetus etc.

Red Bag (Infections Recycle waste)- Tubings, plastic Bottles, Urine Bags Syringes without needle etc.

Green Bag (Recycle waste)- Paper, Plastic etc.

Black Bag (All general waste) food waste Mineral water bottles, Paper waste etc.

*Blue Bag (waste sharps including Metals.). Needles, Syringes with fixed Needles, Needles from needle tip Cutter, and Scalpels.

Conclusion:- Importance biomedical waste is very important to protect and maintain hygienic environment.

As biomedical waste management rules are good because in this management infectious wastes are proper dispose It is very important to dispose off biomedical waste, in right way to prevent hazardous to human organisms. Beings and other living

गुरू की सलाह का महत्व

सिम्पी कुमारी
रौल नं0–33
बी.एड. 2023–25

पहले गुरू–शिष्य की परंपरा कुछ अलग थी। आज यह काफी बदल गई है। शिक्षक पहले छात्रों के अभिभावक तुल्य हुआ करते थे। लेकिन आज के छात्र शिक्षकों का सम्मान नहीं करते हैं। आज के शिष्य आधुनिकता के प्रभाव में आकर नैतिक शिक्षा को भूल जाते हैं। कई बार क्षणिक सफलता उनके मस्तिष्क पर चढ़ जाता है। कुछ शिष्य गुरू से अच्छा काम करने लगते हैं तो उन्हें इस बात का घमंड हो जाता है और वे गुरू की सलाह की कद्र करना बंद कर देते हैं। जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है। कथा–पुराने समय में गुरू और शिष्य, दोनों खिलौने बनाकर बेचते थे और जो धन मिलता था, उसेमें दोनों का जीवन चल रहा था। गुरू के मार्गदर्शन में शिष्य अच्छे खिलौने बनाने लगा था और उसके खिलौनों से ज्यादा पैसा मिलता था।

गुरू के खिलौने औसत मूल्य पर बिकते थे। लेकिन, गुरू रोज शिष्य से यही कहते थे कि तुम्हारे खिलौने में सफाई की जरूरत है। रोज–रोज गुरू यही सलाह देते थे। कुछ ही दिनों बाद शिष्य की ये सलाह बुरी लगने लगी।

शिष्य सोचने लगा कि मेरे खिलौने तो गुरूजी के खिलौनों से अच्छी कीमत में बिकते हैं, शायद इस वजह से 'गुरूजी' को जलन हो रही है। इसीलिए वे रोज मुझे ही सलाह दे रहे हैं।एक दिन गुरू की सलाह से तंग आकर शिष्य गुस्सा हो गया। शिष्य ने गुरू से कहा, 'गुरूजी' मैं आपसे अच्छे खिलौने बना रहा हूँ, मेरे खिलौने के ज्यादा पैसे मिल रहे हैं, फिर भी आप मुझे ही अच्छे खिलौने बनाने के लिए कहते हैं। जबकि मुझसे ज्यादा तो आपको अपने काम में सुधार करने की जरूरत है। गुरू समझ गए कि शिष्य में घमंड आ गया है। उन्होंने शिष्य से धीमी वाणी में कहा, 'बेटा जब मैं तुम्हारी उम्र का था, तब मेरे खिलौने भी मेरे गुरू के खिलौने से ज्यादा पैसों में बिकते थे। एक दिन मैं भी तुम्हारी ही तरह मेरे गुरू से भी यही बातें कही थीं। उस दिन के बाद गुरू ने मुझे सहाल देना बंद कर दिया और मेरी कला में और ज्यादा निखार नहीं आ सका। मैं नहीं चाहता कि तुम्हारे साथ भी वही हो जो मेरे साथ हुआ था।'

गुरू ने शिष्य पर गुस्सा नहीं किया और धीमी आवाज में जो बातें कही, वह शिष्य को बहुत अच्छी तरह समझ आ गई। उसने गुरू से क्षमा माँगी और अपनी कला को निखारने में लग गया।

अगर हम किसी काम में परफेक्ट होना चाहते हैं तो गुरू की सलाह का पालन हमेशा करना चाहिए। अगर आप काम थोड़ा बहुत अच्छा करने लगे हैं तो अपनी कला पर घमंड न करें, वरना कला का विकास नहीं हो पाएगा और व्यक्ति महान कलाकर नहीं बन पाएगा।गुरू का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। उनके कारण ही सकारात्मक विचार आजीवन हमारे अंदर आ पाती है। कभी निराश की तरफ कदम बढे तो उचित मार्गदर्शन मिल पाता है। हमारी जीत उनके चेहरे की खुशी बढ़ा देती है। हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि एक गुरू ही अपने शिष्य को खुद से अधिक सफल बनता देखना चाहते हैं। जो शिष्य गुरू की सलाह को जीवन में उतारते हैं, उन्हें सफलता की असीमित ऊँचाइयाँ हासिल होती है। इसलिए हमें अपने गुरू का सम्मान करना चाहिए, और गुरू की सलाह को जीवनपर्यंत पालन करना चाहिए।

प्रकृति और समाज

मो. मेराज
रौल न0 – 10
बी.एड. 2023–25

समाज को प्रकृति से जोड़ने और प्रकृति के करीब लाने की आवष्यकता है, प्रकृति हमारा धरोहर है क्योंकि उसने हमारे जीवन को संवारने के लिए हमें सूर्य, चाँद, हवा, जल, धरती, नदियाँ, पहाड़, हरे–भरे वन और धरती के नीचे छिपी हुई खनिज सम्पदा धरोहर के रूप में प्रदान किया है। मनुष्य अपनी मेहनत से धन कमा सकता है, लेकिन प्रकृति की धरोहर को अथक प्रयास करने के पश्चात् भी बढ़ा नहीं सकता, क्योंकि प्रकृति द्वारा दी गई ये सभी वस्तुएँ सीमित है।

हमलोग जिस समाज में रहते है, उसमें प्रकृति के साथ हमने बहुत कुछ छेड़–छाड़ किया है, अपने पारस्परिक प्राकृतिक संबंध को कमजोर बना दिया है, जिसमें हमने अपनी आवष्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रकृति को खतरे में डाला है, जल को प्रदूषित किया है, बहुत सारे पेड़ों को घर बनाने, कृषि कार्य, बड़े–बड़े फैक्ट्रियों के लगाने, उद्योग–धंधो को स्थापित करने, सड़क कार्य तथा हवाईअड्डो के निर्माण इत्यादि में तेजी के साथ विनाष किया है, जिससे पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है। आज के आधुनिक युग में सड़के, भवन, हवाईअड्डा इत्यादि आवश्यक है परन्तु हमें प्रकृति के नियमों का पालन करना जरूरी है, क्योंकि यदि पर्यावरण असंतुलित होता है, तो मौसम में प्रतिकूलता पाई जाती है, वर्षा की कमी महसूस की जाती है, जैसा कि आज कल देखने को मिलता है कि वर्षा नहीं होने के कारण धरती का तापमान भी बढ़ता है और फसलों पर उनका प्रभाव पड़ता है, जिससे किसान का जीवन खतरे में पड़ गया है, जिससे देश में बहुत सारी समस्याएँ उत्पन्न हो रही है। वर्तमान समय 21वीं शताब्दी का है, जिसमें जनसंख्या तीव्र गति से बढ़ती जा रही है, जिससे देश में बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न हो रही है। भारत सरकार ने जो देश को विकसित करने का संकल्प लिया है, उसमें निम्न समस्याएँ बाधा डाल रही है–

(i) किसानों की दयनीय स्थिति
(ii) बढ़ती जनसंख्या
(iii) बेरोजगारी
(iv) भुखमरी
(v) अषिक्षा

अतः हम समाज के सभी नागरिकों से आग्रह करते है अपनी मानसिकता को बढ़ाने एवं पर्यावरण को बचाने का संकल्प ले, हमें क्षणिक लाभ के लिए पर्यावरण को खतरे में नहीं डालना है, जैसा कि हम पूर्व परिचित है कि विष्व स्तर पर दो युद्ध हो चुके है और हाल के कुछ दिनों पहले रूस और युक्रेन के बीच हमने युद्ध नहीं महायुद्ध टेलीविजन, अखबारों या सोषल मिडिया के माध्यम से देखा जिसमें लोगों के साथ–साथ पर्यावरण को कितना बड़ा नुक्सान हुआ है।

निष्कर्षतः हमें प्रकृति प्रदत्त चीजों का उपयोग करना चाहिए न कि नाश, हमें ''**जल ही जीवन है**'' और ''**वन है, तो हम है**'' के तहत हमें जल को संरक्षित रखना होगा, नदियों को प्रदूषित होने से बचाना होगा, प्रदूषण रहित गाड़ियों को सड़क पर चलने से रोकना होगा और ज्यादा से ज्यादा पेड़–पौधें लगाने होंगे और लोगों को ज्यादा से ज्यादा पेड़–पौधें लगाने के लिए प्रेरित करेंगे। जैसे कि किसी का जन्मदिन हो, शादी–विवाह या अन्य कोई उत्सव हो, जिससे कि पर्यावरण संतुलित रहे और समाज का विकास हो।

नोटः– भारत के मिसाईल मैन कहे जाने वाले डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम ने इसी पर्यावरण की समस्या पर टिप्पणी देते हुए कहा था कि यह एक विष्व स्तरीय समस्या है, जिसका निदान अधिक से अधिक पेड़ लगाकर किया जा सकता है।

परमाणु शक्ति शांति हेतु

भव्या कुमारी
रौल न0 36
बी.एड. 2023–25

अग्नि, भाप और विधुत के समान परमाणु भी शक्ति का स्रोत है। इस शक्तिशाली ऊर्जा का उपयोग निर्माण के लिए भी कर सकता है और विनाश के लिए भी कर सकता है। अब तक इस ऊर्जा का उपयोग विनाशकारी कार्यों के लिए किया गया है। वैज्ञानिक इस ऊर्जा का उपयोग निर्माणकारी उद्देश्य के लिए भी कर रहे हैं। यदि वे सफल होते हैं तो हम एक नए संसार में प्रवेश करेंगे। वैज्ञानिक के पास एक और विकल्प है वे इस परमाणु ऊर्जा का उपयोग उद्योग कृषि और यातायात में सफलतापूर्वक कर सकते हैं।

ऊर्जा की कमी – संसार पहले से ही कोयला, पेट्रोल और अन्य ईंधन के स्रोत की कमी झेल चुका है। हम इसका उपयोग विद्युत शक्ति के निर्माण में कर सकते हैं। यह मशीन एवं उद्योगों के संचालन में काफी हद तक मदद करेगी। जिसकी सहायता से हम अधिक उत्पाद कर सकते हैं। उत्पाद अधिक होने से मूल्य कम हो जाएगा और सभी जनता इसका उपयोग कर सकेगी। कुछ विकसित देश जैसे रूस, अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया इत्यादि पहले से ही इस ऊर्जा का उपयोग आरंभ कर दिया है। औद्योगिक उद्देश्य के लिए भारत ने भी परमाणु ऊर्जा का उपयोग से विद्युत शक्ति का निर्माण किया है। भले कुछ देश अहंकार के कारण इसका दुरुपयोग कर रहे हैं, जो अशांति को बढावा दे रहा है।

परमाणु ऊर्जा का उपयोग – आज हम पेट्रोल, कोयला और विद्युत से हवाई बसे, रेल, पानी के जहाज और हवाई जहाज दौडते हैं। इन शक्तियों के स्रोत के स्थान पर परमाणु ऊर्जा का उपयोग कर सकते हैं, जिससे यातायात सस्ता, तेज और आरामदायक बनेगी। वर्तमान युग में परमाणु ऊर्जा का उपयोग सारे राष्ट्र अपने–आप को शक्तिशाली प्रदर्शित करने के लिए कर सकते हैं और अधिक संख्या में परमाणु बम बनाने में लगे हुए हैं।

कृषि में परमाणु ऊर्जा – हमें खाद उत्पाद में वृद्धि के लिए अधिक भूमि की आवश्यकता है। परमाणु शक्ति से बंजर भूमि खेती योग्य भूमि में परिवर्तित किया जा सकता है। आगे इस ऊर्जा का उपयोग कम समय में फसल की बुवाई के लिए किया जा सकता है। इस ऊर्जा की उपलब्धता से हम अधिक फसल उगाने योग्य बन जाएंगे।

निर्माणकारी उपयोग – परमाणु ऊर्जा का उपयोग शांति संपन्नता और मानवता लाने के लिए निर्माणकारी कार्यों में किया जाना चाहिए। यह एक अच्छा सेवक भी हो सकता है और बुरा स्वामी भी। पूरे विश्व को इसके विनाशकारी उद्देश्यों पर प्रतिबंध लगाना अति आवश्यक है। क्या प्रसन्नता की बात है कि इस दिशा में निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

परमाणु शक्ति और विश्वशांति – विश्व में सर्वप्रथम अणु विस्फोट 13 जुलाई 1944 में अमेरिका द्वारा किया गया था। इसके पश्चात रूस, फ्रांस जैसे देशों ने अणुशक्ति प्राप्त की । यह कितनी विचित्र बात है कि परमाणु बम के साथ जब हम शांति का नाम लेते हैं तो विरोधाभास प्रतीत होता है। हम कहते हैं कि परमाणु शक्ति विश्वशांति, परंतु यह भी स्पष्ट है कि यदि मनुष्य इसका दुरुपयोग करने लगे तो यह शक्ति अशांति और आतंक का भी कारण है। आज विश्व में मानवता त्रस्त हो गई है। विश्वव्यापी दो महायुद्धओं से मानवता इतनी भयभीत नहीं थी इतनी आतंकित और त्रस्त नहीं हुई थी जितनी आज आतंकित है। तृतीय महायुद्ध का नाम लेते ही विश्व भर की मानव जाति भयभीत हो उठती है। सबसे पहले सन् 1945 ई. में अमेरिका ने जापान पर दो परमाणु बम गिराए थे जो आज के परमाणु बमों के सामने एक खिलौना था। इस बम से जापान के दो नगर हिरोशिमा और नागासाकी क्षणभर में पूर्णतः समाप्त हो गईं। मानवता ने ऐसा विनाशकारी रूप विश्व के इतिहास में शायद पहले कभी नहीं देखा था। ऐसा लगता है कि संयुक्त राष्ट्र संघ में जाकर निरस्त्रीकरण और परमाणु शक्ति के निषेध पर लंबे–लंबे भाषण तो सभी देते हैं और बहुत बार संधि भी करते हैं परंतु भीतर ही भीतर परमाणु शक्ति की तैयारी में लगे रहते हैं। परंतु एक दिन ऐसा अवश्य आएगा जब परमाणु शक्ति विश्व में शक्ति, समृद्धि और कल्याण का साधन बनेगी।

परमाणु शक्ति और भारत– आज भारत विश्व का छठवाँ ऐसा देश है, जिसके पास अणु–शक्ति का प्रचुर संसाधन है। आज भारत ने स्वयं को इस दृष्टि से अत्यधिक विकसित कर लिया है। होमी जहांगीर भाभा की अध्यक्षता में एक परमाणु ऊर्जा आयोग की स्थापना की गई। बाबा ने वैश्विक स्तर पर भारत की पहचान को विज्ञान के क्षेत्र में स्थापित किया। भारतीय इतिहास में परमाणु शक्ति के सफल परीक्षण का कोई पहला मौका नहीं था। सन् 1947 ईं को प्रांत 8 बजे राजस्थान के पोखरण नामक स्थान में भारत ने सफल परमाणु शक्ति विस्फोट किया। भारत ने कभी भी इस शक्ति का दुरुपयोग करने की चेष्टा नहीं की, सदैव इस शक्ति का विकास और रचनात्मक कार्यों में ही किया।

उपसंहार – अमेरिका और रूस के माध्य परमाणु दौर समाप्त हो गई लेकिन चीन परमाणु बम बनाने मे सफल हुआ। परंतु संसार ने माना है कि परमाणु शक्ति संपन्न भारत विश्व शांति का प्रबल समर्थक है। सरकार को परमाणु परीक्षणों पर रोक लगाना चाहिए। यदि ऐसा हुआ तो बहुत ही उचित कदम होगा।

आधुनिक समाज में शारीरिक शिक्षा का महत्व

Julee Kumari
Roll no. :- 91
B.Ed, 2023-25

आज के समय में पढ़ाई के साथ साथ विद्यार्थी को शारीरिक शिक्षा पर ध्यान देने की भी बहुत जरूरत है। आज का समय ऐसा है फि आप केवल किताबी कीडा बनकर नही रह सकते। आधुनिक समाज में शारीरिक शिक्षा महत्व होना भी उतना ही जरूरी है जितना की किताबी ज्ञान का होना। अगर आप पढ़ने मे अच्छे है लेकिन आपका शरीर कमजोर है तो ऐसी पढाई का कोई फायदा नहीं है। आधुनिक समाज मे शारीरिक शिक्षा का महत्व भी किताबी ज्ञान के बराबर है।

शारीरिक शिक्षा से तात्पर्य :–

शारीरिक शिक्षा से सीधा तात्पर्य है कि अच्छे स्वास्थ्य के लिए शारीरिक श्रम को महत्व प्रदान करना। शारीरिक शिक्षा शब्द का इस्तेमाल शरीर को स्वस्थ बनाने के लिए की जाने वाली गतिविधियों से है।

आधुनिक समय में शारीरिक शिक्षा का महत्व काफी ज्यादा बढ़ गया है इसलिए लोग अब शारीरिक शिक्षा से जुड़ी बहुत सी क्रियाएँ करने लगे हैं। वे क्रियाएं इस प्रकार है– व्यायाम, खेलकूद, एडवेंचर, स्पोर्टस इसके अलावा व्यक्तिगत स्वास्थ्य और जन स्वास्थ्य भी शारीरिक शिक्षा का ही एक हिस्सा है।

शारीरिक शिक्षा क्यों जरूरी है

शारीरिक शिक्षा के महत्व को हम इस तरह समझ सकते है:–

स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन फा वास होता है। अगर आप शरीर से स्वस्थ नहीं रहेंगे हो आपका मन भी अंदर से दुर्बल महसूस करेगा और कोई भी चीज मे मन भी नहीं लगेगा। अतः कहा जा सकता है कि स्वस्थ शरीर मे ही स्वस्थ मन का वास होता है।शरीर को बीमारियो से लड़ने लायक बनाता है। शारीरिक शिक्षा मानव की बिमारियों से लड़ने के लिए मजबूत बनाता है। यह मनुष्य की इम्युनिटी को अंदर से मजबूत बनाने के लिए जरूरी है। खासतौर पह कोरोना के बाद शारीरिक शिक्षा और महत्व बढ़ गया है।

कमाई का जरिया

शारीरिक शिक्षा आज के समय में कमाने का अच्छा जरिया बन गया है शारीरिक शिक्षा, शिक्षक के रूप किसी भी कॉलेज या विद्यालय में आपना कैरियर बना सकते हैं या फिर आप रहेंगे तो कोई भी काम आसानी कर सकते हैं।

स्कूल या कॉलेजों में शारीरिक शिक्षा का महत्व

- विद्यार्थियों का सम्पूर्ण विकास का माध्यम
- भविष्य में वीरो को तैयार करने का माध्यम
- भविष्य के खिलाड़ियों को तैयार करने का माध्यम
- शारीरिक शिक्षा के बारे में महापुरुषों का कथन
- बाबा रामदेव– एक बीमार शरीर मन को स्वस्थ बनाता है
- अरमन स्पेक्टर दृ हमारे स्वास्थ्य से ज्यादा जरूरी कुछ नहीं है। यह हमारी निजी सम्पति है
- जिम रोन दृ अपनी शरीर की देखभाल करो क्योंकि यह वह जगह है जहाँ हमें रहना है।

निष्कर्ष

शारीरिक शिक्षा ही मानव को हर प्रकार के संघर्ष का सामना करना सीखाती है। शारीरिक शिक्षा ही मानव को किसी भी प्रकार के समस्याओं का सामाधान करना सिखाती है। शारीरिक शिक्षा ही आप में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है, जिसके माध्यम से आप चुनौतियों को भी हँसकर स्वीकार कर लेते है। इंगलिश में कहा गया है "HEALTH IS WEALTH" यानी की "स्वास्थ्य ही धन है।"

Terrorism - A threat to Global peace

Shambhvi
Roll - 28
B.Ed, 2023-25

"it is clear once again that terrorism is a global threat. Terrorism is a threat to peace, freedom, human dignity and civilization. Terrorism is cowardice armed at innocent. It is fed on hatred and cynicism."

Dr Manmohan Singh
(Ex Prime Minister)

Terrorism is in it's broadest sense the use of intentionally indiscriminate violence in order to achieve a political, religious or ideological aim. It is classified as fourth generation warfare and as a violent crime. In modern times, terrorism is considered a major threat to society. There was a time when terrorism was a distant concept and to some extent was confined to the state of Jammu & Kashmir and central India. But now-a-days, no one seems to be safe in this world. No continent, no nation is exceptional to terrorism attacks. Events over the last few years have made terrorism the focus of the world attention. The attack across the world, especially the appalling 9/11 attack in 2001, in which terrorists belonging to a terrorist organization named Al- Qaida group, hijacked four planes and had three of them crash into America's most prominent buildings, namely The Twin Towers of World Trade Centre at New York and the Pentagon at Washington within a span of 60 minutes. The fourth hijacked plane didn't succeed in it's mission as it crashed into a desolate place near Pittsburg, probably after a fight between the passenger and the hijackers. No other event in America's recent history has had so much impact on American establishment, economy and political leadership as this event. Following this, the November 2015 Paris attacks were a series of coordinated terrorist attacks that occured on Friday 13th November 2015 in Paris, France and the city's northern suburb, Saint- Denis. There were total eight explosions in different parts of the city, followed by several mass shootings and suicide bombings. The attackers killed 130 people. The attackers were deadliest on France since World War II. The Islamic state of Iraq and the Levant (ISGL), claimed the responsibility for the attacks. The recent attack by four heavily armed terrorists on 18th September 2016 around 5.30 am, near the town of Uri in the Indian administered state of Jammu and Kashmir, was reported as the heinous attack on Security forces in Kashmir in two decades. No group has claimed the responsibility for the attack though a terrorist group is suspected of being involved in the planning and execution of the attack. India hits out at Pakistan after this attack. So, in order to make this world a better place to live in, countries must come forward to the growing menace i.e. terrorism and stop the violence, fear and bloodshed. It is a mammoth task and certainly not an easy one and nations would have to collaborate and reach consensus on how to achieve their goal of a terror free nation and in turn a terror-free world. Peace is the only lasting solution to many of the problems hampering the nations across the globe.

शिक्षा एवं मानव

रागनी कुमरी
रौल न0 83
बी.एड. 2023–25

बिना शिक्षा का मनुष्य पशुतुल्य है। शिक्षा के अभाव में मनुष्य को न अपने कर्तव्य का बोध होता है, और उसकी आंतरिक और वाह्य शक्तियों का विकास ही हो पाता है। अतः मानव वृत्तियों के विकास तथा आत्मिक शांति के लिए शिक्षा परमाश्यक है। शिक्षा से मनुष्य की बुद्धि परिष्कृत और परिमार्जित होती है। शिक्षा मनुष्य को कर्तव्यबोध कराता है, उसे सत् और असत् के बीच अंतर समझने को विवेक प्रदान करता है। शिक्षा मानव को अज्ञानान्धकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश में विचरण करने हेतु विकसित करता है।

प्रत्येक देश का भविष्य विद्यार्थी होता है, क्योंकि विधार्थी ही देश का भावी नागरिक होता है। देश की आशा और आकांक्षा देश के नवयुवकों पर टिकी होती है नवयुवक की जैसी शिक्षा होगी, देश का भविष्य भी वैसा ही होगा । प्रत्येक देश का उत्थान उसकी शिक्षा और उसके विद्यार्थियों पर आधारित होती है मनुष्य एक ऐसा चेतन संपन्न, तर्कयुक्त और विवेकशील प्राणी है, जो सदा विकास की ओर अगसर होने का प्रयत्न करता है । वह अपनी तथा अपने संतति के स्वावलंबन हेतु प्रयासरत रहता है। मनुष्य की उन्नति अवनति उसके शिक्षा पर निर्भर करती है। विद्यार्थी का परम कर्तव्य विद्याध्ययन ही है, उन्हें अपनी पूरी शक्ति ज्ञानार्जन में ही लगानी चाहिए। देश और समाज के प्रति भी नवयुवकों का कर्तव्य है। देश और समाज का भी इनसे बड़ी अपेक्षा रहती है। विद्यार्थी का समस्त जीवन केवल अपने लिए ही नहीं, समाज और देश के लिए भी है। देश को इन्हीं में से योग्य इंजीनियर, कुशल चिकित्सकों, वैज्ञानिकों, साहित्य मर्मज्ञ विद्वानों, कुशल शिक्षकों और सफल व्यापारियों की तलाश होती है। देश की संपूर्ण उन्नति एवं पूर्ण समृद्धि के लिए इन सब का होना परमावश्यक है। शिक्षा एक ऐसा साधन है, जिससे समाज और देश का सर्वांगीण विकास हो सकता है। कल्पना कीजिए किसी परिवार का अब कोई छात्र कोई बड़ी प्रतियोगिता परीक्षा उत्तीर्ण कर बड़ा अधिकारी बनता है, तो पूरा समाज गौरवान्वित होता है। अब कोई, राजेन्द्र प्रसाद, डा० राधाकृष्णन,ेज्ज अब्दुल कलाम, अमर्त्य सेन, कल्पना चावला जैसा प्रतिभाशाली अपनी प्रतिभा से पूरे विश्व को सुरभित करता है, तो पूरा देश गौरवान्वित होता है। कोई एक छात्र किसी भी क्षेत्र में चाहे वो विज्ञान का क्षेत्र हो, साहित्य का क्षेत्र हो, कला का क्षेत्र हो या खेल अथवा गीत–संगीत का क्षेत्र हो विश्वस्तर पर अपनी प्रतिभा से ख्याति अर्जित करता है तो हमारा देश विश्व पटल पर प्रतिष्ठापित होता है, और तरक्की के रास्ते पर अग्रसर होता है। शिक्षा केवल ज्ञानार्जन नहीं अपितु समस्त शक्तियों का स्वाभाविक, संतुलित और प्रगतिशील विकास है। जितने भी विकसित देश है, या विकसित समाज है, उसका आधार शिक्षा है शिक्षा ऐसी नीव है, जिसपर हम एक सशक्त और समृद्ध जीवन की इमारत खड़ी कर सकते है। शिक्षा हमें 'क्या करना है' और 'क्या नहीं करना है' का विवेक पैदा करता है। जीवन में हमेशा आपकी सफलता आपके निर्णय लेने की क्षमता है पर निर्भर करती है। सात Word हैं, यथा – What,When, Why, Where, How (उच्चारण के अनुसार Wh) Which, Who ये हमेशा मेरे सामने आकर निर्णय लेने की क्षमता की परीक्षा लेती है। यदि हम परीक्षा मे सफल होते है तो जीवन में भी सफल होते हैं। अर्थात शिक्षा ही सफल व्यक्ति, सशक्त और समृद्ध समाज का निर्माण करता है। इतना ही नहीं, समाज में व्याप्त सभी बुराईयो कुरीतियों एवं असमानताओं का उपचार शिक्षा ही है। शिक्षा समाज में एकरसता, एकता एवं अनुशासन का संचार कर एक आदर्श समाज का निर्माण करता है।

सेंट पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में हुआ सत्रारंभ

प्रशिक्षुओं को शिक्षक बनने का दिया गया टिप्स

सेंट पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में काउंसिलिंग

कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि ● जागरण

समस्तीपुर, वि. : संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कालेज वीरसिंहपुर में करियर काउंसिलिंग सेल के तत्वावधान में महाविद्यालय के सभी बीएड और डीएलएड के प्रशिक्षुओं की काउंसिलिंग कराई गई। उद्घाटन कालेज की प्राचार्या डा. रोली द्विवेदी, विभागाध्यक्ष डा. एपी सिंह एवं प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। डीएलएड के विभागाध्यक्ष ने अपने संबोधन में छात्रों को सरकारी नौकरियों का परिचय देते हुए उससे मिलने वाले समस्त लाभ से अवगत कराया। मुख्य अतिथि प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा ने संबोधन में बताया कि हमारे पास नालेज है तो हम कभी भी बेरोजगार नहीं रह सकते हैं। समन्वयक सहायक प्राध्यापक मो. निजामुद्दीन, मीना कुमारी, मिथिलेश कुमार सहित सभी प्राध्यापक उपस्थिति रहे।

शिक्षक प्रशिक्षण कॉ...

अभियान में शामिल लोग।

कल्याणपुर : संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज वीरसिंहपुर में ... जागरूकता दिवस मनाया गया। होमी जहांगीर भाभा कैंसर ... मुजफ्फरपुर के तत्वाधान में प्राचार्या डॉ रोली द्विवेदी एवं वि... सिंह ने छात्र-छात्राओं को कैंसर के कारणों के निदान पर ... मनीष कुमार झा एवं डॉ खुशबू ने कहा कि तम्बाकू आदि ... कारक है। उन्होंने कहा कि अगर आप अपनी गलत आदतों ... किसी प्रकार के कैंसर से बच सकते हैं।

टीचर्स ट्रेनिंग कालेज में संविधान दिवस

कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि ● जागरण

समस्तीपुर, वि. : संत पॉल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज वीरसिंहपुर में संस्था के प्राचार्या डा. रोली द्विवेदी के निर्देशन में कार्यक्रम प्रभारी डीएलएड के विभागाध्यक्ष डा. एपी सिंह के द्वारा संविधान दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शपथ ...ण के साथ भारतीय संविधान की ...िका (प्रस्तावना) का वाचन किया ... संचालन प्राध्यापक आदित्य प्रकाश ने किया। ... प्राध्यापक तह... चंद्रभूषण मिश्र... कुमार, संतो... अर्पणा कुमारी...

प्रशिक्षु शिक्षकों को दिये गये योग के टिप्स

प्रशिक्षु शिक्षकों को कैंसर से बचाव के दिये गये टिप्स

टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज में हुई विज्ञान प्रतियोगिता

कल्याणपुर। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर संत पाल टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज बिरसिंहपुर में मंगलवार को रमन इफेक्ट राष्ट्रीय विज्ञान फ्यूचर ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी एवं इनोवेशन पर विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। मौके पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ.रोली द्विवेदी ने बच्चों के जीवन में साइंस एवं टेक्नोलॉजी की ...मिका पर प्रकाश डाला। प्रतियोगिता में ...थम स्थान अमर कुमार, द्वितीय स्थान ...ालिनी कुमारी को व तृतीय स्थान अंकित कुमार सिन्हा ने प्राप्त किया। उन्हें पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में तहसील आलम कादरी, अर्पणा कुमारी आदि मौजूद थे।

संत पाल के संस्थापक की मनी 77 वीं जयंती

नयी शिक्षा नीति भावी पीढ़ी के लिए उपयोगी

TWO DAY
NATIONAL SEMINAR

EDUCATIONAL TOUR

TWO DAY

GPS Map Camera
kalyanpur birsinghpur, Bihar, India
St. Paul Teacher's Training birsinghpur
samastipur Bihar
Lat 25.941309° Long 85.734134°
28/02/23 01:50 PM GMT +05:30
Google

Amit Memorial Rural Institute For Transformation (AMRIT)
14 फरवरी 2023
आयोजककर्ता
सह-शैक्षिक समिति